CMYK

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 21°C
न्यूनतम: 07°C

लखनऊ, शनिवार 7 फरवरी 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 93 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 18 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मायावती ने की फिल्म घूसखोर पंडत पर प्रतिबंध लगाने की मांग पेज 2



वैभव सूर्यवंशी ने अंडर-19 विश्वकप के फाइनल में सबसे तेज शतक ठोका खेल टाइम्स



चैनलों का खेल खत्म, सरेंडर हो रहे हैं लाइसेंस सम्पादकीय



अमेरिकी नागरिकों को तुरंत ईरान छोड़ने की चेतावनी पेज 12

# 30 सप्ताह की गर्भावस्था समाप्त करने की अनुमति

## सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में एक नाबालिग लड़की के 30 सप्ताह के गर्भ को चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने की अनुमति दे दी। न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा कि कोई भी अदालत किसी महिला को, और विशेष रूप से एक नाबालिग लड़की को, उसकी इच्छा के विरुद्ध गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर नहीं कर सकती है।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने जोर देकर कहा कि गर्भवती लड़की को बच्चे को जन्म देने या नहीं देने के उसके अधिकार को उचित महत्व दिया जाना चाहिए, खासकर तब जब उसका मन नहीं हो कि वह बच्चे को जन्म दे और ऐसी इच्छा उसने साफ साफ शब्दों में बार-बार जाहिर भी की हो। पीठ ने स्पष्ट किया कि मुख्य मुद्दा यह था कि क्या एक नाबालिग को ऐसी गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर किया जा सकता है, जो उसकी मर्जी के बिना है। अदालत ने कहा कि अदालत किसी भी महिला को, नाबालिग बच्चे की तो बात ही छोड़िए, अपनी गर्भावस्था पूरी करने के लिए मजबूर नहीं कर सकती, अगर उसका ऐसा करने का इरादा ही नहीं हो। न्यायालय ने माना कि यह मामला इस पर निर्भर नहीं करता कि गर्भधारण सहमति से बने संबंधों के कारण हुआ था या दुष्कर्म से। वास्तव में फैसला इस बात से तय होगा कि नाबालिग की वह स्पष्ट इच्छा क्या है और उसका मन यही है कि वह बच्चे को जन्म न दे। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने स्वीकार किया कि हालांकि एक बच्चे का जन्म अंततः एक जिंदगी को दुनिया में लाना है, लेकिन इस मामले में नाबालिग की स्पष्ट अनिच्छा सबसे महत्वपूर्ण कारक है। उच्चतम न्यायालय ने मुंबई के जेजे अस्पताल को निर्देश दिया कि वे सभी आवश्यक चिकित्सा संबंधी उपायों का पालन करते हुए गर्भावस्था के चिकित्सकीय समापन की प्रक्रिया शुरू करें। यह फैसला भारत में गर्भपात कानून के तहत 'प्रजनन अधिकारों' की व्याख्या में एक मील का पत्थर माना जा रहा है। कारण यह है कि 24 सप्ताह की कानूनी सीमा के बाद भी विशेष परिस्थितियों में अदालत ने इस लड़की की पसंद को प्राथमिकता दी है। उल्लेखनीय है कि मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी संशोधन अधिनियम 2021 के अनुसार गर्भपात की समय सीमा को विभिन्न श्रेणियों में निर्धारित किया गया है। सामान्य परिस्थितियों में सभी महिलाओं के लिए 20 सप्ताह तक के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति है, मगर इसके लिए डॉक्टर की सलाह आवश्यक है। विशेष श्रेणियों की महिलाओं जैसे कि दुष्कर्म का शिकार बनी लड़कियां, नाबालिग, विधवाओं, दिव्यांगों या गंभीर बीमारी से पीड़ित महिलाओं के लिए यह सीमा 24 सप्ताह तक निर्धारित है और इसके लिए दो डाक्टरों की इजाजत अनिवार्य है। यदि गर्भ में पल रहे भ्रूण को गंभीर बीमारी है, तो राज्य स्तरीय मेडिकल बोर्ड की अनुमति के बाद 24 सप्ताह के बाद भी गर्भपात कराया जा सकता है।

**शीर्ष अदालत ने 'प्रजनन स्वायत्तता' को दी प्राथमिकता**



### दल-बदल मामला: तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष को दी अवमानना की चेतावनी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष को अंतिम चेतावनी देते हुए निर्देश दिया है कि वे भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायकों के कांग्रेस में शामिल होने संबंधी शेष अयोग्यता याचिकाओं पर तीन सप्ताह के भीतर 'सकारात्मक' रूप से निर्णय लें। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि अगर इस समय सीमा का पालन नहीं किया गया, तो उनके विरुद्ध अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाएगी। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ शुक्रवार को 31 जुलाई 2025 के अपने उस आदेश के अनुपालन की समीक्षा कर रही थी, जिसके तहत अध्यक्ष को कांग्रेस में शामिल होने वाले बीआरएस के 10 विधायकों की अयोग्यता पर निर्णय लेने के लिए तीन महीने का समय दिया गया था।

# रेपो रेट में बदलाव नहीं, लोन महंगा नहीं होगा

मुंबई,वार्ता

**आरबीआई ने** इस बार रेपो रेट में बदलाव नहीं किया है। इसे 5.25 फीसदी पर बरकरार रखा है। यानी लोन महंगे नहीं होंगे और आपकी ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी।

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 6 फरवरी को मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग में लिए फैसलों की जानकारी दी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी, आरबीआई ने दिसम्बर में ब्याज दर 0.25 फीसदी घटाकर 5.25 फीसदी की थीं। आरबीआई जिस रेट पर बैंकों को लोन देता है उसे रेपो रेट कहते हैं। जब आरबीआई रेपो रेट घटाता है, तो बैंकों को सस्ता कर्ज मिलता है और वो इस फायदे को ग्राहकों तक पहुंचाते हैं। 2025 में चार बार में 1.25 फीसदी की कटौती की गई थी। रिजर्व बैंक ने एक नया फ्रेमवर्क लाने का प्रस्ताव रखा है, जिसके तहत छोटे अमाउंट वाले फ्रॉड ट्रांजैक्शन में नुकसान झेलने वाले ग्राहकों को 25 हजार तक का मुआवजा दिया जाएगा। गवर्नर मल्होत्रा ने कहा कि आप सभी जानते हैं कि हाल के दिनों में कई धोखाधड़ी वाले ट्रांजैक्शन हुए हैं, जिन्हें रोकने के लिए रिजर्व बैंक ने कई कदम उठाए हैं। इसी सिलसिले में हम डिजिटल पेमेंट की सुरक्षा बढ़ाने के उपायों पर एक डिस्कशन पेपर भी जारी करने वाले हैं।



- ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी
- आरबीआई ने ब्याज दर 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखी

### लोन-रिकवरी एजेंट अब ग्राहकों को परेशान नहीं कर सकेंगे

**मुंबई।** बैंक से लोन लेने वाले और डिजिटल ट्रांजैक्शन करने वाले करोड़ों ग्राहकों के लिए राहत की खबर है। आरबीआई ने लोन रिकवरी एजेंटों की मनमानी और बैंकों द्वारा की जा रही मिस-सेलिंग पर लगाम लगाने के लिए सख्त गाइडलाइंस लाने का फैसला किया है। शुक्रवार को एमपीसी)0 की बैठक के बाद आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बताया कि केंद्रीय बैंक तीन नए ड्राफ्ट रेगुलेशन जारी करने जा रहा है। इनका मकसद ग्राहकों की सुरक्षा को मजबूत करना और बैंकों की जवाबदेही तय करना है। इन नियमों के लागू होने के बाद रिकवरी एजेंट ग्राहकों को डरा-धमका नहीं पाएंगे और न ही बैंक आपको ऐसा इंश्योरेंस या लोन दे पाएंगे, जिसकी आपको जरूरत नहीं है।

# इस्लामाबाद की शिया मस्जिद में धमाका, 31 मरे



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद की एक मस्जिद में आत्मघाती हमला किया गया। शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान तरलाई इलाके की इमाम बारगाह खदीजत-उल-कुबरा में जोरदार धमाका हुआ। इस विस्फोट में कई लोगों के हताहत होने की खबर है। ब्लास्ट के बाद पूरे शहर में इमरजेंसी लगा दी गई है।

पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फितना अल-ख्वारिज से जुड़े हमलावर ने गेट पर रोके जाने के बाद खुद को उड़ा लिया था। जहां यह धमाका हुआ है वो शिया मस्जिद है। इस धमाके में 31 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 169 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। घटना के बाद पूरे इलाके को सुरक्षा बलों ने घेर लिया है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक यह धमाका एक सुसाइड बॉम्बिंग यानी आत्मघाती हमला था। यह हमला ऐसे वक्त हुआ है, जब उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव पाक की दो दिन की आधिकारिक यात्रा पर हैं। इस्लामाबाद कैपिटल टेरिटरी पुलिस के -शेष पृष्ठ दो पर

- जुमे की नमाज के दौरान हुआ हमला
- फितना अल-ख्वारिज से जुड़े हमलावर ने गेट पर रोके जाने के बाद खुद को उड़ाया

# उत्तराखंड-नेपाल बॉर्डर पर बारात की बस गहरी खाई में गिरी, 13 की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**पिथौरागढ़ ( उत्तराखंड )।** जनपद पिथौरागढ़ के झूलाघाट कस्बे में भारतीय सीमा से लगे नेपाल के बैतड़ी में गुरुवार (5 फरवरी) को देर रात्रि भीषण सड़क हादसा हुआ। हादसे में 13 बारातियों की मौत हो गई, जबकि 34 गंभीर घायल हो गए।

घायलों में कई की हालत नाजुक बताई जा रही है। मौत का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। बताया जा रहा है कि बस बारात को लेकर बैतड़ी से बजांग जा रही थी। गुरुवार देर रात्रि बैतड़ी के पुरचूंणी नगरपालिका भवने गांव से दुल्हन लेकर बजांग के सुनकुडा जा रही बस पुरचूंणी के बड़गांव मोड़ पर अनियंत्रित होकर करीब 150 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई। 34 लोग गंभीर घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में रेस्क्यू कर नजदीकी हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। कई घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है। जिला प्रहरी कार्यालय बैतड़ी के प्रहरी, प्रवक्ता निरीक्षक बलदेव बड़ू ने बताया कि गुरुवार रात के समय नेपाल एपीएफ, प्रहरी व स्थानीय जनता द्वारा यात्रियों का रेस्क्यू किया गया। प्रहरी प्रवक्ता निरीक्षक बलदेव बड़ू ने बताया कि बस दुर्घटना में 6 बारातियों की घटनास्थल में ही मौत हो गई थी।5 बारातियों की डडेलधुरा अस्पताल में और 2 बारातियों की कोटिला अस्पताल में मौत हो गई। साथ ही घायलों में कुछ और बारातियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे में बस चालक सामान्य घायल बताया जा रहा है। घायल बस चालक कंचनपुर के भीमदत्त नगरपालिका 7 निवासी विरेंद्र बुढ़ा को प्रहरी ने अपने नियंत्रण में ले लिया है। प्रथमदृष्ट्या में बस दुर्घटना का मुख्य कारण ओवरलोडिंग वर बस ओवरलोडिंग के कारण चढ़ाई में नहीं चढ़ पाना बताया जा रहा है। घायल बारातियों का डडेलधुरा अस्पताल में इलाज दिया जा रहा है, जबकि गंभीर घायलों को बेहतर इलाज के लिए धनगढ़ी भेजा गया है।

- 34 लोग घायल, कई की हालत गंभीर, गुरुवार देर रात हुआ हादसा

### दुर्घटना में मरने वालों के नाम

केशव राज जोशी (40), अशोक राज जोशी (13), बसंत राज जोशी, बिष्णु दत्त जोशी (41), नरेश राज जोशी (42), बिशन दत्त जोशी (17), दीपक जोशी (28), किशन जोशी (46), (ये सभी बजांग बित्थड चीर गांव पालिका 7 निवासी), मोहन देव भट्ट (60), बजांग केदारस्यु गांव पालिका निवासी, केशव भट्ट (27), बजांग केदारस्यु गांव पालिका निवासी, बसंत राज रतला (40), निवासी बजांग जय पृथ्वी नगर पालिका 7. पुष्पा अवस्थी (40), निवासी बैतड़ी पुरचूंणी नगरपालिका 7. सुशील जोशी, बैतड़ी पुरचूंणी नगरपालिका 7 निवासी

## संक्षिप्त समाचार

### युवराज मौत मामला : हाईकोर्ट ने दिया बिल्डर अभय कुमार की रिहाई का आदेश

**प्रयागराज।** उप्र के नोएडा में सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की गडढे में गिरने से हुई मौत के मामले में गिरफ्तार बिल्डर अभय कुमार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने तत्काल रिहा करने का आदेश दिया है। न्यायाधीश सिद्धार्थ और न्यायाधीश जय कृष्ण उपाध्याय की खंडपीठ ने हैबियस कॉर्पस याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश जारी किया। याचिकाकर्ता अभय कुमार ने अपनी गिरफ्तारी, हिरासत और रिमांड को अवैध घोषित किए जाने तथा अवैध हिरासत से मुक्त करने की मांग की थी।

### आंतरिक रिक्ति के लिए आईपीएस मीणा का दावा खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को तमिलनाडु कैडर के 2004 बैच के आईपीएस अधिकारी की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने उसी चयन वर्ष के लिए राजस्थान कैडर में एक आंतरिक रिक्ति के आवंटन की मांग की थी। अदालत ने कहा कि इस तरह के विलंबित दावों पर विचार नहीं किया जा सकता, क्योंकि वे कैडर आवंटन की व्यवस्था को अस्थिर कर देंगे।

# जन सुराज पार्टी की याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को प्रशांत किशोर के नेतृत्व वाली जन सुराज पार्टी द्वारा बिहार विधानसभा चुनाव, 2025 को चुनौती देने वाली रिट याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया, जिसमें उन्होंने राज्य में नए सिरे से चुनाव कराने का निर्देश देने की मांग की थी।

जब पीठ ने मामले पर सुनवाई करने में अनिच्छा व्यक्त की, तो याचिकाकर्ता ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी और उच्च न्यायालय में अपील करने की स्वतंत्रता मांगी। उन्हें यह स्वतंत्रता प्रदान करते हुए, मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने याचिका को वापस लिया हुआ मानकर खारिज कर दिया। इस रिट याचिका को संविधान के अनुच्छेद 32 के अंतर्गत दायर किया गया था।

- बिहार में नए सिरे से चुनाव कराने की थी मांग

# भारत ने छठी बार जीता अंडर-19 विश्वकप

### इंग्लैंड को फाइनल में 100 रनों से हराया

**नई दिल्ली।** भारतीय अंडर-19 टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया और छठी बार विश्व कप का खिताब जीत लिया। भारत ने इंग्लैंड को फाइनल में 100 रनों से हराया। भारत ने इंग्लैंड के सामने 412 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में इंग्लिश टीम 40.2 ओवर में 311 रन पर सिमट गई।

टीम इंडिया के लिए वैभव सूर्यवंशी फाइनल के सुपरस्टार रहे। उन्होंने 80 गेंद में 175 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। वहीं, इंग्लैंड की ओर से कैलब फाल्कनर ने शतक जड़ा, लेकिन टीम को नहीं जिता पाए। फाल्कनर ने 67 गेंद पर 115 रन की पारी खेली। भारत पूरे टूर्नामेंट के दौरान अजेय रहा और ग्रुप चरण से लेकर फाइनल मुकाबले तक कोई टीम आयुष म्हात्रे की अगुआई वाली टीम को हरा नहीं सकी। भारत के लिए वैभव सूर्यवंशी, आयुष म्हात्रे और अभिज्ञान कुंडू ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान -शेष पृष्ठ दो पर




# छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर मुठभेड़, तीन नक्सली ढेर

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबल के जवानों और नक्सलियों के बीच एक बार फिर से मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में तीन नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की गई है। मुठभेड़ बीजापुर और महाराष्ट्र के बॉर्डर में हुई है।

इस ऑपरेशन में छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के सुरक्षाबलों की टीम संयुक्त रूप से शामिल हैं। छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर नक्सलियों की मौजूदगी के बाद ऑपरेशन शुरू किया गया था। महाराष्ट्र पुलिस के अनुसार, जवानों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 3 नक्सली ढेर हुए। वहीं महाराष्ट्र का एक जवान शहीद हो गया। 6 फरवरी की सुबह अबूझमाड़ के जंगल में दोनों ओर से गोलीबारी शुरू हुई। जिसमें 3 नक्सली मारे गए हैं।

- महाराष्ट्र का एक जवान शहीद

# धामपुर में फर्जी आईबी डिप्टी कमिश्नर गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** खुद को इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) का डिप्टी कमिश्नर बताकर बिजनौर जनपद के पुलिस अधिकारियों, प्रशासनिक सरकारी अधिकारियों के अमले पर रौब गांठने वाले शातिर व्यक्ति को मेरठ एसटीएफ ने धामपुर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान मनोज कुमार पुत्र नरेंद्र कुमार निवासी ग्राम त्रिलोकवाला, थाना नगीना के रूप में हुई है। वह नगीना मार्ग स्थित गुलमोहर रेस्टोरेंट के पास बीते करीब पांच वर्षों से किराए के मकान में रह रहा था।

शासन स्तर पर शिकायत पहुंचने के बाद मामले की गोपनीय जांच कराई गई। जांच में सामने आया कि आरोपी लगातार खुद को आईबी का बड़ा अधिकारी बताकर अधिकारियों पर अपने पक्ष में कार्रवाई कराने का दबाव बनाता रहा। इसके बाद मेरठ एसटीएफ की टीम ने इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार के नेतृत्व में धामपुर पहुंचकर उसे हिरासत में लिया। फिलहाल आरोपी से कोतवाली में पूछताछ जारी है और उसके संपर्कों की भी जांच की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बीते 24 दिसम्बर को मनोज की पत्नी अपर्णा का ईदगाह के सामने एक्सीडेंट हो गया था। गंभीर हालत में उसे मुरादाबाद ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद मनोज ने खुद को आईबी का डिप्टी कमिश्नर बताते हुए बिजनौर के आला पुलिस अधिकारियों समेत अन्य अधिकारियों -शेष पृष्ठ दो पर



- एसटीएफ मेरठ ने किया खुलासा, पुलिस अफसरों और नेताओं पर रौब गांठ कर वर्षों से बनाता रहा दबाव, नेटवर्क खंगाल रही एसटीएफ

### दवाइयों का होलसेल कारोबार, डाक्टरों से भी जान-पहचान

बताया जा रहा है कि मनोज गुलमोहर रेस्टोरेंट के पास गली में स्थित रिटायर्ड कानूनगो के मकान मे किराए पर रहता था। दवाइयों का होलसेल कारोबार करता था। धामपुर के कई निजी चिकित्सकों और मेडिकल स्टोर संचालकों से उसके संपर्क थे। चिकित्सकों से भी वह खुद को आईबी अधिकारी बताकर जान-पहचान बनाता था, जिससे उसका रौब और प्रभाव बना रहता था।

### खुफिया तंत्र पर उठे सवाल

पिछले पांच वर्षों से धामपुर में रह रहे मनोज की पत्नी स्थानीय एक निजी अस्पताल में कार्यरत थी और उसका मायका भी धामपुर क्षेत्र के एक गांव में बताया जा रहा है। इसके बावजूद स्थानीय पुलिस और जिले का खुफिया विभाग उसकी गतिविधियों को समय रहते पकड़ नहीं सका। गैर जनपद मेरठ से आई एसटीएफ टीम द्वारा की गई कार्रवाई के बाद ही पूरे मामले का पर्दाफाश हो सका। एसटीएफ आरोपी के नेटवर्क, लेन-देन और संपर्कों की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी ने किन-किन मामलों में फर्जी अधिकारी बनकर दबाव बनाया, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

# दिल्ली: सड़क पर खुदे गड्ढे में गिरकर बाइक सवार की मौत

**नई दिल्ली।** वेस्ट दिल्ली के जनकपुरी इलाके में दिल्ली जल बोर्ड की कंस्ट्रक्शन साइट पर खोदे गए 15 फीट गहरे गड्ढे में गिरने से एक मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। हादसा गुरुवार देर रात को हुआ। मृतक की पहचान कैलाशपुरी निवासी कमल भयानी (25) के रूप में हुई है, जो एक प्राइवेट बैंक के कॉल सेंटर में काम करता था। सुबह करीब 8 बजे पीसीआर कॉल मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के मुताबिक गड्ढा डीजेबी ने कंस्ट्रक्शन के लिए खोदा था और सड़क कुछ दिनों से बंद थी। पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। कैबिनेट मंत्री परवेश साहिब सिंह वर्मा ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड के तीन अधिकारियों को सस्पेंड किया गया है। इनमें एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, असिस्टेंट इंजीनियर और जूनियर इंजीनियर शामिल हैं। साथ ही प्रोजेक्ट कंपनी पर कार्रवाई होगी और डीजेबी पीड़ित परिवार को मुआवजा देगा।

# प्रधानमंत्री पद पर बैठा व्यक्ति मनोबल टूटने पर ही बोलेगा अपशब्द

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए कहा है कि इस पद पर बैठा व्यक्ति यदि अपशब्द और असत्य बोलने लगता है, तो इसका सीधा मतलब यही होता है कि उनमें कोई हताशा है, जिसके कारण उनका मनोबल टूट गया है।

खड़गे ने प्रधानमंत्री के राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर गुरुवार को दिए गए जवाब पर एक वीडियो पोस्ट में शुक्रवार को कहा कि मोदी ने 97 मिनट पर अपना भाषण दिया और इसमें वह सब असत्य ही दोहराते रहे हैं। जब हमने अभिभाषण पर अपनी बातें रखी उनका भी प्रधानमंत्री ने जवाब नहीं दिया। वह सिर्फ 100 साल, 75 साल, 50 साल की बात करते रहे। इसका मतलब यही है कि मोदी के पास हमारे पूछे गए सवालों का जवाब देने की शक्ति ही नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मोदी कांग्रेस पर सिखों का अपमान करने का आरोप लगा रहे हैं,



■ हमारे पूछे गए सवालों का जवाब देने की ताकत नहीं: खड़गे

जबकि सच यह है कि उन्होंने खुद सिखों का अपमान किया है। मोदी ने खुद पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह का अपमान किया था। दरअसल सिखों का अपमान तो प्रधानमंत्री ने किया है। मोदी ने कहा कि हमने सिखों का अपमान किया। मतलब सदन के बाहर दो लोगों की बातचीत हुई, उसे सिखों का अपमान कह दिया गया। उनका कहना था कि कांग्रेस सिखों का बहुत आदर करती है, कांग्रेस सरकार में डा. मनमोहन सिंह वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री बने थे, लेकिन श्री मोदी न सिखों का आदर करते हैं, न दलितों का और न ही आदिवासियों का। खड़गे ने ये बातें दिखाती हैं कि श्री मोदी का मनोबल टूट चुका है, उनकी रौनक कम हो गई है। वे कहते हैं मुझे गालियां देते हैं, दो किलो गालियां दीं, एक कुंतल गालियां दीं तो क्या गालियां तोलते हैं। उन्होंने मुझे तो बहुत गालियां दी हैं। और खुद के लिए कहते हैं दो-दो किलो, एक-एक कुंतल गालियां मुझे देते हैं और ये क्या है। प्रधानमंत्री पद पर बैठा इंसान अगर लोकतंत्र और देश के लिए अपशब्द कहे, तो ये अच्छी बात नहीं है। उन्होंने लोकसभा में पूर्व सेना प्रमुख नरवणे की पुस्तक के अंश पढ़ने नहीं देने का भी जिक्र किया और कहा ष्वे कहते हैं कि किताब छपी ही नहीं है। जब नरवणे जी की किताब हमें मिल गई, तो सत्ता में बैठे लोगों को कैसे नहीं मिली। वे संसद में कह रहे हैं कि किताब अभी प्रकाशित ही नहीं हुई है। अमित शाह हो या राजनाथ सिंह सभी ने बार-बार किताब न होने की बात की, लेकिन असलियत में किताब मौजूद है। जब नरवणे जी की किताब के बारे में राहुल गांधी ने संसद में बोला, तो पूरे सत्ता पक्ष को जाने क्यों बुरा लगा।

# 'घूसखोर पंडत' पर लगे प्रतिबंध: मायावती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने वेब सीरीज 'घूसखोर पंडत' में 'पंडित' शब्द को लेकर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी पर कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने इसे बेहद दुखद और चिंताजनक बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश ही नहीं, अब फिल्मों के माध्यम से भी एक विशेष वर्ग का अपमान किया जा रहा है, जिससे पूरे देश में आक्रोश व्याप्त है।

मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि फिल्म में 'पंडित' को 'घुसपैठिया' बताकर पूरे ब्राह्मण समाज का अपमान और अनादर किया गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की जातिसूचक टिप्पणियां सामाजिक सौहार्द को



नुकसान पहुंचाने वाली हैं और इन्हें किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। बसपा प्रमुख ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उनकी पार्टी इस तरह की टिप्पणी की कड़ी निंदा करती है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि ऐसी जातिसूचक और समाज को बांटने वाली फिल्म पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए, ताकि सामाजिक तनाव को रोका जा सके। मायावती ने कहा कि संविधान सभी वर्गों को सम्मान और समानता का अधिकार देता है, ऐसे में किसी भी माध्यम से किसी समाज को अपमानित करना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि कानून-व्यवस्था और सामाजिक समरसता के लिए भी घातक है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस मामले में त्वरित और कठोर कार्रवाई करने की अपील की।

## पदाधिकारियों की अहम बैठक आज

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने शनिवार को पार्टी संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। इस बैठक में उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों को बुलाया गया है। पार्टी की तरफ से एक आधिकारिक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी गई है। बैठक से पूर्व मायावती मीडिया को संबोधित करेंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पीडीए पाठशाला को जनआंदोलन में बदलने का आह्वान

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि 'पीडीए पाठशाला' के सांकेतिक आंदोलन को अब वास्तविक और जमीनी जनआंदोलन में बदलना होगा। तभी शोषित-वंचित समाज की आने वाली पीढ़ियां पढ़-लिखकर आगे बढ़ सकेंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की शिक्षा-विरोधी सोच के कारण प्रदेश में सरकारी स्कूलों को बंद कराया जा रहा है। अखिलेश यादव ने अपने बयान में कहा है कि भाजपा जानती है कि शिक्षा से लोगों में जागरूकता और वैज्ञानिक चेतना आती है, जो उसकी दक़ियानूसी, रूढ़िवादी और संकीर्ण सोच के लिए खतरा है। इसी वजह से भाजपा शिक्षा, ज्ञान-विज्ञान के खिलाफ रहती है और उसके संगी-साथी बच्चों को एकरंगी नकारात्मक विचारधारा में ढालना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों से शिक्षा और तालीम का अधिकार छीनना एक गंभीर सामाजिक अपराध है, जिसका सबसे ज्यादा नुकसान पीडीए समाज को ही उठाना पड़ेगा।

### योगी ने लता को पुण्यतिथि पर दी विनम्र श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय संगीत को अपनी दिव्य स्वर-साधना से विश्व पटल पर प्रतिष्ठित करने वाली स्वर कोकिला, 'भारत रत्न' लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि लता मंगेशकर का अद्वितीय गायन और संगीत के प्रति उनका आजीवन समर्पण कला जगत के लिए एक अमूल्य धरोहर है। उनकी मधुर वाणी और संगीत साधना सदैव हमारे हृदयों में जीवंत रहेगी तथा आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती रहेगी।

# यूपी में दावे व आपत्तियों की तारीख एक महीने बढ़ी

**लखनऊ, वार्ता**

■ अब 10 अप्रैल को आएगी फाइनल वोटर लिस्ट: रिणवा

यूपी में एसआईआर पर दावे और आपत्तियों की तारीख एक महीने तक बढ़ा दी गई है। अब 6 फरवरी की जगह 6 मार्च तक फॉर्म-6 और फॉर्म-7 जमा करवाया जा सकता है। नोटिस की सुनवाई की प्रक्रिया 27 मार्च तक चलेगी, इसके बाद 10 अप्रैल को इलेक्शन कमीशन की तरफ से फाइनल मतदाता सूची जारी की जाएगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में 27 अक्टूबर को एसआईआर की प्रक्रिया की शुरुआत की गई थी। घर-घर जाकर बीएलओ की तरफ से गणना का काम 4 नवंबर से शुरू किया गया था, फिर 6 जनवरी को मतदाता सूची का ड्राफ्ट जारी किया गया था। नवदीप रिणवा ने बताया कि राजनीतिक दलों और नागरिकों की अपील पर चुनाव आयोग ने समय बढ़ाने का निर्णय लिया है। हमारा लक्ष्य है कि मतदाता सूची पूरी तरह से सटीक और समावेशी बने। पहले दावा-आपत्ति की अवधि 6 फरवरी में समाप्त हो रहा था, लेकिन अब यह मार्च तक बढ़ा दिया गया है। विसंगतियों और नोटिस के जवाब का निपटारा 27 मार्च 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। विदेश में रह रहे नागरिक भी फॉर्म 6। भरकर मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं। नवदीप रिणवा ने कहा कि प्रदेश में देश की सबसे बड़ी मतदाता संख्या है। यहां लगभग 15 करोड़ से अधिक वोटर हैं है। एसआईआर 2026 की प्रक्रिया पिछले साल से चल रही है। एसआईआर का उद्देश्य पुरानी सूचियों से लिंकिंग, डुप्लीकेट नाम हटाना और नई एंट्रीज को सुनिश्चित करना है।

## विधानसभा चुनाव से पहले सभी दल पूरी ताकत के साथ तैयारियों में जुटे

# चुनाव से पूर्व यूपी भाजपा में अंतर्विरोधों की आहट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सभी राजनीतिक दल पूरी ताकत के साथ तैयारियों में जुटे हैं। इसी बीच सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के भीतर उभरते विरोधी सुरों ने पार्टी नेतृत्व की चिंता बढ़ा दी है। जनप्रतिनिधियों बनाम अधिकारियों और सरकार बनाम संगठन के बीच खिचती रेखा अब सार्वजनिक बहस का विषय बनती जा रही है। 30 जनवरी को महोबा में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और स्थानीय भाजपा विधायक बृजभूषण राजपूत के बीच सड़क पर हुआ तीखा विवाद इसी अंतर्विरोध का ताजा उदाहरण माना जा रहा है। हालांकि पार्टी नेतृत्व ने इसे मामूली घटना बताया, लेकिन सियासी गलियारों में इसे सत्ता और संगठन के बीच असंतुलन की एक



■ सरकार-संगठन के बीच खिंचती रेखा बनी चुनौती, विरोधी सुरों ने पार्टी नेतृत्व की चिंता बढ़ाई

कड़ी के रूप में देखा जा रहा है। महोबा में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और भाजपा विधायक बृजभूषण राजपूत के बीच हुई तीखी नोकझोंक को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने संक्षिप्त प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने कहा कि पूरा मामला पार्टी के संज्ञान में है। इस मामले में दोनों नेताओं से बात कर ली गई है। हालांकि यह पहला मौका नहीं है जब भाजपा के भीतर अनुशासन की दीवार में दरार दिखाई दी हो। बीते कुछ वर्षों में ऐसे कई प्रसंग सामने आए हैं, जब जनप्रतिनिधियों की महत्वाकांक्षा और प्रशासनिक कार्यशैली को लेकर असंतोष खुलकर सामने आया। इससे पहले जुलाई 2022 में जलशक्ति राज्यमंत्री दिनेश खटीक द्वारा अधिकारियों पर उपेक्षा और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए सार्वजनिक रूप से इस्तीफा देना, इसी बेचैनी का बड़ा संकेत था। हालांकि बाद में मामला संभाल लिया गया, लेकिन तब यह संदेश साफ चला गया कि अंदरखाने सब कुछ ठीक नहीं है। 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी पार्टी के भीतर कलह खुलकर सामने आई थी। मुजफ्फरनगर सीट से चुनाव लड़ रहे केंद्रीय मंत्री डा. संजीव बालियान और भाजपा के पूर्व विधायक संगीत सोम के बीच चली तीखी जुबानी जंग का असर कई सीटों पर पड़ा। चुनाव परिणाम आने के बाद सहारनपुर से भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा ने खुले तौर पर अपनी हार के लिए पार्टी के ही मंत्री और विधायक पर आरोप लगाकर सियासी तापमान और बढ़ा दिया।

## खींचतान खुलकर आने लगी सामने

उत्तर प्रदेश की सियासत में सत्ताधारी भाजपा के भीतर ही नहीं, बल्कि भाजपा और उसके सहयोगी दलों के मंत्रियों के बीच भी खींचतान खुलकर सामने आने लगी है। ताजा मामला कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर और अनिल राजभर के बीच बढ़ते टकराव का है, जो अब सार्वजनिक मंचों तक पहुंच गया है। दोनों नेता न सिर्फ एक ही जाति से आते हैं, बल्कि एक ही इलाके के निवासी हैं और योगी सरकार में कैबिनेट स्तर के मंत्री भी हैं। लंबे समय से चली आ रही आपसी अदावत अब तीखी बयानबाजी में बदलती दिख रही है। कुछ दिन पहले अनिल राजभर एक कार्यक्रम में भाषण दे रहे थे, तभी पीला गमछा पहने कुछ लोगों ने नारेबाजी शुरू कर दी। इससे नाराज मंत्री अनिल राजभर ने नारेबाजी कर रहे लोगों को ओम प्रकाश राजभर का समर्थक बताते हुए कहा कि जैसा इनका नेता चोर है, वैसे ये भी चोर हैं। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए ओम प्रकाश राजभर ने अनिल राजभर पर पलटवार करते हुए कहा कि उंगली उठाने वाले 23 साल पहले लोहे की दुकान चलाते थे और चोरी करते थे।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 83580.40
निफ्टी 25693.70



सोना 151489
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार | देश



चांदी रु. 241184
प्रति किलो



# एफएमसीजी, निजी बैंकों में लिवाली से चढ़े प्रमुख सूचकांक

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को शुरुआती गिरावट के बाद एफएमसीजी और निजी बैंकों के शेयरों में तेजी रही और प्रमुख सूचकांक हरे निशान में बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 266.47 अंक (0.32 प्रतिशत) ऊपर 83,580.40 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 50.90 अंक चढ़कर 25,693.70 अंक पर बंद हुआ। सुबह सेंसेक्स एक समय 388 अंक टूट गया था, लेकिन रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मौद्रिक नीति बयान से उत्साहित निवेशकों की लिवाली से दोपहर बाद लिवाली से यह 288 अंक चढ़



गया था। केंद्रीय बैंक ने रेपो तथा दूसरी नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं किया है, लेकिन आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने साफ कहा कि लंबे समय तक रेपो दर निचले स्तर पर बनी रहेगी। नीतिगत स्तर पर रिजर्व बैंक ने एमएसएमई के लिए रेहन-मुक्त ऋण की सीमा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने की घोषणा की। बड़ी कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में बिकावाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.36 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.27 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। एफएमसीजी सेक्टर का सूचकांक 2.27 प्रतिशत चढ़ा। निजी बैंक, रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और तेल एवं गैस समूहों के सूचकांकों में भी तेजी रही। वहीं निफ्टी आईटी सूचकांक 1.47 प्रतिशत लुढ़क गया। फार्मा, ऑटो, सार्वजनिक बैंकों, स्वास्थ्य और रसायन समूहों में भी गिरावट रही। एनएसई में जिन 3,242 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें 1,781 के शेयर लाल निशान में और 1,340 के हरे निशान में बंद हुए। अन्य 121 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार.चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 13 के शेयर हरे निशान में रहे।

# चांदी सस्ती, सोना भी 1.51 लाख पर आया

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 6 फरवरी को गिरावट देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत आज 13,155 रुपए गिरकर 2,41,184 रुपए प्रति किलो पर आ गई है। इससे पहले इसकी कीमत 2,54,339 रुपए थी। दो दिन में ये 41,278 रुपए सस्ती हो चुकी है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव आज 1,013 रुपए कम होकर 1,51,489 रुपए पर आ गया है। इससे पहले ये 1,52,502 रुपए पर था। सोना दो दिन में 6,669 रुपए सस्ता हुआ है। सर्राफा बाजार में सोने ने 29 जनवरी को 1,76,121 और चांदी ने 3,85,933 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। सोने-चांदी की बढ़ती-घटती कीमतों पर न केवल निवेशकों की नजर है, बल्कि शादी-ब्याह के सीजन के बीच आम खरीदार भी उहापोह में हैं। चांदी की कीमतों में लगातार बदलाव हो रहे हैं। आज फिर से मुनाफावसूली देखी गई है। हालांकि निवेशकों ने खरीदारी पर भी फोकस किया है। आज लखनऊ में सोने की कीमत की बात करें तो 24 कैरेट सोने का भाव 1,52,400 रुपये/10 ग्राम चल रहा है। 22 कैरेट सोने का दाम 1,39,800 रुपये/10 ग्राम और 18 कैरेट सोने का दाम 1,14,310 रुपये/10 ग्राम चल रहा है। वहीं, भागलपुर में 24 कैरेट सोने का भाव 1,52,400 रुपये/10 ग्राम चल रहा है।

# चावल, गेहूं सस्ता, दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल के औसत भाव घट गए। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी रही। चीनी के दाम कमोबेश गत दिवस के स्तर पर ही टिके रहे। दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 14 रुपये घटकर 3,851 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं भी 16 रुपये टूट गया और 2,854 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 13 रुपये सस्ता हुआ।

दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 49 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल सात रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल 16 रुपये और मूंग दाल 15 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। उड़द दाल में आठ रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में



पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 53 रिंगिट टूटकर 4,153 रिंगिट प्रति टन रह गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा भी 0.68 प्रतिशत की गिरावट में 55.27 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल औसतन 28 रुपये और वनस्पति 22 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सरसों तेल की कीमत 51 रुपये और पाम ऑयल की 44 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंगफली तेल 25 रुपये और सोया तेल 24 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 27 रुपये प्रति क्विंटल घट गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**इस्लामाबाद की ...**

प्रवक्ता तकी जवाद ने कहा कि धमाके की प्रकृति का पता लगाना अभी जल्दबाजी होगी और फोरेंसिक टीमों को यह तय करना होगा कि यह आत्मघाती हमला था या प्लांट किया गया बम। धमाके के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। लोग अपनी जान बचाते हुए इधर-उधर भागते दिखे। सूचना मिलते ही फौरन पुलिस और रेस्क्यू टीमें पहुंची और राहत व बचाव कार्य में जुट गए। घटना से जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आई हैं, जिसमें लोग इमाम बारगाह की जमीन पर बेसुध पड़े हैं। वहीं कुछ लोग एक दूसरे की मदद करते दिखाई दिए। सुरक्षा एजेंसियों ने इमाम बारगाह और आसपास के पूरे इलाके की घेराबंदी करते हुए कड़ी निगरानी रखी जा रही है। राजधानी के पॉलीक्लिनिक, पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीआईएमस), और सीडीए अस्पताल में इमरजेंसी लगा दी गई है। पीआईएमएस के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (ईडी) के निर्देश पर अस्पताल में इमरजेंसी लागू कर दी गई है। एक प्रवक्ता ने बताया कि मुख्य इमरजेंसी, आर्थोपेडिक, बर्न सेंटर और यूएसयूरोलॉजी डिपार्टमेंट को एक्टिव कर दिया गया है।

**भारत ने...** शानदार प्रदर्शन किया। भारत ने पहले मैच में अमेरिका को छह विकेट से हराया। इसके बाद बांग्लादेश को 18 रन से मात देकर सुपर सिक्स चरण में प्रवेश किया। ग्रुप चरण के आखिरी मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को डीएलएस प्रणाली से सात विकेट से हराया। ग्रुप चरण में दमदार प्रदर्शन के बाद भारत ने सुपर सिक्स चरण में जिम्बाब्वे को 204 रनों के बड़े अंतर से हराया। फिर चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 58 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया और पाकिस्तान को बाहर का रास्ता दिखाया। भारत ने सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को सात विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई। इसमें कोई शक नहीं है कि भारत का अंडर-19 विश्व कप में हमेशा ही दबदबा रहा है। दिलचस्प बात यह है कि भारत अंडर-19 विश्व कप के 16 सत्र में से 10 बार खिताबी मुकाबले में पहुंच चुका है जो सर्वाधिक है। भारत ने लगातार छठी बार खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया था। टीम ने 2016, 2018, 2020, 2022, 2024 और 2026 में खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। यह आंकड़ा ये बताने के लिए अपने आप में काफी है कि भारतीय टीम का अंडर-19 में कोई सानी नहीं है। यहां तक कि आस्ट्रेलिया टीम भी भारत से काफी पीछे है। आस्ट्रेलिया ने छह बार अंडर-19 टीम के फाइनल में जगह बनाई है और चार बार खिताब जीता है। अंडर-19 विश्व कप का किया था सबसे बड़ा रन चेज-भारत के नाम अंडर-19 विश्व कप में सबसे बड़ा रन चेज का रिकार्ड भी है। टीम ने यह उपलब्धि अफगानिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में हासिल की थी। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में चार विकेट पर 310 रन बनाए। जवाब में भारत के लिए आरोन जार्ज ने शतक लगाया, जबकि वैभव सूर्यवंशी और कप्तान आयुष म्हात्रे ने अर्धशतक लगाए, जिससे टीम ने 41.1 ओवर में तीन विकेट पर 311 रन बनाकर मैच अपने नाम किया था। भारत ने इस तरह अंडर-19 विश्व कप का सबसे बड़ा रन चेज बनाया था। इससे पहले ये रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के नाम था जिन्होंने 2006 में आयरलैंड के खिलाफ 305 रनों का लक्ष्य हासिल किया था। भारत ने इस तरह 20 साल पुराना रिकार्ड तोड़ा था।

**धामपुर में....** को फोन कर दबाव बनाया। मामला केंद्रीय एजेंसी से जुड़ा बताने के कारण पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। बाद में उच्च स्तर पर संदेह होने पर पूरे प्रकरण की जांच शुरू कराई गई। मेरठ एसटीएफ को इनपुट मिला था कि धामपुर में रह रहा एक व्यक्ति खुद को आईबी अधिकारी बताकर सरकारी कामों में हस्तक्षेप कर रहा है। टीम ने सर्विलांस के जरिए आरोपी की गतिविधियों की निगरानी की और शुक्रवार देर शाम उसे दबोच लिया। आरोपी के मोबाइल फोन, कॉल डिटेल और संपर्कों की बारीकी से जांच की जा रही है। सूत्र बताते हैं कि आरोपी पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय नेताओं को भी फोन कर खुद को आईबी का वरिष्ठ अधिकारी बताता था। इस रौब के सहारे वह कई बार अपने काम निकलवाने की कोशिश करता रहा। उसकी शातिराना कार्यप्रणाली के चलते मोहल्ले के लोग भी उसकी असल पहचान से अनजान रहे। एसटीएफ ने बताया कि मनोज कुमार एमएससी पास है और उसकी बोलने की शैली काफी प्रभावशाली है। वह लोगों के काम कराने का भरोसा दिलाकर अधिकारियों पर दबाव बनाता था। सरकारी कार्यालयों में खुद को आईबी अधिकारी बताकर वह अपने काम निकलवाने की कोशिश करता था। सर्विलांस डिटेल और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी लंबे समय से सरकारी कार्यों में हस्तक्षेप कर रहा था। पत्नी की सड़क हादसे में मृत्यु के बाद उसने अधिकारियों पर काफी दबाव बनाया था।

# आवारा कुत्तों को लेकर योगी सरकार का बड़ा फैसला

## हर जिले में बनेंगे शेल्टर होम व एबीसी सेंटर, जिला मुख्यालयों पर भी जमीन की जा रही चिन्हित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी में आवारा कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने के लिए योगी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। अब हर जिले में शेल्टर होम और एबीसी सेंटर बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि सभी 75 जिलों के मुख्यालयों पर जल्द से जल्द ये केंद्र शुरू किए जाएं। शेल्टर होम की क्षमता, इन्फ्रास्ट्रक्चर, पशु चिकित्सा सुविधाएं, भोजन, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था और प्रशिक्षित स्टाफ की तैनाती जैसे सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं को शामिल किया गया है।

योगी सरकार ने नगर निगमों और जनपद मुख्यालयों पर डॉग शेल्टर होम व एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर की स्थापना प्रक्रिया तेज कर दी है। शासन स्तर पर इसे प्राथमिकता देते हुए भूमि चिह्नीकरण, बजट निर्धारण और परियोजना स्वीकृति की कार्रवाई एक साथ आगे बढ़ाई जा रही है। इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट ने हाल में ही गाइडलाइंस जारी की थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान मानवीय, वैज्ञानिक व



स्थायी तरीके से करने का आदेश दिया था। सरकार का मानना है कि डॉग शेल्टर होम और एबीसी सेंटर की प्रभावी व्यवस्था से जहां एक ओर आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, वहीं दूसरी ओर पशु कल्याण को भी मजबूती मिलेगी। नगर निगम क्षेत्रों में पहले से संचालित अथवा प्रस्तावित एबीसी सेंटरों के साथ ही डॉग शेल्टर होम विकसित किए जाएंगे। इसके लिए प्रत्येक नगर निगम को निर्देशित किया गया है कि वह उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराए और आवश्यक प्रशासनिक औपचारिकताओं को शीघ्र पूर्ण करे। शासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि यह पूरी प्रक्रिया सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस व पशु कल्याण से जुड़े मानकों के अनुरूप की जा रही है। योगी सरकार ने डॉग शेल्टर होम के लिए अलग से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के निर्देश दिए हैं। प्रति शेल्टर होम 470 लाख से 531 लाख रुपये तक लागत आएगी। डीपीआर में शेल्टर होम की क्षमता, इन्फ्रास्ट्रक्चर, पशु चिकित्सा सुविधाएं, भोजन, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था और प्रशिक्षित स्टाफ की तैनाती जैसे सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं को शामिल किया गया है। शासन स्तर पर इन डीपीआर को सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान कर दी गई है और अब सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप अगले चरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रयागराज नगर निगम क्षेत्र में ग्राम मऊर उपरहट, तहसील सोरांव में डॉग शेल्टर होम के लिए भूमि चिह्नित कर ली गई है। लखनऊ नगर निगम में भूमि की उपलब्धता को लेकर कार्यकारिणी बोर्ड से प्रस्ताव स्वीकृत हो चुका है। जनपद मुख्यालयों पर भी एबीसी सेंटर एवं शेल्टर होम की स्थापना को लेकर तेजी से कार्यवाई की जा रही है। ललितपुर में 12.182 हेक्टेयर, हरदोई में 0.2 हेक्टेयर, बुलंदशहर में 2000 वर्ग मीटर और फतेहपुर में 0.769 हेक्टेयर भूमि एबीसी सेंटर एवं डॉग शेल्टर होम के लिए चिह्नित कर ली गई है।

# सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ 12 को देशव्यापी हड़ताल

## कृषि क्षेत्र में अमेरिका के आने से किसान दो वक्त की रोटी के लिए तरसेगा: पाण्डेय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** आयात शुल्क पर अमेरिकी कृषि एवं डेयरी उत्पादों के लिये भारतीय बाजार खोल देना वस्तुत: खाद्यान्य के क्षेत्र में भारत के आत्मनिर्भरता को खत्म करेगा। इससे न केवल भारत के किसान बर्बाद होंगे बल्कि दूरगामी परिणाम यह होगा कि दो वक्त की रोटी के लिये हमे फिर अमेरिका के सड़े गेहूं लेने पड़ेंगे।

यह बयान दिया है हिंद मजदूर सभा, उत्तर प्रदेश के मंत्री अविनाश पाण्डेय ने। उन्होंने कहा कैसे अमेरिकी सस्ते अनाज और डेयरी उत्पादों से भारतीय बाजार भर जाएंगे। हम अपने किसानों के मंहगे उत्पाद के बजाय सस्ते अमेरिकी उत्पाद लेंगे (जैसे सस्ते होने के कारण हम चाइनीज औद्योगिक उत्पाद खरीदकर स्वदेशी उद्योगों को बंद करवा रहे)। किसान को खेती में लागत न मिलने पर वो खेती छोड़ने, पशुओं को कत्लगाह भेजने या खुले छोड़ने को मजबूर होगा। पाण्डेय ने कहा कि खेती की जमीन आने पौने पूंजीपतियों के हवाले हो जाएंगी जो उसका मनमाना उपयोग करेंगे।और जब हम पूरी तरह अमेरिकी कृषि और डेयरी उत्पादों पर निर्भर हो जाएंगे, तो उनकी शर्तों और मूल्यों पर खरीदने को विवश होंगे। इससे बचने का एक ही रास्ता है कि हम संकल्प लें कि हम मंहगे भारतीय कृषि और डेयरी उत्पाद ही लेंगे, विदेशी नहीं भले ही वे मुफ्त या कितने ही सस्ते क्यों न हों।जाति और धर्म और क्षेत्रीयता के झगड़ों में उलझा कर हमे तिल तिल कर बेचा जा रहा, और हम सपने में विश्व गुरु बनकर जश्न मना रहे। इसलिए अंध भक्ति की निंद्रा छोड़िये, सरकार के गलत आर्थिक नीतियों के खिलाफ भारत और अपने बच्चों के भविष्य को बचाने के लिये 12 फरवरी की देश व्यापी हड़ताल को सफल बनाइये। हमे आपके सुझाव, समर्थन और सहयोग चाहिए।

### दिनदहाड़े गोवंश वध

**चन्दौसी।** प्रदेश सरकार द्वारा गौसंरक्षण और पशु क्रूरता के विरुद्ध सख्त कानून व अभियान चलाए जाने के बावजूद चन्दौसी में दिनदहाड़े हुई गौवंश वध की घटना ने कानून-व्यवस्था और निगरानी तंत्र पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। यह घटना न केवल अमानवीय कृत्य है, बल्कि सामाजिक सौहार्द को भी चोट पहुंचाने वाली है। शहर के मालगोदाम रोड स्थित कब्रिस्तान वाले फाटक के निकट शुक्रवार को गौवंश वध की घटना को अंजाम दिया गया। स्थानीय लोगों द्वारा सूचना मिलने पर बजरंग दल व अन्य हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और तत्काल पुलिस को अवगत कराया। पुलिस के पहुंचने से पहले ही गौवध में शामिल लोग मौके से फरार हो गए।

# उत्तर प्रदेश में 13 तक चलेगा दिव्यांगजन रोजगार अभियान-2

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दिव्यांग. जनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार एक और ठोस पहल करने जा रही है।

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा प्रदेश के सभी जनपदों में 06 से 13 फरवरी 2026 तक दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0 संचालित किया जाएगा। इस विशेष अभियान का उद्देश्य दिव्यांगजनों को सेवायोजन के साथ-साथ स्व-रोजगार के अवसर प्रदान करना है। योगी सरकार की यह पहल दिव्यांगजनों को सम्मानजनक आजी. विका, आत्मनिर्भरता और सामाजिक मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक और मजबूत कदम है।प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभारद्ध कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि अभियान के तहत विगत तीन वर्षों में कौशल विकास मिशन एवं आईटीआई के माध्यम से प्रशिक्षित ऐसे पात्र एवं इच्छुक दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़ा जाएगा, जो वर्तमान में जनपदों में उपलब्ध हैं। इसके साथ ही जनपद स्तर पर उपलब्ध अन्य इच्छुक दिव्यांगजन भी इस अभियान का लाभ ले सकेंगे। दिव्यांगजन रोजगार अभियान के दौरान जनपदों में संचा. लित औद्योगिक इकाइयों एवं अन्य अधिष्ठानों में उपलब्ध रिक्तियों के सापेक्ष दिव्यांगजनों का सेवायोजन कराया जाएगा। इसके अलावा एमएसएमई, जिला उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन केंद्र तथा अन्य विभागों की स्व-रोजगार योजनाओं से भी दिव्यांगजनों को जोड़ा जाएगा।उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि हर जनपद में यह अभियान मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा संचालित किया जाएगा, जिसमें जिला उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन केंद्र, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, जिला रोजगार सहायता अधिकारी और उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के जिला समन्वयक शामिल होंगे।

### कानपुर में किसानों के लिए बड़ी पहल: मोती खेती व खेत तालाब योजना पर बनी शॉर्ट फिल्म

**लखनऊ।** ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से पर्ल्स (मोती) फार्मिंग एवं खेत तालाब योजना पर आधारित एक शार्ट मूवी तैयार की गई है। इस फिल्म की शूटिंग राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम द्वारा कानपुर में की गई। इस शार्ट मूवी में डा. अय्यूब हुसैन, सीईओ ने पर्ल्स विशेषज्ञ एवं वैज्ञानिक की भूमिका निभाई है। डा. अ"यूब हुसैन ने फिल्म के माध्यम से बताया कि मोती खेती से किसानों की किस्मत चमकने वाली है और अब वह दिन दूर नहीं जब किसान आत्मनिर्भर बनेंगे। फिल्म में मोती खेती प्रोजेक्ट लगाने की शुरुआत से लेकर प्रोजेक्ट के पूर्ण होने तक की विस्तृत जानकारी को गीत और शिक्षण माध्यम के जरिए सरल भाषा में समझाया गया है, ताकि हर किसान इसे आसानी से समझ सके। किसानों को मिलेगा सीधा लाभ मिलेगा। डा. अय्यूब हुसैन ने बताया कि खेत तालाब योजना के साथ मोती खेती अपनाने से किसानों को अतिरिक्त आय रोजगार के नए अवसर कम पानी में बेहतर मुनाफा जैसे कई फायदे मिलेंगे।किसानों में दिखा उत्साह ।शूटिंग के दौरान मौजूद किसानों में इस फिल्म को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। उम्मीद जताई जा रही है कि यह शार्ट मूवी देशभर के किसानों को मोती खेती अपनाने के लिए प्रेरित करेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाएगी।

# घूसखोर पंडत फिल्म के निर्देशक व टीम के खिलाफ एफआईआर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की समाज में सौहार्द बिगाड़ने और धार्मिक/जातिगत भावनाओं को आहत करने वालों के विरुद्ध जीरो टालरेंस नीति और ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देशों के तहत ओटीटी प्लेटफार्म पर प्रचारित-प्रसारित की जा रही आगामी फिल्म घूसखोर पंडत के निर्देशक के खिलाफ राजधानी लखनऊ के थाना हजरतगंज में एफआईआर दर्ज की गई है।



यह कार्रवाई समाज में वैमनस्य फैलाने, धार्मिक एवं जातिगत भावनाओं को आहत करने और शांति व्यवस्था को भंग करने के प्रयास के आरोप में की गई है। थाना हजरतगंज के प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह ने ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स पर प्रचारित हो रही उक्त आगामी फिल्म तथा सोशल मीडिया पर शेयर किए जा रहे इसके कंटेंट पर संज्ञान लिया। उनके अनुसार, 'घूसखोर पंडत' नामक आगामी फिल्म का शीर्षक और उसकी प्रचारित सामग्री प्रथम दृष्टया आपत्तिजनक पाई गई है। एफआईआर में जातिगत अपमान के बिंदु पर स्पष्ट किया गया है कि फिल्म का शीर्षक एक समुदाय/जाति विशेष (ब्राह्मण) को लक्षित कर अपमानित करने के उद्देश्य से रखा गया प्रतीत होता है। इस नामकरण तथा नेटफ्लिक्स व सोशल मीडिया पर प्रचारित इसके संवादों को लेकर समाज के विभिन्न वर्गों में तीव्र प्रतिक्रिया देखने को मिली है।फिल्म के नाम और उसकी सामग्री को लेकर ब्राह्मण समाज तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों में आक्रोश है। कई संगठनों ने इसके विरोध में उग्र प्रदर्शन की चेतावनी दी है। इससे सार्वजनिक शांति और कानून-व्यवस्था के प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई थी। पुलिस ने स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए तत्काल कदम उठाया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्ट्या यह प्रतीत होता है कि फिल्म के निर्देशक एवं उनकी टीम द्वारा समाज में वैमनस्य फैलाने, शांति व्यवस्था भंग करने और सौहार्द बिगाड़ने के उद्देश्य से फिल्म का प्रचार-प्रसार किया गया। इस तरह की सामग्री से सामा. जिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचने की संभावना रहती है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उपरोक्त तथ्यों और संवे. दनशील परिस्थितियों के दृष्टिगत, थाना हजरतगंज पुलिस द्वारा फिल्म के निर्देशक एवं उनकी टीम के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीकृत कर ली गई है।

### वैश्य व्यापारी महासभा ने प्रमुख सचिव राज्य कर को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश वैश्य-व्यापारी महासभा का एक प्रति. निधि मण्डल उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव राज्य कर कामिनी चौहान एवं आयुक्त राज्य कर श्री नितिन बंसल के प्रात: 11 बजे राज्य कर प्रशिक्षण संस्थान, विभूति खण्ड गोमती नगर लखनऊ में मुलाकात कर अपना सात सूत्रीय मांग-पत्र ज्ञापन सौंपा। सभी सातों बिन्दुओं पर बिन्दुवार विस्तृत रूप से चर्चा हुई और उक्त अधिकारियों ने शीघ्र समाधान हेतु आश्वासन दिया। कोरा. ना-2019 काल वर्ष 2020, 2021, 2022, 2023 में सभी प्रतिष्ठान संस्थान बन्द रहे इस अवधि का प्रकरण विभाग में लम्बित है उक्त अवधि का राज्य कर पूर्णतया कर-मुक्त घोषित किया जाये। प्रतिनिधिमण्डल और प्रमुख सचिव राज्य कर कामिनी चौहान एवं आयुक्त राज्य कर नितिन बंसल के साथ वार्ता सार्थक रही और शीघ्र समस्या के समाधान हेतु आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। प्रतिनिधि मण्डल में मुख्य रूप से सत्य प्रकाश गुलहरे, प्रदेश अध्यक्ष, राजेश चन्द्र अग्रवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दीपक अग्रवाल पार्थ क्षेत्रीय अध्यक्ष, अनुज रस्तोगी महामंत्री युवा उ0प्र0, ममता गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष महिला, दीपक साहू प्रदेश मंत्री युवा उ0प्र0, अर्चिन अरोड़ा आदि लोग उपस्थित रहे।

# अभ्युदय योजना से जुड़े 77 अभ्यर्थी UPPCS – 2024 मुख्य परीक्षा में सफल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में संच. ालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना ने एक बार फिर अपनी उपयोगिता साबित की है।

समाज कल्याण मंत्रालय की ओर से संचालित पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केंद्रों से मार्गदर्शन प्राप्त कर रहे 77 अभ्यर्थियों ने उत्तर प्रदेश सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (यूपीपीसीएस) 2024 की मुख्य परीक्षा में सफलता हासिल की है। यह उपलब्धि योगी सरकार की युवा कल्याण से जुड़ी नीति को दर्शाती है, जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभावान युवाओं को नि:शुल्क प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी का अवसर दिया जा रहा है।समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने सफल अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'सबका साथ-सबका विकास' के विजन को धरातल पर उतार रही है। यह योजना सुनिश्चित कर रही है कि किसी भी प्रतिभाशाली युवा की सफलता आर्थिक सीमाओं के कारण बाधित न हो।समाज कल्याण विभाग के उप निदेशक आनंद कुमार सिंह ने बताया कि भागीदारी भवन, लखनऊ स्थित कोचिंग केंद्र से 40, अलीगंज स्थित आदर्श परीक्षा केंद्र से 20 तथा हापुड़ स्थित राजकीय आईएएस/पीसीएस कोचिंग केंद्र से 17 अभ्यर्थी यूपीपीसीएस-2024 की मुख्य परीक्षा में सफल हुए हैं। योगी सरकार की यह पहल प्रदेश के युवाओं को प्रशास. निक सेवाओं तक पहुंच दिलाने में मील का पत्थर साबित हो रही है। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत अभ्यर्थियों को नि:शुल्क आवास, भोजन, पुस्तकालय, आनलाइन व ऑफलाइन कक्षाएं, विषय विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन, मुख्य परीक्षा केंद्रित उत्तर लेखन अभ्यास, मॉडल टेस्ट और अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाती है।

### कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ सरोजनी नगर थाने में मुकदमा दर्ज

**लखनऊ ।**कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ सरोजनी नगर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामला बीते दिनों सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित एक जनसभा के दौरान दिए गए उनके बयान से जुड़ा है, जिसमें उन्होंने सरोजनी नगर विधायक राजेश्वर सिंह पर गंभीर आरोप लगाए थे।जानकारी के अनुसार, 1 फरवरी को गौरी, बिजनौर रोड स्थित नागपुर तिराहे पर जनसभा को संबोधित करते हुए अजय राय ने विधायक राजेश्वर सिंह को प्रदेश और देश को लूटने वाला नेता बताया था। इसके साथ ही उन्होंने राजेश्वर सिंह के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) में सेवा काल को लेकर भी टिप्पणी की थी। इस बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था।

# आवारा कुत्तों से निजात दिलाएंगे शेल्टर होम व एबीसी सेंटर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ ।** प्रदेश में आवारा कुत्तों की समस्या और डाग बाइट की बढ़ती घटनाओं को योगी सरकार ने गंभीरता से लिया है। जन सुरक्षा से जुड़े इस मुद्दे पर सख्त व ठोस कदम उठाते हुए प्रदेश सरकार ने नगर निगमों एवं जनपद मुख्यालयों पर डाग शेल्टर होम व एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर की स्थापना प्रक्रिया तेज कर दी है।

**■ शेल्टर होम्स के लिए अलग डीपीआर तैयार, प्रति यूनिट 470 से 531 लाख रुपये तक लागत का अनुमान**

शासन स्तर पर इसे प्राथमिकता देते हुए भूमि चिह्नीकरण, बजट निर्धारण और परियोजना स्वीकृति की कार्रवाही एक साथ आगे बढ़ाई जा रही है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में गाइडलाइंस जारी की थीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार का स्पष्ट उद्देश्य है कि आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान मानवीय, वैज्ञानिक व स्थायी तरीके से किया जाए। सरकार का मानना है कि डाग शेल्टर होम और एबीसी सेंटर की प्रभावी व्यवस्था से जहां एक ओर आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, वहीं दूसरी ओर पशु कल्याण को भी मजबूती मिलेगी। नगर निगम क्षेत्रों में पहले से संचालित अथवा प्रस्तावित एबीसी सेंटरों के साथ ही डाग शेल्टर होम विकसित किए जाएंगे। इसके लिए प्रत्येक नगर निगम को निर्देशित किया गया है । योगी सरकार ने डाग शेल्टर होम के लिए अलग से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के निर्देश दिए हैं। प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार प्रति शेल्टर होम 470 लाख रुपये से लेकर 531 लाख रुपये तक लागत आने का अनुमान है। डीपीआर में शेल्टर होम की क्षमता, इन्फास्ट्रक्चर, पशु चिकित्सा सुविधाएं, भोजन, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था और प्रशिक्षित स्टाफ की तैनाती जैसे सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं को शामिल किया गया है। शासन स्तर पर इन डीपीआर को सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान कर दी गई है और अब सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप अगले चरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रगति रिपोर्ट के अनुसार प्रयागराज नगर निगम क्षेत्र में ग्राम मऊर उपरहट, तहसील सोरांव में डाग शेल्टर होम के लिए भूमि चिह्नित कर ली गई है। जनपद मुख्यालयों पर भी एबीसी सेंटर एवं शेल्टर होम की स्थापना को लेकर तेजी से कार्यवाही की जा रही है। ललितपुर में 12.182 हेक्टेयर, हरदोई में 0.2 हेक्टेयर, बुलंदशहर में 2000 वर्ग मीटर तथा फतेहपुर में 0.769 हेक्टेयर भूमि एबीसी सेंटर एवं डाग शेल्टर होम के लिए चिह्नित कर ली गई है। शेष जनपदों से सूचनाएं प्राप्त होते ही वहां भी भूमि चिह्नीकरण और परियोजना स्वीकृति की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

# यूपी के एनसीसी कैडेटों को राज्यपाल ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** एन.सी.सी निद. ेशालय (उत्तर प्रदेश) द्वारा जन भवन, लखनऊ में एक भव्य अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस शिविर में (आर.डी.सी)2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राज्य के एनसीसी कैडेटों को सम्मानित किया गया। कुल 11 एन.सी.सी ग्रुपों से 127 एन.सी.सी कैडेटों ने कर्नल अमिताभ कुमार, कंटिंजेंट कमांडर के नेतृत्व मे आर.डी.सी 2026 में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। कैडेटों ने अनुशासन, समन्वय, नेतृत्व तथा सांस्कृतिक उत्कृष्टता के उच्चतम मानकों का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर 'मेजर जनरल गौरव गौतम, वीएसएम, अपर महा. निदेशक, एन.सी.सी निदेशालय (उ.प्र.) ने संबोधित करते हुए कैडेटों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला तथा निदेशालय के अंतर्गत निरंतर बनाए रखे जा रहे उच्च प्रशिक्षण मानकों की सराहना की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यपाल, उत्तर प्रदेश, श्रीमती आनंदीबेन पटेल रहीं। उन्होंने मेधावी कैडेटों को स्वर्ण एवं रजत पदक प्रदान किए तथा उनके समर्पण, लगन और राष्ट्र सेवा की भावना की प्रशंसा की। स्वर्ण पदक विजेता में एस.यू.ओ अजीत कुमार सिंह ख्र 92 यू.पी. बटालियन एन.सी.सी, वाराणसी 'ए' एस.यू.ओ दिया नेहरा ख्र 8 यू.पी. बटालियन एन.सी.सी, अलीगढ एस.यू.ओ महक 30 यू. पी. बटालियन एन.सी.सी, बरेली यू. ओ रूबी ख्र 36 यू.पी. बटालियन एन.सी.सी, गाजियाबाद एल/कार्पोरल सूरज वर्मा ख्र 64 यू. पी. बटालियन एन.सी.सी, लखनऊ ।कैडेट शिवम तिवारी ख्र 1 यू.पी. नेवल यूनिट एन.सी.सी, प्रयागराज,रजत पदक विजेता में एस.यू.ओ यश चंद्रा ख्र 8 यू.पी. बटालियन एन.सी.सी, अलीगढ़,यू. ओ माधव 24 यू.पी. बटालियन एन. सी.सी, बरेली सार्जेंट आरव सक्सेना ख्र 37 यू.पी. बटालियन एन.सी.सी, गाजियाब कैडेट सार्जेंट चंद्रमौली उपाध्याय 7 यू.पी. एयर स्क्वाड्रन एन.सी.सी, वाराणसी कैडेट अक्षिता सिंह ख्र 71 यू.पी. बटालियन एन. सी.सी, मेरठ,एस.यू.ओ इशिका यादव 5 यू.पी. बटालियन एन.सी. सी, आगरा,एनसीसी ग्रुप गाजियाबाद को इंटर-ग्रुप कंपीटिशन बैनर भेंट किया गया,



जिसे एनसीसी ग्रुप गाजियाबाद के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर अजीत सिंह ने प्राप्त किया।इसके अतिरिक्त, युवा आपदा मित्र योजना के अंतर्गत समुदायिक प्रथम प्रत्युत्तरकर्ता के रूप में प्रशिक्षित उत्तर प्रदेश के एन. सी.सी कैडेटों को भी आर.डी. सीख्र2026 के दौरान विशेष सम्मान प्राप्त हुआ। 64 यू.पी. बटालियन एन.सी.सी, लखनऊ के लेफ्टिनेंट कर्नल अनिमेष राय के विशेष मार्गदर्शन में इन कैडेटों का चयन राष्ट्रीय गणमान्य व्यक्तियों को योजना के संबंध में ब्रीफिंग देने हेतु किया गया, जो उनकी आपदा-तैयारी, नेतृत्व क्षमता तथा आपदा-प्रतिरोधी भारत के निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।कार्यक्रम में एन.सी.सी कैडेटों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई। समारोह का समापन समूह फोटो एवं हाई टी के साथ हुआ।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
फोन-0131-2970013
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# 22 फरवरी को लगेगी मेगा लोक अदालत

**मुरादाबाद।** 22 फरवरी को पुराना उच्च न्यायालय कैसरबाग लखनऊ में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वावधान में मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जायेगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, श्री जीवक कुमार सिंह द्वारा यह बताया गया कि माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं माननीय कार्यपालक अध्यक्ष/वरिष्ठ न्यायमूर्ति, उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जनपद में 22 फरवरी को मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के अनुपालन में माननीय जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ श्री मलखान सिंह के कुशल निर्देशन में पुराना उच्च न्यायालय कैसरबाग जनपद न्यायालय लखनऊ में दिनांक 22 फरवरी को मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा विर का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। उक्त आयोजन को सफल बनाये जाने हेतु मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के नोडल अधिकारी श्री रवीन्द्र कुमार द्विवेदी, विशेष न्यायाधीश, सी0बी0आई0 सेन्ट्रल लखनऊ द्वारा दिनांक 5 फरवरी को जनपद लखनऊ के समस्त विभागों के विभागाध्यक्षों/पदाधिकारियों के साथ पुराना उच्च न्यायालय स्थित मीडियेशन सेन्टर लखनऊ में सांय 4:30 बजे बैठक आहूत की गयी है। बैठक में श्री रवीन्द्र कुमार द्विवेदी द्वारा बताया गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वावधान में दिनांक 22.02.2026 को मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन पुराना उच्च न्यायालय कैसरबाग लखनऊ में किया जा रहा है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज के निर्बल एवं वंचित वर्गो को विधिक सहायता के साथ-साथ विभिन्न विभागों के अन्तर्गत निर्बल वर्ग, दिव्यांगजन, बच्चों, स्त्रियों, निर्धन वर्ग, असंगठित क्षेत्र के श्रमिक तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति हेतु सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को जोड़ना है। शिविर में विधिक परामर्श, नि:शुल्क कानूनी सहायता, लोक अदालत से सम्बन्धित जानकारी तथा अन्य आवश्यक सेवायें एक ही मंच पर उपलब्ध कराई जायेगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के सचिव जीवक कुमार सिंह ने जनपद लखनऊ के समस्त नागरिकों से अपील की है कि दिनांक 22 फरवरी को पुराना उच्च न्यायालय कैसरबाग लखनऊ में आयोजित होने वाले मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर उपलब्ध सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ उठाएं, जिससे समाज के प्रत्येक वर्ग तक न्याय एवं विधिक सहायता की पहुंच सुनिश्चित की जा सके।

# भारतीय सेना अग्निवीर भर्ती रैली एएमसी सेंटर और कॉलेज लखनऊ कैंट के एएमसी स्टेडियम में शुरू

**लखनऊ ।** रिक्रूटिंग ज़ोन उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के तत्वावधान में रिक्रूटिंग आफिस (मुख्यालय), लखनऊ द्वारा शुक्रवार से लखनऊ छावनी स्थित एएमसी सेंटर और कालेज के एएमसी स्टेडियम में भर्ती रैली शुरु की गई।

भर्ती रैली के पहले दिन सेना भर्ती कार्यालय लखनऊ के अंतर्गत आनेवाले उत्तर प्रदेश के 13 जिलों की सभी तहसीलों के लिए अग्निवीर ट्रेड्समैन (कक्षा 8वीं और 10वीं पास) श्रेणी के लिए भर्ती रैली हुई । इस श्रेणी के लिए संबंधित 13 जिलों से कुल 370 अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र भेजा गया था जिसमें 265 अभ्यर्थियों ने इस भर्ती रैली में हिस्सा लिया। पहले दिन मेजर जनरल मनीष कुमार, जेडआरओ (यूपी और यूके) ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा साबित करने के लिए शुभकामनाएं दीं। 7 फरवरी को संबंधित 13 जिलों की सभी तहस. ीलों के लिए अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर टेक्निकल श्रेणी के लिए भर्ती रैली आयोजित की जायेगी ।

**लोकप्रिय हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स**

**में समाचारों एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिये सम्पर्क करें।**
**नोटः इच्छुक पत्रकार-शाह टाइम्स में विज्ञापन प्रतिनिधि एवं संवाददाता के रूप में कार्य करने के लिए संपर्क करें।**
**मौहम्मद जान तुर्की,**
**ब्यूरो चीफ लखनऊ**

कार्यालय: 21, शाह टावर, स्टेशन रोड लखनऊ, उ0प्र0।
**Mob. 8630533498**
E-mail: shahtimeslko313@rediffmail.com

# बहाना बना युवती प्रेमी के साथ फरार

## मां ने प्रेमी के खिलाफ करायी रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बहाना बनाकर घर से निकली युवती प्रेमी के साथ फरार हो गई। परिजनों ने उसे काफी तलाश किया लेकिन कुछ पता नहीं चला। मामले में युवती की मां ने प्रेमी के खिलाफ बेटी को बहलाकर ले जाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले से जुड़ा है। यहां रहने वाले एक व्यक्ति की 22 वर्षीय बेटी का प्रेम-प्रसंग शहर निवासी युवक जाने आलम के साथ चल रहा था। कुछ दिन पहले युवती के परिजनों को इस बात की भनक लग गई थी लिहाजा उन्होंने निगरानी शुरू कर दी थी। युवती के घर से निकलने पर पाबंदी लगा दी थी। उसका मोबाइल भी छीन लिया था। इसी बीच बीती चार फरवरी को युवती किसी बहाने से घर से निकली और प्रेमी जाने आलम के साथ फरार हो गई। बदनामी होने से परेशान परिजनों ने शुरुआत में खामोशी से युवती को तलाश किया परंतु उसका कोई सुराग नहीं मिला। आखिर में मां ने शहर कोतवाली पहुंच आरोपी जाने आलम के खिलाफ बेटी को बहलाकर ले जाने की तहरीर दे दी। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में आरोपी जाने आलम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी को जल्दी गिरफ्तार कर युवती को बरामद कर लिया जाएगा।

# रैली निकाल यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

## झम्मनलाल कालेज के छात्रों ने निकाली रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** झम्मनलाल डिग्री कालेज के छात्र छात्राओं ने नगर में यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने को लेकर पुलिस के साथ रैली निकाली।

शुक्रवार को कोतवाली के परिसर से महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने नगर के अंबेडकर पार्क अतरासी रोड गजरौला रोड आदि इलाकों में यातायात नियमों को जागरूकता लाने के लिए लोगों को जागरूक किया। रैली निकाल रहे छात्र छात्राओं ने लोगों को जागरुक करते हुए बताया कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगा कर चलें। कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी जागरूकता लाने से सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम की जा सकती है। छात्र छात्राएं




जागरूकता लाने संबंधित पोस्टर लेकर नारेबाजी करते हुए चल रहे थे। इस मौके पर उपनिरीक्षक लोहार सिंह हेड कांस्टेबल दिलशेर जहां सचिन कुमार रजनीश कुमार निक्षित डॉली प्रीति छाया नया मनीषा खुशी प्रेमलता अनामिका आरती सोहेल खान राजीव राजपूत प्रिया संजना रिया प्रमोद मौजूद थे।

# रास्ते से निकलने को लेकर विवाद

## तीन पड़ौसियों के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रजबपुर।** क्षेत्र के गांव सदरपुर में रास्ते से निकलने को लेकर हुए विवाद में तीन पड़ोसियों के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़ित अनिल कुमार की तहरीर पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है। अनिल कुमार ने अपनी तहरीर में बताया कि 27 जनवरी 2026 की शाम करीब 6:30 बजे वह अपने घर के सामने रास्ते से गुजर रहे थे। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले देवेंद्र सिंह, तेजेंद्र सिंह और दीशु ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि तीनों ने रास्ते से निकलने को लेकर अनिल कुमार के साथ गाली-गलौज की। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया, जिससे उन्हें चोटें आईं। पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने उन्हें भविष्य में उस रास्ते से न निकलने की चेतावनी दी और जान से मारने की धमकी भी दी। शोर-शराबा होने पर अनिल कुमार किसी तरह मौके से भागकर अपनी जान बचाने में सफल रहे। पीड़ित अनिल कुमार ने आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की थी। तहरीर के आधार पर रजबपुर पुलिस ने देवेंद्र सिंह, तेजेंद्र सिंह और दीशु के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष कोमल तोमर ने बताया कि आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# सीएचसी की जमीनी हरकत परखने पहुंची टीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की विशेष टीम ने सीएचसी का निरीक्षण किया। यह कार्रवाई शासन के निर्देश पर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत जानने के लिए की गई।

निरीक्षण टीम का नेतृत्व गाजियाबाद के जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अनिल यादव और जिला कार्यक्रम समन्वयक राघवेंद्र सिंह चौहान ने किया। टीम ने सीएचसी पहुंचकर शासन द्वारा तय चेकलिस्ट के आधार पर व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की। दवाओं की उपलब्धता, अस्पताल की सफाई, ओपीडी रजिस्टर, टीकाकरण व्यवस्था और आपातकालीन सेवाओं की स्थिति को परखा गया। डॉ.



अनिल यादव ने अस्पताल के वार्डों में जाकर मरीजों से बातचीत की और उन्हें मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निरीक्षण का मकसद कमियां निकालना नहीं, बल्कि व्यवस्थाओं को सुधारना और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना है, ताकि आम लोगों को समय पर सही इलाज मिल सके। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान केवल धनौरा सीएचसी तक सीमित नहीं रहेगा। टीम अगले तीन दिनों तक धनौरा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) का भी निरीक्षण करेगी। इस दौरान मशीनों की हालत, दवाओं की उपलब्धता और स्टाफ की मौजूदगी की भी जांच की जाएगी। निरीक्षण के बाद टीम अपनी विस्तृत रिपोर्ट सीधे शासन स्तर पर लखनऊ भेजेगी। इसी रिपोर्ट के आधार पर आगे स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और जरूरी सुधारों पर निर्णय लिया जाएगा। अधिकारियों ने यह भी संकेत दिए कि जहां गंभीर कमियां पाई जाएंगी, वहां जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की जा सकती है। निरीक्षण के दौरान डॉ. राहुल कुमार, अभिषेक वर्मा, मुस्कान, डॉ. कुलदीप, डॉ. अनामिका, शैली यादव, विनोद कुमार, संदीप सैनी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

# दहेज के लिए विवाहिता का उत्पीड़न

## पति समेत चार पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ससुराल वालों ने विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। मामले में पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

शहर के मोहल्ला चिल्ला में सौरभ खंडेलवाल का परिवार रहता है। उन्होंने अपनी बेटी राधिका खंडेलवाल की शादी चार फरवरी 2024 को मोहल्ला कोट के रहने वाले शुभम गुप्ता के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। कार और सात लाख रुपये दिलाने का दबाव बनाते थे। विरोध करने पर जलाकर मारने की धमकी देते थे। आरोप है कि कई बार ससुराल वालों ने गैस खुला छोड़कर चाय बनवाने की कोशिश भी की जिससे हादसा हो सके। दोनों परिवारों के बीच पंचायत भी हुई लेकिन विवाद हल नहीं हो सका। आरोप है कि 24 जनवरी 2025 को ससुराल वालों ने सात लाख रुपये और कार की मांग को दोहराया। इंकार पर मारपीट करते हुए घर से निकाल दिया। फिलहाल विवाहिता मायके में पिता के घर में रहती है। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में पति शुभम गुप्ता, ससुर राजीव गुप्ता, सास रीता गुप्ता और नंद शिवांगी गुप्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही।

# सुपर किंग ने भारत बुक को 91 रन से हराया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** द आर्यन स्कूल में आयोजित तीसरे अंडर-12 लेट श्री जसवंत सिंह (साहब) क्रिकेट टूर्नामेंट के मुकाबले में डॉ अहमद चाइल्ड केयर सुपर किंग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए किंग इलेवन भारत बुक हाउस को 91 रनों से पराजित किया। मैच में किंग इलेवन भारत बुक हाउस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए डॉ अहमद चाइल्ड केयर सुपर किंग ने निर्धारित 30 ओवरों में 196 रन बनाए। टीम की ओर से अर्श ने शानदार 87 रन की पारी खेली, जबकि शुऐब खान ने 37 रनों का अहम योगदान दिया। किंग इलेवन की ओर से जैन और श्रेष्ठ चौधरी ने 3-3 विकेट, जबकि फतेह ने 2 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी किंग इलेवन भारत बुक हाउस की टीम 104 रनों पर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से युवराज सिंह ने 22 रन और कार्तिक ने 20 रन बनाए। डॉ अहमद चाइल्ड केयर सुपर किंग की ओर से शोएब खान, मनजीत और रिहान ने 2-2 विकेट, जबकि अम्मार अली ने 1 विकेट लिया। इस तरह डॉ अहमद चाइल्ड केयर सुपर किंग ने मुकाबला 91 रनों से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शानदार बल्लेबाजी के लिए अर्श को दिया गया, जबकि फाइटर ऑफ द मैच का खिताब किंग इलेवन भारत बुक हाउस के श्रेष्ठ को मिला।

# उद्यम प्रशिक्षण को महिलाओं का दल नोएडा रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के सौजन्य से संचालित आजीविका एवं उद्यम विकास कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के अर्न्तगत स्पर्श सोशल फाउंडेशन एवं उमंग डेयरी के सहयोग से ग्रामीण स्वयं सहायता

### नाबार्ड का सौजन्य और स्पर्श एवं उमंग का रहा सहयोग

समूह की 60 महिलाओं को नव कौशल विकास केंद्र, अभिव्यक्ति फाउंडेशन, दुजाना (गौतम बुद्ध नगर) के लिए रवाना किया गया। इस मौके पर उमंग डेयरी लिमिटेड के प्लांट हेड आरपी सिंह, स्पर्श सोशल फाउंडेशन के सीनियर प्रोग्राम मैनेजर आनंद व उमंग डेयरी लिमिटेड के असिस्टेंट मैनेजर अबोध कौशिक ने



बस को हरी झंडी दिखाई। उल्लेखनीय है कि इन महिलाओं ने हाल ही में 20 दिवसीय एडवांस सिलाई, कढ़ाई एवं फैशन डिजाइनिंग प्रशिक्षण पूर्ण किया है। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार, व्यवसाय प्रबंधन एवं मार्केटिंग की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना है, जिससे वे अपने उद्यम और व्यवसाय को आगे बढ़ाने में सक्षम बन सकें। कार्यक्रम में स्पर्श सोशल फाउंडेशन से प्रोजेक्ट मैनेजर कृष्ण गोपाल, प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर शिव प्रसाद एवं दिनेश मैहर, अरविंद, सुमन एवं हेमंत तथा उमंग डेयरी लिमिटेड से कांता कुमार राय, नरेन्द्र चौहान इत्यादि टीम मेम्बर शामिल रहे।

# सपा नेता ने उठाई गंगा तट पर गंदगी की समस्या

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** समाजवादी पार्टी के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह ने तिगरी गंगा तट पर पनप रही गंदगी पर रोष जाहिर करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र व प्रदेश में सरकार चल रही हैं और जोर शोर से नमामि गंगे का नारा

### केन्द्र व प्रदेश सरकार पर साधा निशाना

दिया जाता है, मगर जमीनी हकीकत इसके उलट है।

भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि जब उनकी पत्नी सरिता चौधरी जिला पंचायत की अध्यक्षा थीं तब पूरा गंगा तट साफ और स्वच्छ रहता था। उन्होंने कहा कि कोई भी जनप्रतिनिधियों या कोई सरकार



का व्यक्ति इस ओर कार्य करता नहीं दिखाई दे रहा है। कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा करोड़ों रूपये की परियोजना गंगा की स्वच्छता के नाम पर चलाई जा रही हैं, लेकिन धरातल पर ऐसा कुछ भी नजर नहीं आ रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग करते हुए गंगा तट तिगरी में बेहतर ढंग से स्वच्छता अभियान चलवाने की मांग की, ताकि यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को गंगा मैया का परिसर साफ और स्वच्छ मिल सके।

## संविदा सफाई कर्मी की हार्टअटैक से मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** संविदा सफाई कर्मचारी की हार्ट अटैक आने के कारण मौत हो गई। परिजनों का संविदा कर्मचारियों की मौत होने से रो-रोकर बुरा हाल है। नगर के मोहल्ला वाल्मीकि बस्ती निवासी रिटायर फौजी जनरल सिंह की पत्नी शांति देवी संविदा सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात थी। संविदा कर्मचारी गुरुवार की सुबह नगर के मोहल्ला लालबाग में सफाई कार्य को अंजाम देकर अपने घर आकर बच्चों का नाश्ता कराने के बाद वह घर में थी। इस दौरान उन्हें हार्ट अटैक आया जब तक परिवार के लोग कुछ समझ पाते उनकी मौत हो गई। शांति देवी आयु 53 वर्ष की मौत होने से परिवार में कोहराम मच गया। शांति देवी अपने पीछे छह बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गई है। हसनपुर क्षेत्र में हार्ट अटैक आने के कारण अब तक दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है। नामचीन चिकित्सक खान-पान गलत होने के कारण हार्ट अटैक से मौत होने का कारण बता रहे हैं।

## हार्ट अटैक से भाजपा नेता हरिओम शर्मा का निधन



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** भाजपा चिकित्सक प्रकोष्ठ के पूर्व जिला उपाध्यक्ष हरिओम शर्मा का हार्ट अटैक से निधन हो गया। उनके निधन की खबर से परिवार सहित भाजपा कार्यकर्ताओं और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के अनुसार अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। हरिओम शर्मा अपने मिलनसार स्वभाव और सामाजिक सक्रियता के लिए जाने जाते थे। स्वर्गीय हरिओम शर्मा के परिवार में उनकी पत्नी सरोज देवी तथा दो बेटे हैं। उनके असामयिक निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। निधन की सूचना मिलते ही भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

**बढ़ापुर।** क्षेत्र के ग्राम शाहलीपुर कोटरा निवासी निशाद बानो पुत्री अब्दुल सत्तार ने थाने में दर्ज कराए केस में कहा कि उसकी शादी पांच वर्ष पहले मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार रियाज पुत्र मौहम्मद असलम निवासी ग्राम रुडकली तारावाली, थाना भोपा, जिला मुजफ्फरनगर से हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही पति आदि दो लाख रुपए व एक कार की मांग कर रहे है।

# हीरा इंटरनेशनल स्कूल को बेस्ट ऑफ माय सिटी सम्मान

## उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया पुरस्कृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** हीरा इंटरनेशनल स्कूल को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए बेस्ट ऑफ माय सिटी सम्मान दिया गया। यह सम्मान मुरादाबाद में आयोजित एक निजी कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा दिया गया।

मुरादाबाद में हुए कार्यक्रम बेस्ट ऑफ माय सिटी नए अंदाज में में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्कूल के प्रबंधक कपिल कुमार अग्रवाल और निर्देशिका अंचल अग्रवाल को स्पिरिट, प्राइड एंड एक्सीलेंस श्रेणी में यह सम्मान सौंपा। इस सम्मान से पूरे स्कूल में खुशी का माहौल है। शिक्षक, बच्चे और अभिभावक सभी ने इसे स्कूल के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि यह सम्मान सभी अध्यापकों की मेहनत, बच्चों की लगन और अभिभावकों के सहयोग से मिला है। स्कूल परिवार ने आयोजन करने वाली संस्था का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें आगे भी अच्छे काम करने की ताकत देगा, ताकि बच्चों को अच्छी शिक्षा और अच्छे संस्कार मिलते रहें।

# कीड़ों से पीड़ित बच्चों को अमोनिया का खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकास क्षेत्र गंगेश्वरी के बीआरसी चन्दनपुर खादर पर शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आगामी राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के सफल क्रियान्वयन के लिए आयोजित इस कार्यशाला में ब्लॉक के समस्त प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों तथा इंचार्ज अध्यापकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग का साझा प्रयास रहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी गंगेश्वरी अनिल कुमार और स्वास्थ्य विभाग से पधारे डॉ. धीरज नारायण ने किया। शिक्षकों को संबोधित करते हुए बीईओ अनिल कुमार ने कहा कि बच्चों का शारीरिक स्वास्थ्य उनकी शैक्षणिक प्रगति का आधार है। यदि बच्चा कृमि पेट के कीड़ों से ग्रसित है। तो वह कुपोषण और एनीमिया का




शिकार हो जाता है। शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह ने संगठन की ओर से इस राष्ट्रीय अभियान में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ गंगेश्वरी के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह,डॉ. इमरान खान, डॉ. हरदेव सिंह, बिजेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार, सरफराज अली, ऋषिपाल सिंह, राजीव कुमार, सतीश कुमार, भागेश कुमार, जयपाल सिंह,नाजिर अली, फैजान हस्मत, देवराज सिंह, अंजना, अनुराधा, सुभाष चंद्र और अजयपाल सिंह आदि मौजूद थे।

# बिजनौर मेंपटाखा फैक्ट्री में आग लगने से हड़कंप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बख्शीवाला में आज एक पटाखा फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। इस घटना में लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई। दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

शहर कोतवाली क्षेत्र के बख्शीवाला स्थित बुंदु की रौनक फायरवर्क्स नामक पटाखा फैक्ट्री में हुई। आग लगने के समय फैक्ट्री में कई मजदूर काम कर रहे थे। अचानक तिल्ली बमों में आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। आग लगने से फैक्ट्री में अफरा-तफरी मच गई। भारी संख्या में तिल्ली बमों के साथ-साथ फैक्ट्री में रखी कुर्सियां और मेजें भी जल गईं। कर्मचारियों ने अग्निशमन यंत्रों से आग बुझाने का प्रयास किया, जिसके बाद दमकल विभाग को सूचना दी गई।सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया। सीओ सिटी संग्राम सिंह और शहर कोतवाल धर्मेंद्र सोलंकी ने भी घटनास्थल का दौरा कर जांच पड़ताल की। प्रारंभिक जांच में आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। गनीमत रही कि इस घटना में कोई मजदूर झुलसा नहीं।



# पीडीए के एक-एक वोट की हिफाजत करेंगे : अनुज मलिक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख अनुज मलिक ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि वर्तमान में चल रहे SIR (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) अभियान के अंतर्गत फॉर्म-7 का दुरुपयोग कर सुनियोजित तरीके से PDA (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समाज के मतदाताओं को निशाना बनाया जा रहा है। यह पूरी प्रक्रिया लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करने वाली है।अनुज मलिक ने कहा कि जनपद सहित पूरे प्रदेश से लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि भोले-भाले मतदाताओं को गुमराह कर उनसे फॉर्म-7 भरवाए जा रहे हैं, जिससे उनके मताधिकार पर संकट खड़ा हो गया है। यह न केवल चुनाव आयोग की मंशा के विपरीत है, बल्कि संविधान द्वारा प्रदत्त मतदान के मौलिक अधिकार का खुला उल्लंघन भी है। उन्होंने कहा कि PDA समाज देश की आबादी का सबसे बड़ा और मेहनतकश वर्ग है, जिसकी आवाज दबाने के लिए यह साजिश रची जा रही है। समाजवादी पार्टी शुरू से ही PDA समाज के हक, सम्मान और अधिकार की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी किसी भी कीमत पर उनके वोट के अधिकार से समझौता नहीं होने देगी।

# कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ

**राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक संवाद और युवाओं के सर्वांगीण विकास को मिलेगा नया आयाम**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** माय भारत बरेली (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के तत्वावधान में तथा रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुल. पति प्रो. के. पी. सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित सप्ताह भर चलने वाले कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का प्रथम दिवस अत्यंत उत्साह, गरिमा और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कश्मीर से आए युवाओं को देश की विविध सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक संरचना और विकास यात्रा से परिचित कराते हुए राष्ट्रीय एकता की भावना को सशक्त करना है।



कार्यक्रम के पहले दिन की शुरुआत प्रातः प्रतिभागी युवाओं के पंजीकरण से हुई, जिसमें सभी युवाओं ने पूरे जोश और उत्साह के साथ सहभागिता की। इसके पश्चात दोपहर में भव्य उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया।

उद्घाटन समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरांत कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृतिचिन्ह भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय, माय भारत के राज्य निदेशक अनिल कुमार सिंह, मो0 अकरम (पूर्व जेलर), डॉ. चारुल मेहरोत्रा, अशोक कुमार सिंह (चीफ वार्डन), पुष्पा सिंह (उप निदेशक, माय भारत बरेली), शिखर रस्तोगी एवं मयंक भदौरिया (जिला युवा अधिकारी) सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। साथ ही प्रो. राकेश कुमार मौर्य, डॉ. सुमित श्रीवास्तव, डॉ. ज्योति पाण्डेय, डॉ. छवि शर्मा, डॉ. अनिल बिष्ट, अजय राज शर्मा एवं अमित तोमर (राज्य प्रशिक्षक) की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान पुष्पा सिंह, उप निदेशक माय भारत ने प्रतिभागियों को सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इस यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के अंतर्गत युवाओं के लिए शैक्षणिक भ्रमण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ऐतिहासिक स्थलों का अवलोकन, संवाद सत्र तथा व्यक्तित्व विकास से जुड़ी गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी, जिससे युवाओं को समग्र और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा।

इस अवसर पर नगर निगम बरेली के महापौर उमेश गौतम विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कश्मीर से आए युवाओं का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम युवाओं की सोच को व्यापक बनाते हैं और उन्हें भारत की विविधता को नजदीक से समझने का अवसर प्रदान करते हैं।

उन्होंने आयोजकों से अपेक्षा जताई कि कश्मीर से आए युवाओं को बरेली के प्रमुख बाजारों, राष्ट्रीय महत्व के स्थलों तथा ऐतिहासिक-सांस्कृतिक धरोहरों का भ्रमण कराया जाए, ताकि वे बरेली की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक जीवनशैली से भली-भांति परिचित हो सकें।

राज्य निदेशक माय भारत अनिल कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम युवाओं को एक-दूसरे की संस्कृति, परंपराओं और जीवन मूल्यों को समझने का सशक्त मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम "एक भारतश्रेष्ठ भारत" की भावना को जमीनी स्तर पर मजबूत करते हैं और युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं।

डॉ. चारुल मेहरोत्रा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं के मानसिक, सामाजिक एवं बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहीं मो0 अकरम (पूर्व जेलर) ने अनुशासन, सकारात्मक सोच और सामाजिक जिम्मेदारियों पर अपने अनुभव साझा करते हुए युवाओं को प्रेरित किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने कश्मीर से आए युवाओं से आत्मीय संवाद स्थापित किया और उन्हें देश की एकता, अखंडता एवं सांस्कृतिक विविधता का संदेश देते हुए राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने प्रतिभागी युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का सफल आयोजन माय भारत टीम एवं जिला प्रशासन के समन्वय से किया गया।

समापन अवसर पर धन्यवाद ज्ञापन जिला युवा अधिकारी शिखर रस्तोगी एवं मयंक भदौरिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन अजय राज शर्मा ने किया। कार्यक्रम व्यवस्था में लेखा एवं कार्यक्रम सहायक योगेश कुमार, राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता मोहित शर्मा तथा स्वयंसेवक आलोक, शिवांक, तरुण, काजल, विशाल, अनीता, मोहित एवं भूपेंद्र का विशेष सहयोग रहा।

## एक नजर

### गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी का आरोप, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना मीरगंज क्षेत्र के गांव नौसना में गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पीड़िता प्रिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव में दावत के दौरान उसका पति खाना खाने गया था। इसी दौरान गांव खमरिया सानी निवासी महेंद्र पाल वहां पहुंचा और उसके पति के बारे में आपत्तिजनक व उल्टी-सीधी बातें करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। घटना से घबराई पीड़िता थाने पहुंची और आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के ग्राम खजुरिया निवासी संतोष पुत्र वेदराम ने गुरुवार को जंगल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में मृतक के पिता वेदराम की तहरीर पर पुलिस ने सास कमला निवासी नारा फरीदापुर ममिया, ससुर छेदालाल तथा दुर्योधन व हरिनारायण निवासी ग्राम वसावनपुर के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया है।

पिता का आरोप है कि संतोष ने कारोबार के लिए डेढ़ लाख रुपये उधार लिए थे, जिसमें से वह 30 हजार रुपये वापस कर चुका था। शेष रकम न चुका पाने के कारण सास कमला देवी लगातार उसे प्रताड़ित कर रही थी। आरोप है कि शुक्रवार को कमला देवी अपने ममेरे भाइयों के साथ संतोष के घर पहुंची और उसके साथ मारपीट की। रुपये न देने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। वेदराम ने बताया कि संतोष ने प्रेम विवाह किया था, जिसको लेकर पत्नी के मामा उससे रंजिश मानते थे। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### जेसीबी चलवाकर प्रशासन ने खाली कराया होलिका स्थल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** शाही थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर में होलिका स्थल पर हुए अतिक्रमण को प्रशासन ने सख्ती से हटवा दिया। गांव के कुछ लोगों ने होलि. का स्थल की जमीन पर कब्जा कर पुआल की गरिया, कूड़ा-कचरा डालकर खाद का गड्ढा बना दिया था, जिससे वर्षों पुरानी परंपरा के अनुसार होलिका रखने में बाधा उत्पन्न हो गई थी।

होलिका न रखे जाने से आक्रोशित दर्जनों ग्रामीणों ने शुक्रवार को उपजिलाधिकारी मीरगंज से मुलाकात कर शिकायत दर्ज कराई।मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम मीरगंज ने नायब तहसीलदार अरविंद कुमार को हल्का लेखपाल और पुलिस बल के साथ मौके पर भेजा। पुलिस फोर्स की मौजूदगी में नायब तहसीलदार ने जेसीबी मंगवाकर अतिक्रमण हटवाते हुए होलिका स्थल को खाली कराया। कार्रवाई के बाद ग्रामीणों ने चार दिन की देरी से खाली कराए गए स्थल पर होलिका स्थापित की।गांव के महावीर सिंह ने बताया कि होलिका स्थल की करीब एक बीघा भूमि पर कब्जा था, जिसमें से लगभग आधा बीघा जमीन प्रशासन ने अतिक्रमण मुक्त कराई।

### गौवंश को भाला मारकर घायल करने पर युवक पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** गौवंश की आंख में कोई नुकीली वस्तु मारकर उसे घायल करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आंख में नुकीली वस्तु लगने से घायल हुए गौवंश का अस्पताल में इलाज करवा दिया गया है। ग्राम विहारीपुर निवासी प्रशांत उम्र लगभग 45 वर्ष पुत्र राज सिंह का कहना है कि दिनांक 05.02.26 को जब वह अपने घर के बाहर रास्ते में खड़ा था, तभी मकसूद पुत्र महमूद निवासी विहारीपुर हाथ में भाला लिऐ घूम रहा था। इसी दौरान एक आवारा गौवंश घूमते हुऐ वहां आ गया, जिसको देखते ही मकसूद ने उस पर भाला से हमला कर दिया। भाला गौवंश की आंख में घुस गया, जिससे गौवंश की आंख से खून बहने लगा। इसके बाद उसने इसकी सूचना गौरक्षा हिन्दू दल के जिलाध्यक्ष रजत पंडित को दी, जिसपर उन्होंने तत्काल पशु चिकित्सक को वहां भेजा। पशु चिकित्सा अधिकारी संजय सिंह ने घायल गौवंश का उपचार कर दिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी मकसूद के खिलाफ धारा 11 पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### महिला के भाई के मोबाइल पर पति ने भेजे अश्लील फोटो व वीडियो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुलिस ने आरोपी पति पर दर्ज किया मुकदमा**

**बहेड़ी।** एक महिला ने अपने पति पर भाई के मोबा. इल पर उसके अश्लील वीडियो और भद्दे कमेंट लिखकर भेजने का आरोप लगाया है।

महिला का कहना है कि उसने पति व ससुर पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज करा रखा है जो कि न्यायालय में लंबित है। इस मामले में महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना बहेड़ी के ग्राम हसनपुर निवासी एक महिला का कहना है कि उसकी शादी मनोज कुमार पुत्र वीरम सिंह निवासी ग्राम नौसना तहसील मीरगंज जिला बरेली के साथ हुई थी। पति व ससुराल वालों द्वारा उसे दहेज के लिये प्रताड़ित करने पर उसने अपने पति व सास ससुर के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा तथा भरण पोषण का मुकदमा लिखवाया था, जो कि लंबित चल रहा है। उसका पति उसे भरण पोषण राशि नहीं देता है, और फोन करके गन्दी-गन्दी गालियां तथा जान से मारने की धमकी देता है। दिनांक 28.01.26 को उसके पति मनोज ने उसके अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर उनपर भद्दे अश्लील कमेन्ट लिखकर उसके भाई को भेजे। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति मनोज कुमार पुत्र वीरम सिंह निवासी ग्राम नौसना तहसील व थाना मीरंगज जिला बरेली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### उर्से रौनके मिल्लतः आस्ताना आलिया मंसूरपुर में 15वां सालाना उर्स 8 फरवरी को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** शीशगढ़ क्षेत्र के मंसूरपुर स्थित आस्ताना आलिया में हजरत सैय्यद रौनक अली मियां (रहमतुल्लाह अलैह) का 15वां सालाना उर्स 8 फरवरी को अकीदत और एहतराम के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में जायरीन और अकीदतमंदों के पहुं. चने की संभावना है।

हजरत सैय्यद रौनक अली मियां एक बुजुर्ग-ए-कामिल थे, जिनकी जिंदगी इश्कध-ए-इलाही, इंसानियत और मिल्लत की खिदमत में समर्पित रही। उनके आस्ताने पर आज भी लोग अमन, सुकून और दुआ की उम्मीद लेकर पहुंचते हैं। उर्स के दौरान जायरीन जिक्र-ओ-अजकार में शामिल होकर रूहानी सुकून हासिल करेंगे।इस वर्ष उर्स "उर्से रौनकध्मिल्लत" की थीम पर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत औलमाए किराम की तकध्रीरें होंगी, जिनमें इस्लामी और सूफियाना तालीमात पर प्रकाश डाला जाएगा। इसके साथ ही नात-ओ-मनकबत की महफिल आयोजित की जाएगी, जिसमें हजरत की शान में कलाम पेश किया जाएगा। दोपहर 1:30 बजे से कुल शरीफ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कुरआन-ए-पाक की तिलावत के बाद सामूहिक दुआ कराई जाएगी। दरगाह के सज्जादानशीन हजरत सैय्यद फरहत मियां ने बताया कि उर्स की सभी तैयारियां पूरी कर ली।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# अवैध बूचड़ खाने पर छापा, सात पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** मोहल्ला टांडा में मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी करते हुए एक मकान के अंदर अवैध रूप से चल रहे बूचड़खाने का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि चार आरोपी फरार बताए जा रहे हैं।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरो. पियों की पहचान जलीस अहमद, यासीन एवं शोएब के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से करीब 70 किलो पड्डे का मांस बरामद किया गया है। मौके पर अवैध रूप से पशु वध किया जा रहा था। छापेमारी के दौरान पुलिस को देख चार अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने बरामद मांस को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। फरार आरोपियों की तलाश के लिए दबिश दी जा रही है।

इस संबंध में पुलिस का कहना है कि अवैध पशु वध किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस ने जलीस, पुत्र रईस अहमद निवासी मोहल्ला टांडा, यासीन पुत्र हबीबुल्ला निवासी मोहल्ला इस्लाम नगर, शोएब, मोहम्मद उमर, निवासी मोहल्ला टांडा, फईम पुत्र अज्ञात, तौफीक पुत्र अज्ञात, नासिर पुत्र अज्ञात उर्फ बंदू पुत्र अज्ञात व जावेद पुत्र अज्ञात के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# परिवार को बाथरूम में बंद कर युवती उठाने का आरोप

**तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र से एक युवती के घर से गायब हो गई है। युवती के पिता ने मोहल्ला राजेंद्र नगर निवासी शिवम उर्फ आयुष सक्सेना तथा उसके साथियों के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था।

पीड़ित पिता का आरोप है कि आरोपी रात्रि के समय उनके घर में घुस आए और उनकी पुत्री को जबरन अपने साथ ले गए। उस समय युवती के पास करीब तीन तोले के सोने के आभूषण थे, जबकि घर में रखे 27 हजार रुपये नकद भी आरोपियों द्वारा ले जाने का आरोप लगाया गया है।पीड़ित ने पुलिस को बताया कि आरोपी उसकी पुत्री पर दबाव बना रहे थे, जिससे उसे पुत्री की जान को खतरे की आशंका बनी हुई थी। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों ने रिश्तेदारों के साथ युवती की तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद थाने में तहरीर दी गई।पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और कार्रवाई करते हुए युवती को सकुशल बरामद कर आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और आरोपियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# एडवोकेट एसोसिएशन कार्यकारिणी की बैठक में कई को मिली सदस्यता, तो एक का इस्तीफा हुआ मंजूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी की हुई बैठक में जहां पांच अधिवक्ताओं को संगठन की सदस्यता दिए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया वहीं दो अधिवक्ताओं की सदस्यता बहाल किए जाने का सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया।

संगठन के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए इसी बैठक में शशि कपूर, प्रदीप कुमार, हलचल, कंचन, बुशरा, अमित कुमार और मो अशरफ के संगठन को सदस्यता दिए जाने के प्रार्थना पत्रों को रखा गया, जिसमें शशि कपूर और प्रदीप कुमार को छोड़कर सभी पांचों को संगठन की सदस्यता प्रदान किए जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति है पारित कर दिया गया। शशि कपूर और प्रदीप कुमार द्वारा तहसील में प्रैक्टिस न किए जाने की वजह से उन्हें संगठन में शामिल नहीं किया गया और उनके प्रार्थना पत्रों को खारिज कर दिया गया। इसके साथ ही बड़ा गांव के अधिवक्ता शिवम् गंगवार द्वारा नैनीताल वार में व्यवसाय किए जाने के चलते उनके द्वारा संगठन से दिए गए त्यागपत्र को मंजूर कर लिया गया। इसके साथ ही बैठक में अधिवक्ता ओमकार और प्रेमशंकर द्वारा संगठन से अपनी सदस्यता बहाल किए जाने का अनुरोध किया गया जिस पर उन्होंने लिखकर दिया कि उनका नाम बरेली वार की सूची में नहीं है, जिस पर दोनों अधिवक्ताओं की सदस्यता बहाल किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। संगठन के सुरेंद्रपाल द्वारा एल्डर कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सुधाकर लाल रस्तोगी को संगठन का संरक्षक बनाए जाने का प्रस्ताव रखा गया जिसे सर्वसम्मति है पारित कर दिया गया। इसके साथ ही सफाई कर्मी की मजदूरी 5 सौ रुपए प्रति माह बढ़ाए जाने का भी प्रस्ताव पारित किया गया।

बैठक में सचिव पुष्पाल सिंह,खजांची वीरेन्द्र पटेल, सुरेंद्रपाल सिंह, बुद्धसेन सहित अधिकतर कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया। संगठन के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार द्वारा उक्त जानकारी दी गई है।

# शांतिकुंज हरिद्वार की भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सफल छात्र-छात्राएं सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** संत मंगलपुरी इंटर कॉलेज में शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार, मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

बताया गया कि शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगी परीक्षा में विद्यालय के लगभग 300 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया था। गुरुवार को शांतिकुंज हरिद्वार के जिला समन्वयक राजीव जौहरी सहित प्रमोद कुमार, लीलाधर शर्मा, केपी सिंह एवं राजेश कुमार विद्यालय पहुंचे और विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। परीक्षा में कक्षा 8 की छात्रा अंशिका पुत्री राकेश कुमार ने प्रथम स्थान, कक्षा 12 के छात्र विकास कुमार पुत्र राम आसरे ने द्वितीय स्थान तथा



कक्षा 8 की छात्रा शिवांगी शर्मा पुत्री शर्मेंद्र शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसके अतिरिक्त कक्षा 12 के छात्र संजय पुत्र हरनाम सिंह व पवन गंगवार पुत्र लालता प्रसाद तथा कक्षा 11 के छात्र अनिल पुत्र रंजीत सिंह को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रबंधक बाबा अरविंद गिरी, प्रधानाचार्य सोनू गुप्ता, उप प्रधानाचार्य सुभाष गंगवार सहित शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एसआईआर में आ रही विसंगतियों को लेकर एसडीएम ने सुपरवाइजर और बीएलओ को दिया प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** तहसील सभागार में शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र के सभी सुपरवाइजरों और वीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में एसआईआर में आ रही दिक्कतों को कैसे दूर करें इसकी जानकारी एसडीएम द्वारा दी गई। प्रशिक्षण में सुपरवाइजरों और वीएलओ द्वारा उठाए गए सवालों का समाधान एस डी एम द्वारा किया गया।

एसडीएम उदित पवार ने प्रशिक्षण शिविर में शामिल सुप. रवाइजरों और वीएलओ को फार्म 6 अधिक से अधिक प्राप्त करने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही निष्पक्ष रूप से कार्य करने के निर्देश एसडीएम ने दिए हैं। प्रशिक्षण शिविर में क्षेत्र अधिकांश वी एल ओ,सुपरवाइजरों के साथ ही वीआरसी मोहित कुमार मिश्रा आदि ने भाग लिया।

# मस्जिद रोड पर भरे गंदे पानी से गुजरने को लोग मजबूर

**परिषद प्रशासन पर लगा उपेक्षा का आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे की नई बस्ती पश्चिमी वार्ड 10 आज कल नगर पालिका परिषद प्रशासन की उपेक्षा का शिकार है। बस्ती के अधिकतर रोडों का बुरा हाल है, सर्वाधिक खराब हालत बस्ती के मोती मस्जिद वाले रोड की है।

इस रोड पर गंदा पानी भरा पड़ा हुआ है, जिससे होकर मस्जिद जाने वाले नमाजियों के साथ ही स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों को इस पानी से होकर जाना पड़ रहा है, जिससे उनके कपड़े खराब होना स्वाभाविक है। जुमा (शुक्रवार) को इस रोड का और बुरा हाल रहता है, इसकी वजह भी है जुमा को बस्ती के हर घर में नहाना, कपड़े धोना होता है जिसकी वजह से पानी खासी तादात में जमा हो जाता है। शुक्रवार को बस्ती के लोग मस्जिद नमाज पढ़ने कैसे जाते हैं यह अच्छी तरह से समझा जा सकता है। बस्ती के लोगों ने बताया कि सफाई कर्मी के कम आने की वजह से बस्ती में कूड़े के ढेर लगे रहते हैं। बस्ती के मो0 नईम, बब्बू, यासीन बैटरी, पप्पू, अजीम के साथ ही पूर्व सभासद नबी अहमद ने बस्ती के साथ उपेक्षा किए जाने का आरोप नगर पालिका प्रशासन पर लगाते हुए रोड की मरम्मत कराए जाने, जल निकासी के साथ ही सफाई सुचारु रूप से कराए जाने की मांग की है।



# हज यात्रा पर जाने वाले जायरीनों को शीशगढ़ सीएचसी पर टीकाकरण कराए जाने को चेयरमैन ने उठाई मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** हज यात्रा पर जाने वाले जायरीनों के लिए शीशगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर शि. विर लगाकर टीकारण कराए जाने के लिए चेयरमैन नीलोफर ने मुख्य चिकित्साधिकारी बरेली से मांग की है।

चेयरमैन नीलोफर द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर विश्राम सिंह को प्रेषित पत्र में लिखा है कि हज यात्रा पर जाने वाले जायरीनों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीकारण किया जाने अनिवार्य किया गया है। टीकाकरण हेतु जायरीनों को 52 किमी दूर बरेली जाना पड़ता है, जिसमें बुजुर्गों व महिलाओं को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। गत वर्ष भी शीशगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर हज यात्रा पर जाने वाले हाजियों के लिए टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जा चुका है जिसमें जायरीनों को काफी लाभ मिला था। शीशगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर टीकारण शिविर लगने से शीशगढ़ कस्बे सहित दो दर्जन गांवों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

**चेयरमैन नीलोफर का सराहनीय कदम प्रशंसनीय**

हज यात्रा पर जाने वाले जायरीनों के लिए शीशगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर टीकाकरण शिविर लगाए जाने की पहल को समाजस. वी हाजी अब्दुल सलाम शास्त्री ने एक सराहनीय कदम बताया है। उन्होंने कहा है कि चेयरमैन नीलोफर का यह प्रयास जायरीनों के लिए बेहद लाभकारी होगा, जिससे शीशगढ़ कस्बे के अलावा दर्जनों गांवों के जायरीनों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

चेयरमैन नीलोफर का पत्र मिला है। हज यात्रा पर जाने वाले जायरीनों को शीशगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर टीकाकरण कराए जाने के लिए निर्देश जारी कर दिए गए, शिविर की तिथि से अवगत करा दिया जाएगा। शिविर से शीशगढ़ कस्बे के अलावा ग्रामीण इलाके के जायरीनों को भी पूरा लाभ मिलेगा।

**डॉक्टर विश्राम सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी बरेली**

**कार्यालय नगर पंचायत शीशगढ़ जनपद-बरेली**

पत्रांकः-268/1/न0पं0शीशगढ़/वर्ष 2025-26 दिनांकः-06.02.2026

**ई-निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिलाधिकारी महोदय, बरेली के पत्र संख्या-182(17)/ तेईस- न0पा0सहा0-2026 दिनांक-04 जनवरी, 2026 के द्वारा कार्यों की वित्तीय/प्रशासनिक स्वीकृति उपरान्त नगर पंचायत शीशगढ़-बरेली को वित्तीय वर्ष 2025-2026 में 15वें वित्त आयोग (Tied Grant) एवं 15वें वित्त आयोग (Untied Grant) की प्रथम किस्त के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से तथा नगर पंचायत शीशगढ़-बरेली को वित्तीय वर्ष 2025-2026 में शहरी क्षेत्रों में अन्त्येष्टि स्थल विकास योजना के अन्तर्गत नगरीय निकायों में अन्त्येष्टि स्थलों के निर्माण हेतु प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्यों हेतु ई-निविदा बेवसाईट www.etender.up.nic.in पर निविदायें पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से शर्तों के आधार पर दिनाँक 07.02.2026 को अपरान्ह 4.00 बजे से दिनाँक 23.02.2026 को अपरान्ह 2.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। ई-निविदाओं को दिनांक 23.02.2026 को दोपहर 3.00 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जायेंगी, कार्यों का विवरण व अन्य शर्तें बेवसाईट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत शीशगढ़
बरेली

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत शीशगढ़
बरेली

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक तंबर का सेंथल में हुआ जबरदस्त स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस व एनएसयूआई के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक तंबर का यहां पहुंचने पर जबरदस्त स्वागत किया गया।

श्री तंबर यहां अपने खास मित्र इम्तियाज रजवी इदरीसी की बेटी की शादी में शिरकत को आए थे। उन्हें फूल मालाएं पहनाई और असमिया गमछा व गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया गया। बाद में उन्होंने अखबार नबीसों से वार्ता करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में सामाजिक मुद्दों उजागर करने वाले कार्यक्रम देश भर में चलाए गए। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा की सरकारों से जनता ऊब चुकी है और टकटकी लगाए हसरत भरी निगाहों से कांग्रेस को देख रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हर वर्ग के लोगों को महत्व देती है और सबको साथ लेकर चलने में ही विश्वास रखती है। लोग बड़ी संख्या में कांग्रेस से जुड़ रहे है और आने वाला वक्त कांग्रेस का है। स्वागत करने वालों में सेंथल चेयरमैन कंबर एजाज शानू, डॉक्टर कलीम अहमद, मुमताज इदरीसी, सरफराज इदरीसी, शाहिद नबी इदरीसी, यामीन इदरीसी, अकरम खान, वसीम अंसारी, दानिश इदरीसी, हरिशंकर मौर्य आदि मुख्य रहे।

# शादीशुदा कॉन्स्टेबल की गर्लफ्रेंड ने खुद को मारी गोली

■ पत्नी का कॉल आने पर उठाई लाइसेंसी पिस्टल, फिर किया सुसाइड, पांच साल का रिलेशन था


प्रिया, मृतक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में शादीशुदा कॉन्स्टेबल की गर्लफ्रेंड ने खुद को लाइसेंसी पिस्टल से गोली मार ली। दिल्ली पुलिस में कॉन्स्टेबल है। वो अपनी गर्लफ्रेंड और कुछ दोस्तों के साथ घर पर पार्टी कर रहा था। इस दौरान उसकी पत्नी का फोन आ गया। युवती ने कॉन्स्टेबल की पत्नी का फोन उठाया। उससे बात की। इसी दौरान युवती ने पास रखी लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मार ली। कॉन्स्टेबल युवती को आनन-फानन में पास के अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

इस घटना से सोसाइटी के आसपास हड़कंप मच गया। फिलहाल पुलिस की सूचना पर युवती के परिजन अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने दिल्ली पुलिस में तैनात कॉन्स्टेबल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने कॉन्स्टेबल को हिरासत में ले लिया है।

मामला बिसरख कोतवाली के राधा स्काई गार्डन सोसाइटी का है। पिछले 5 महीने से दिल्ली पुलिस में तैनात कॉन्स्टेबल आशीष और प्रिया(25) नाम की युवती दोनों राधा स्काई गार्डन सोसाइटी में एक साथ रह रहे थे। आशीष पिछले 5 सालों से प्रिया के साथ रिलेशन में था। उसका पत्नी से तलाक का विवाद चल रहा था। गुरूवार रात को आशीष के घर पर पार्टी चल रही थी। पार्टी में आशीष के कुछ दोस्त भी आए थे। सभी पार्टी कर रहे थे। तभी पार्टी के दौरान आशीष की पत्नी का फोन आ गया। प्रिया ने आशीष की पत्नी का फोन रिसीव कर लिया। दोनों के बीच फोन पर ही कहासुनी हुई। फोन पर बात करते-करते प्रिया ने गुस्से में आकर आशीष की लाइसेंसी पिस्टर से खुद को गोली मार ली।

गोली की आवाज सुनते ही आशीष और उसके दोस्त मौके पर दौड़े। प्रिया का काफी खून बह रहा था। तुरंत ही सारे लोग उसे नजदीकी अस्पताल में ले गए। जहां उपचार के दौरान डॉक्टर ने उसकी गंभीर हालत बताई है। फिलहाल प्रिया वेंटिलेटर पर है।

**युवक खुद लेकर पहुंचा अस्पताल:** एसीपी बिसरख ने बताया- देर रात राधा स्काई गार्डन सोसाइटी में कुछ लोग पार्टी कर रहे थे। इसी दौरान गोली चलने की आवाज आई। सोसायटी के लोग जब पास पहुंचे तो देखा एक युवती जो की खून से लथपथ पड़ी थी। जिसको कॉन्स्टेबल ने आननफानन में तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

**हर एंगल से की जा रही मामले की जांच डीसीपी:** एडीसीपी सेन्ट्रल नोएडा आर के गौतम ने बताया- एक युवती घायल अवस्था में प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जिसको गन शॉट इंजरी है। पुलिस के द्वारा तत्काल इस मामले की जांच की गई।।पाया गया कि घायल युवती और उसका साथी अपने कुछ मित्रों के साथ एक सोसाइटी में पार्टी कर रहे थे। तभी आपसी विवाद को लेकर युवती ने खुद पर गोली चलाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों की तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर दी गई है।

घटना में प्रयुक्त तमंचा बरामद कर लिया गया है। सोसायटी के फ्लैट को सील कर दिया है। अभी तक की जानकारी के अनुसार आरोपी दिल्ली पुलिस में हेड कॉन्स्टेबल के पद पर कार्यरत है। जिसको गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## झपटमारी करने वाला एक बदमाश गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बाइक पर सवार को साथी संग मिलकर राहगीरों से मोबा. इल झपटमारी करने वाले एक बदमाश को सेक्टर-39 थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से दो मोबाइल फोन और तमंचा बरामद हुआ है। उसके खिलाफ बुंलदशहर और नोएडा में तीन केस दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एक मामला सेक्टर-39 थाना पुलिस ने केस दर्ज किया। शुक्रवार को उसे सेक्टर-45 सोम बजार कट से गिरफ्तार कर किया गया।

## आरटीई के तहत दाखिला नहीं लेने वाले स्कूलों पर होगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत दाखिला नहीं लेने वाले स्कूलों पर पहले दिन से कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार को डीएम मेधा रूपम ने निजी स्कूलों की 25 प्रतिशत सीटों पर आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के दाखिले के लिए बैठक की। बैठक में बेसिक व माध्यमिक के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र छात्र दाखिले से छूटना नहीं चाहिए।

उन्होंने आरटीई के तहत प्रवेश प्रक्रिया को पारदर्शी, समयबद्ध एवं जवाबदेही के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए साथ ही प्रत्येक स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा। इस मौके पर उन्होंने लेखपाल, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एनआरएलएम स्वयंसेवी संस्थाएं, ग्राम प्रधान, आरडब्ल्यूए, जिला पंचायत राज अधिकारी, विकास प्राधिकरण तथा नगर पालिका की कूड़ा संग्रहण गाड़ियों में लगे पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से डोर-टू-डोर एवं जनसंपर्क अभियान चलाने को कहा जिससे योजना की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि विद्यालय स्तर पर किसी भी प्रकार की अनियमितता, भेदभाव या अतिरिक्त शुल्क की मांग को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कोई विद्यालय शासन के निर्देशों का उल्लंघन करता पाया गया तो उसके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने शिक्षा विभाग का अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी उप जिलाधिकारियों के साथ बैठक कराते हुए यह सुनिश्चित कराएं कि लेखपालों द्वारा स्थलीय जांच कर ही आय प्रमाण पत्र जारी किए जाएं।

## खिलाड़ी की कार को टक्कर मारने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शिवम ठाकुर की कार को टक्कर मारने के मामले में पुलिस ने बोलेरो चालक को शुक्रवार, 6 जनवरी को गिरफ्तार किया। यह घटना 4 फरवरी की देर रात हुई थी, जिसके बाद पीड़ित खिलाड़ी ने एक वीडियो वायरल कर इसे जानलेवा हमला बताया था।

पुलिस के अनुसार, ग्रेटर नोएडा निवासी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शिवम ठाकुर अपनी ग्रैंड विटारा कार से घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही एक सफेद रंग की बोलेरो गाड़ी ने उनकी कार में टक्कर मार दी।

घटना की जांच के दौरान पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज के आधार पर बोलेरो वाहन की पहचान




की गई और त्वरित कार्रवाई करते हुए चालक दीपक पुत्र वीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी दीपक (लगभग 26 वर्ष) मधुबन बिहार, ग्राम कुलेसरा, थाना ईकोटेक-3, गौतम बुद्ध नगर का निवासी है।

**शिवम ठाकुर ही के कॉलोनी का रहने वाला है आरोपी दीपक:** पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि वादी शिवम ठाकुर और आरा. पी दीपक दोनों एक ही कॉलोनी के निवासी और पड़ोसी हैं। दोनों के बीच किसी भी प्रकार का पूर्व विवाद नहीं पाया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जांच में घटना के दौरान गोली चलने या किसी प्रकार की फायरिंग जैसी कोई बात सामने नहीं आई है।

इस संबंध में एडीसीपी सेंट्रल नोएडा आरके गौतम ने बताया कि सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए निष्पक्ष जांच की जा रही है, ताकि घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। पुलिस द्वारा मामले की विस्तृत जांच और आवश्यक कानूनी कार्रवाई जारी है।

## एक नजर

### 12 के साल बच्चे ने किया सुसाइड

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** स्कूल नहीं जाने पर माता-पिता के डाटने पर एक बच्चे ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। जिस समय बच्चे ने फांसी लगाई घर पर कोई नहीं था। घटना तीन फरवरी की है।

थाना फेस 2 क्षेत्र के नगला चरण दास गांव में 12 साल का गोलू परिवार के साथ रहता था। पिता की मौत पहले हो चुकी है। मां ने दूसरी शादी की है। उसकी एक बड़ी बहन भी है। जिस समय गोलू ने सुसाइड किया माता-पिता दोनों नौकरी पर गए थे। बहन स्कूल गई थी। ।ग्राम नगला चरण दास में रहने वाले अमित का बेटा गोलू पांचवीं कक्षा का छात्र था। पुलिस ने बताया कि गोलू अक्सर स्कूल नहीं जाने के लिए बहाना बनाता था। 3 फरवरी को भी स्कूल नहीं जाने के लिए बहाना करने लगा। उसे टीवी देखना था। जिसके चलते मां-पिता ने केबल का कनेक्शन हटाने की बात कही। और स्कूल नहीं जाने के लिए डाट दिया। गोलू तब कुछ नहीं बोला और कमरे में चला गया। कुछ देर बाद मां-पिता दोनों नौकरी पर चले गए। वो पास में ही एक कंपनी में काम करते है। साथ ही बहन स्कूल चली गई। लौट कर देखा तो गोलू ने पंखे से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। पिता ने पुलिस को फोन किया। शव को कब्जे में लिया गया। पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम में मौत की वजह दम घुटना बताई गई।

### शादी में 50 लाख के गहनों-नकदी से भरा पर्स ले उड़े चोर

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा में ईकोटेक-3 कोतवाली क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान चोरों ने वधू की मां के करीब 50 लाख रुपये के कीमती गहनों और नकदी से भरा पर्स चोरी कर लिया। यह वारदात बैंक्वेट हॉल में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, जिसमें दो युवक आराम से पर्स उठाकर बाहर निकलते दिख रहे हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गाजियाबाद के विजय नगर निवासी डॉ. विनय गौतम की बेटी की शादी गुरुवार को चौगानपुर के पास गोल्डन ड्रीम बैंक्वेट हॉल में थी। शादी की रस्में शुरू होने के दौरान, रात करीब 12 बजे, वधू की मां कुसुम गौतम एक मेज पर रखा अपना पर्स गायब देखकर चिंतित हो गईं। पर्स में करीब 50 हजार रुपये नकद और लगभग 50 लाख रुपये मूल्य के जेवर थे। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज खंगाली।

**सूट-बूट में आए थे चोर, सीसीटीवी में कैद:** सीसीटीवी फुटेज में सूट-बूट पहने दो युवक मेज से पर्स उठाते और बिना किसी हड़बड़ी के हॉल से बाहर निकलते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने कुसुम गौतम की तहरीर के आधार पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। हालांकि, अभी जेवरों की विस्तृत सूची और उनकी कुल कीमत पुलिस को उपलब्ध नहीं कराई गई है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आरोपी मेहमान बनकर आए थे या बाहर से घुसे थे।

**पुलिस ने गठित की विशेष टीम, जल्द खुलासे का दावा:** फुटेज के आधार पर दोनों युवकों की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम गठित की है और जल्द ही इस वारदात का खुलासा करने का दावा किया है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि आरोपियों के आने-जाने का मार्ग पता लगाया जा सके।

### स्क्रैप माफिया रवि काना ने दायर की अंतरिम जमानत याचिका

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** बांदा जेल से 29 जनवरी को जमानत रिहा हुए स्क्रैप माफिया रवि काना को गौतमबुद्ध नगर पुलिस तलाश रही है। वहीं, गिरफ्तारी से बचने के लिए उसकी ओर से न्यायालय में अंतरिम जमानत याचिका दायर की गई है। याचिका पर 11 फरवरी को सुनवाई होगी। इसकी जानकारी आरोपी के अधिवक्ता ललित मोहन गुप्ता ने दी। रविंद्र सिंह उर्फ रवि नागर उर्फ रवि काना पर स्क्रैप कारोबार की आड़ में अवैध वसूली, जमीन कब्जाने, धमकी देने, मारपीट और संगठित अपराध से जुड़े कई गंभीर आरोप हैं। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, गौतमबुद्ध नगर की अदालत से बी-वारंट के बावजूद रवि काना को बीते 29 जनवरी को बांदा जेल से रिहा कर दिया गया, जबकि रवि काना के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की तीन धाराओं के तहत पिछले माह सेक्टर-63 थाने में केस दर्ज हुआ था।

वह पहले से ही अन्य मुकदमों में जिला कारागार बंद था। इस दौरान नोएडा पुलिस ने अदालत में पेश कराने के लिए बी-वारंट जारी कराया। रवि काना को रिहा किए जाने को लेकर जिला कारागार बांदा के जेल प्रशासन से अदालत ने स्पष्टीकरण तलब किया था। इस मामले में जेल प्रशासन की लापरवाही मानते हुए डीजी जेल ने पहले जेलर और बाद में जेल अधीक्षक को निलंबित कर दिया। वहीं, गौतमबुद्ध नगर पुलिस रवि काना को खोज रही है। संभावित स्थानों पर दबिश दे रही है। गिरफ्तारी से बचने के लिए रवि काना ने कोर्ट में अंतरिम जमानत याचिका दायर की है। आरोपी के अधिवक्ता ललित मोहन गुप्ता ने बताया कि हाल ही में सेक्टर-63 थाने में दर्ज एफआईआर के अनुसार रवि काना पर सिर्फ हत्या की धमकी देने का आरोप है। जिस पर याचिकाकर्ता को अंतरिम जमानत दी जा सकती है। याचिका पर सुनवाई के लिए अदालत ने 11 फरवरी की तारीख निर्धारित की है।

## पड़ोसी पर महिला को पीटने का आरोप

**नोएडा।** फेज-दो थाना क्षेत्र के आगरबस्ती गांव में निवासी महिला ने पड़ोसी युवक पर आपसी कहा. सुनी में मारपीट, अपमानित करने और धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने गुरुवार को पड़ोसी के खिलाफ फेज-दो थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। महिला और उनके पति की 14 जनवरी को जफर से कहासुनी हो गई। जफर अभद्रता करने लगा। महिला ने मना किया तो जफर ने मारपीट की। महिला को बचाने आए पति से भी मारपीट की। भीड़ एकत्रित होने के बाद आरोपी धमकी देकर भाग गया। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की। एसीपी उमेश कुमार ने बताया कि पीड़ित महिला की शिकायत पर पड़ोसी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

## लंबी दूरी की बसों में ऑनलाइन टिकट की सुविधा शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा डिपो की लंबी दूरी की सभी बसें ऑनलाइन कर दी गई है। इनमें आगरा, अलीगढ़, लखनऊ, बरेली, बदायूं, कासगंज और एटा समेत अन्य शहरों की बसें शामिल हैं। इन बसों में अब अधिक से अधिक ऑनलाइन टिकट बुक हो, इसके लिए यात्रियों को जागरूक किया जा रहा है। नोएडा डिपो में 188 बसें हैं। सभी साधारण और सीएनजी से चलने वाली बसें हैं। डिपो की अपनी वातानुकूलित बसें नहीं हैं। अन्य डिपो की वातानुकू. लित बसें नोएडा डिपो होकर निकलती हैं। इनमें लखनऊ, गोरखपुर और अन्य शहरों की बसें शामिल हैं। नोएडा डिपो के अधिकारियों ने कहा कि ग्रामीण रूट और स्थानीय रूटों की बसों में ऑनलाइन टिकट की सुविधा की सफलता मुश्किल है।

ऐसे में इन बसों में ऑनलाइन टिकट बुकिंग की व्यवस्था नहीं है। बाकी सभी लंबी दूरी की लगभग 107 बसों में ऑनलाइन टिकट बुक करने की सुविधा है। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम गौतमबुद्ध नगर के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार ने बताया कि बस में ऑनलाइन टिकट बुक करना समय की बचत, कहीं से भी बुकिंग की सुविधा और मनपसंद सीट चुनने का विकल्प भी मिलेगा। उन्होंने बताया कि ज्यादा से ज्यादा यात्री बसों में ऑनलाइन टिकट बुक करें, इसके लिए चालक और परिचालकों द्वारा उन्हें जागरूक किया जा रहा है। मोबाइल पर परिचालक को टिकट दिखाना पड़ेगा रोडवेज की बसों में ऑनलाइन टिकट बुक करने के लिए यूपीएसआईटीसी की आधिकारिक वेबसाइट पर टिकट बुक कर सकते हैं।

## बिहार के शहरी विकास एवं आवास विभाग के प्रतिनिधिमंडल ने ग्रेनो का किया दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** बिहार सरकार के शहरी विकास एवं आवास विभाग का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल की तरफ से बताया गया कि बिहार में औद्योगिक टाउनशिप विकसित करने की योजना है। औद्योगिक टाउनशिप होने के नाते जानकारी प्राप्त करने ग्रेटर नोएडा आए हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक कर जमीन अधिग्रहण से लेकर आवंटन तक की प्रक्रिया और नीतियों को जानकारी साझा की। इस बैठक में एसीईओ सुनील कुमार सिंह, एसीईओ प्रेरणा सिंह और एसीईओ सुमित यादव, महाप्रबंधक वित्त स्वतंत्र गुप्ता, प्रधान महाप्रबंधक संदीप चंद्रा, ओएसडी नवीन कुमार सिंह, प्रबंधक अरविंद मोहन समेत वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

प्रतिनिधिमंडल ने ग्रेटर नोएडा और आईआईटीजीएनएल के इंफ्रास्ट्रक्चर, नियोजन, बिल्डिंग प्लान, आवंटन प्रक्रिया समेत तमाम पहलुओं पर जानकारी प्राप्त की। प्राधिकरण के भूलेख विभाग की तरफ से जमीन अधिग्रहण की सभी धाराओं, किसानों को दिए जाने लाभ आदि की जानकारी दी। नियोजन विभाग की तरफ से मास्टर प्लान, सेक्टर ले-आउट, बिल्डिंग बायलॉज, बसावट आदि से जुड़े नियमों व प्रक्रिया से अवगत कराया गया। परियोजना विभाग ने ग्रेटर नोएडा के इंफ्रास्ट्रक्चर के बारे में जानकारी दी। वित्त विभाग के महाप्रबंधक स्वतंत्र गुप्ता ने वित्तीय मॉड्यूल प्रस्तुत किया। प्राधिकरण को स्ववित्त पोषित बनाने की प्रक्रिया को समझाया गया। प्राधिकरण के उद्योग विभाग के प्रबंधक अरविंद मोहन सिंह ने ग्रेटर नोएडा में लागू औद्योगिक नीतियों, योजनाओं और आवंटन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल ने आईआईटीजीएनएल के इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप का भ्रमण भी किया। टाउनशिप के प्लग एंड प्ले सिस्टम, वेस्ट प्रोसेसिग प्लांट, बिजली-पानी की 24 घंटे उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्रति. निधिमंडल ने ग्रेटर नोएडा और आईआईटीजीएनएल के इंफ्रास्ट्रक्चर को सराहा। यहां से प्राप्त जानकारी को बिहार के शहरी विकास एवं आवास विभाग की तरफ से पॉलिसी बनाने और इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के लिए बेहद उपयोगी बताया।

# चार दिन तक फूलों से महकेगा नोएडा

### केदारनाथ मंदिर के होंगे दर्शन, 90 स्टॉल , बैंड और 20 से ज्यादा स्कलप्चर होंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में 19 से 22 फरवरी तक फ्लावर शो का आयोजन किया जाएगा। अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वंदना त्रिपाठी ने बताया कि ये आयोजन सेक्टर-33ए निकट शिल्पहाट शिवालिक पार्क होगा।

इस शो में विभिन्न प्रजातियों के फूलों द्वारा तैयार म्यूरल्स और स्कलप्चर बनाए जाएंगे। आकर्षण का केंद्र केदारनाथ मंदिर होगा। जिसे फूलों दसे बनाया जाएगा। ये 30 फीट लंबा एवं 40 फीट ऊचा होगा। शो का मुख्य द्वार भी केदारनाथ थीम पर है। ये 22 फीट लंबा और करीब 25 फीट ऊंचा होगा। इसके अलावा फूलों से त्रिशुल, डमरू एवं नंदी को केदार मंदिर के सामने स्थापित किया जाएगा। जिसकी 08 फीट लंबाई और 03 फीट ऊंचाई का होगी। करेले से 6 फीट के हाथी को बनाया जाएगा।

मुख्य पाथवे बास्केट सौन्दर्यकरण किया जाएगा। ये 07 फीट में बनेगा। बास्केट फॉर पोट्स फ्लॉवर भी 7 फीट में बनेगा। प्रवेश पाथवे द्वार एवं प्रवेश गार्डन द्वार 10 फीट लंबाई और 12 फीट ऊंचाई में बनेगा। टॉप बास्केट फ्लो 08 फीट लंबाई का निर्माण होगा। इसके अलावा ढोलक शेप (बास्केट सटेप), फ्लोरल रेप्लिका आफ मटका फ्लो, फ्लोरल रेप्लिका आफ बुद्धा लोटस और आकृतियां बनाई जाएंगी।

**ये संस्थान लगाएंगे अपनी प्रदर्शनी:** उत्तर रेलवे, नई दिल्ली म्यूनिसिपल कोर्पोरेशन, दक्षिणी दिल्ली म्यूनिसिपल कोर्पोरेशन, भारतीय थल सेना, कोटा हाउस, भारत पेट्रोलियम, एलजी, एडोब सिस्टम, एनआईआईटी, दिल्ली पब्लिक स्कूल, यमुना एक्सप्रेस-वे प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण इसमें हिस्सा लेंगे।

**ये होंगे कार्यक्रम:** 19 फरवरी को सांसद गौतमबुद्धनगर डाक्टर महेश शर्मा, विधायक नोएडा पंकज सिंह फ्लावर शो का उद्घाटन करेंगे। आईटीबीपी बैंड टीम द्वारा प्रस्तुतिकरण किया जाएगा। 20 फरवरी सवत्र बैंड अपनी प्रस्तुती देगा। 21 फरवरी को विभिन्न संस्थाओं को उनके द्वारा तैयार किये गये गाडर्न जज की ओर से आंकलन किया जाएगा। उनको पुरस्कृत किया जाएगा। 22 फरवरी को स्कूली बच्चों द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिससे बच्चों का उत्साहवर्धन हो सके और उनको पुरस्कार वितरण किया जाएगा। 22 फरवरी को ही समापन समारोह में कवि सम्मेलन आयोजित किया जायेगा जिसमे विभिन्न कवि जैसे डॉ0 विष्णु सक्सेना श्रंगार रस, डॉ अर्जुन शिशौदिया वीर रस, अनिल अगवंशी हास्य-व्यंग्य रस, शंभू शिखर हास्य-व्यंग्य रस, कल्पना शुक्ला श्रंगार रस, विनोद पाण्डेय हास्य-व्यंग्य रसष अपनी प्रस्तुति देंगे।

**90 स्टॉल और 38 नर्सरी होंगी शामिल:** फ्लावर शो में 90 से अधिक स्टॉल उद्यान प्रेमियों के स्वागत के लिये तैयार है। जिनमें 38 नर्सरी है। इसमें कुछ कलिम्पोंग और भीमताल से आ रहे है। बीज, खाद, नर्सरी उत्पाद, खेती के औजार, उद्यान का सजावटी सामान, कीटनाशक गमले आदि यहां मिलेंगे।

## नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दोषी को 10 वर्ष का कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिला न्यायालय ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में शुक्रवार को दोषी को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही, उस पर 70 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया। अर्थदंड न देने पर उसे अतिरिक्त सजा काटनी होगी। जानकारी के मुताबिक बादलपुर थाने में प्रमोद उर्फ मलिंगा निवासी रसूलपुर थाना अमनौर जिला सारन बिहार के खिलाफ वर्ष 2018 में नाबालिग के साथ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। आरोपी को पॉक्सो ऐक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। अभियोजना पक्ष की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर आरोपी के खिलाफ गुनाह साबित हो गया।

जिला न्यायालय ने शुक्रवार को मामले में फैसला सुनाते हुए दोषी प्रमोद को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही, 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड जमा न करने पर छह माह के अतिरिक्त कारावास का प्रावधान है। इसके अलावा अपहरण की धारा-366 में दोषी पाते हुए दो वर्ष का कारावास और 20 हजार रुपये के अर्थदंड लगाया। अर्थदंड जमा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। वहीं, नोएडा कमिश्नरेट पुलिस की ओर से बताया कि पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत बादलपुर पुलिस, मॉनिटरिंग सेल व अभियोजन इकाई की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप नाबालिग व उसके परिजनों को इंसाफ मिला।

# हैबतपुर के डूब क्षेत्र व चिपियाना खुर्द में भी चला ग्रेनो प्राधिकरण का बुल्डोजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित एरिया में अवैध निर्माण के खिलाफ प्राधिकरण की कार्रवाई जारी है। प्राधिकरण की तरफ से शुक्रवार को हैबतपर के डूब एरिया में बने शिवम एंक्लेव में अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया और लगभग 7000 वर्ग मीटर जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त करा लिया गया। विगत 16 दिनों में यह ग्रेनो प्राधिकरण की तरफ से अतिक्रमण के खिलाफ छठवीं बड़ी कार्रवाई है। प्राधिकरण के इस अभियान से अधिसूचित एरिया में अवैध निर्माण कर जमीन कब्जाने वालों को टेंशन बढ़ा दी है। ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने परियोजना विभाग को अवैध निर्माण कर जमीन कब्जाने वालों के खिलाफ अभियान जारी रखने के निर्देश दिए हैं। अतिक्रमण हटाओ अभियान का नेतृत्व कर रहे ग्रेनो प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने भी चेताया है कि अधिसूचित एरिया में बिना अनुमति या फिर नक्शा पास कराए बिना निर्माण करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। एसीईओ ने साफ कहा है कि अधिसूचित एरिया में अनुमति के बिना निर्माण करना अवैध है। उन्होंने जनमानस से अपील की है कि कालोनाइजरों के चंगुल में फंसकर अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं। ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण के भूलेख विभाग से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें।

परियोजना विभाग के महाप्र. बंधक एके सिंह ने शुक्रवार को हुई कार्रवाई के बारे में बताया कि एनजीटी के निर्देश पर ग्राम हैबतपुर




के खसरा संख्या --209, 210 और 212 की लगभग 7000 वर्ग मीटर जमीन पर बने शिवम एंक्लेव में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। परियोजना विभाग के वर्क सर्किल एक के प्रभारी प्रभात शंकर के नेतृत्व में प्रबंधक , सहायक प्रबंधक, टैक्निकल सुपरवाइजर, सुपरवाइजर की टीम ने तीन जेसीबी, तीन डंफर, प्राधिकरण का पुलिस बल के सहयोग से यह कार्रवाई की। इस जमीन पर अवैध बॉउंड्री वॉल, मकान का निर्माण किया जा रहा था। कालोनाइजरों ने सीवर लाइन भी डाल रहे थे। प्राधिकरण ने इसे ध्वस्त कर दिया।

इसके अलावा ग्राम चिपियाना खुर्द के खसरा नंबर -59 में लगभग 2000 वर्गमीटर में अवैध रूप से बने मकान, बाउंड्री वाल को तोड़ दिया गया है। बता दें, कि प्राधिकरण की तरफ से विगत 16 दिन में 6 जगहों पर अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया है। विगत 20 जनवरी को भनौता में 11340 वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया है। इसी तरह 28 जनवरी को हैबतपुर में 6000 वर्ग मीटर, 04 फरवरी को भनौता में 10 हजार वर्ग मीटर और बृहस्पतिवार को रोहिल्लापुर में 18 हजार वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। वहीं, 29 जनवरी को खेड़ा चौगानपुर में 8 टॉवरों के 100 से अधिक फ्लैटों को सील किया गया है।

## आज सब गुलाब देंगे और गुलाब लेंगे, रिश्तों में आएगी गर्माहट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जोड़ों को जिस सप्ताह का बेसब्री से इंतजार था वह वेलेंटाइन वीक शुरू हो गया। इसके पहले दिन शनिवार को रोज डे पर एक-दूसरे को गुलाब के फूल देंगे। शुक्रवार को शहर के बाजारों जगह-जगह बिक रहे रंग-बिरंगे फूल और गिफ्ट इसका आगाज कर दिया। अट्टा बाजार, इंदिरा मार्केट, ब्रह्मपुत्र मार्केट आदि बाजार ज्यादा रंगीन नजर आए। इसके अलावा मॉल और अन्य बाजारों में प्यार भरे रंगीन कार्ड भी सजे दिखाई दिए।

सेक्टर-18 में गुलाब के फूलों की दुकान लगाने वाले मनीष ने बताया कि इन दिनों अलग-अलग रंग के गुलाब के फूलों की मांग ज्यादा बढ़ गई है। जहां एक फूल की कीमत 50 रुपये है और फूलों का गुलदस्ता देने पर हर फूल की कीमत अलग-अलग लगाई जा रही है। सेक्टर-27 में फूलों की दुकान लगाने वाले कार्तिक ने बताया कि फूलों की होम डिलिवरी भी करवा रहे हैं और लगातार उनके पास ऑर्डर आ रहे हैं। 7 से 14 फरवरी तक मांग अधिक रहेगी।

**शाह टाइम्स**
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
**प्रवेश सिंह दतानियां**
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email : parveshnoida@gmail.com
**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# कार की टक्कर में बिजनौर के किसान की मौत

## नौगांवा रोड पर हुआ हादसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नौगांवा मार्ग पर तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में किसान की मौत हो गयी। पुलिस ने कार व चालक को कब्जे में ले लिया। उधर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

हादसा सुबह 10:30 बजे गांव रज्जाकपुर के सामने हुआ। दरअसल, बिजनौर जिले के शिवाला कलां थाना क्षेत्र के गांव यूसुफपुर में किसान सुरेश सिंह का परिवार रहता है। उनके 42 वर्षीय बेटे बृजेश कुमार के परिवार में पत्नी रविता देवी के अलावा दो बेटी रचना व विशाखा तथा एक बेटा रचित है। पुलिस के मुताबिक बृजेश कुमार गुरुवार को हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव रूखालू में एक रिश्तेदार के घर वैवाहिक कार्यक्रम में गए थे। शुक्रवार सुबह वह बाइक पर सवार होकर घर वापस लौट रहे थे। गांव रज्जाकपुर के सामने से गुजरते में नौगावां सादात से अमरोहा की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि बाइक बुरी तरह



क्षतिग्रस्त हो गई और हवा में उछल दूर जाकर गिरे बृजेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे में लेते हुए चालक को हिरासत में ले लिया। इसके बाद परिजनों को हादसे की जानकारी देते हुए बृजेश कुमार को एंबुलेंस से शहर सीएचसी भेज दिया, जहां चिकित्सक ने भी उन्हें मृत घोषित कर दिया। पेशे से किसान बृजेश कुमार की मौत से पत्नी व बच्चों का रोते-बिलखते बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने मामले में तहरीर के आधार पर जांच व कार्रवाई की बात कही।

# 53 करोड़ से चमकेगी गजरौला की सूरत

## वित्तीय वर्ष 2026.27 में शहर के विकास को गति देने के लिए प्रस्ताव पारित, 71.25 लाख रुपये का लाभ का होगा बजट

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर पालिका परिषद गजरौला की बोर्ड बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-2027 के लिए 52 करोड़ 94 लाख रूपये का बजट पारित हुआ, जिसके सापेक्ष 52 करोड़ 22 लाख 75 हजार रूपये विकास, वेतन एवं अन्य मदों में व्यय किए जाएंगे। इस तरह 71 लाख 25 हजार रूपये के लाभ का बजट साबित होगा।

शुक्रवार को सुबह दस बजे से प्रारंभ हुई बोर्ड की बैठक में चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा एवं नगर स्वच्छता प्रेरक/पूर्व विधायक हरपाल सिंह की उपस्थिति में बैठक का संचालन करते हुए अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य ने गत बैठक की पुष्टि करते हुए बजट का विषय रखा। जिस पर सभी सभासदों ने सहमति प्रदान करते हुए बजट पास कर दिया। इसके बाद बोर्ड बैठक में नगर के विकास हेतु 1000 पीसीसी पोल एवं पोलो पर एबीसी की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन कराये जाने, निकाय क्षेत्रन्तर्गत 150 हैण्डपम्प रिबोर कराये जाने, प्रकाश व्यवस्था हेतु 120 वाट के 1000, 90 वाट के 1000 एवं 50 वाट के 1000 एलईडी स्ट्रीट लाईट की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन कराये जाने, पेयजल व्यवस्था हेतु विभिन्न स्थानों पर एचडीपीई पाईप लाईन के विस्तारीकरण कराये जाने, 20 वाटर कूलर की आपूर्ति/अधिष्ठापन कराये जाने, जीर्ण-शीर्ण सड़कों के निर्माण/पुनर्निमाण/मरम्मत कराये जाने, प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ किये जाने हेतु



■ गजरौला। नगर पालिका बोर्ड की बैठक को संबोधित करतीं पालिकाध्यक्षा।

लाईटों की मरम्मत सामग्री आपूर्ति किये जाने, मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के अन्तर्गत धनराशि प्राप्त कर कार्य कराये जाने, वन्दन योजना के अन्तर्गत धनराशि प्राप्त कर कार्य कराये जाने, शहर के प्रमुख स्थानों पर सौन्दर्यकरण एवं सेल्फी प्वाइंट का निर्माण कराये जाने, डिवाईडरों के निर्माण/ पुनर्निमाण/ मरम्मत/सौन्दर्यकरण कराये जाने, 100 सोलर लाईटों की आपूर्ति, 200 नग डेकोरेटिव पोल मय लाईट के की आपूर्ति, पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अन्तर्गत कार्य, कूड़ा निस्तारण हेतु 02 छोटे एवं 02 बड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली, 05 टाटा एस एवं 01 डम्पर क्रय किये जाने, नाला एवं नालियों की मरम्मत, कीटनाशक दवाई, चूना, ब्लीचिंग पाउडर एवं क्लोरिन की आपूर्ति, पुराने ट्यूबवेलों के मरम्मत एवं 05 नये ट्यूबवेल की व्यवस्था, मुख्य मार्गों पर स्वागत द्वार, फाउंटेन व सेल्फी प्वाईंट, मायापुरी स्थित महर्षि बाल्मीकि धर्मशाला के सौन्दर्यीकरण, नगर में स्थित प्राथमिक विद्यालयों के सौन्दर्यीकरण आदि समेत अन्य प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए प्रस्तावों को पारित किया गया। बैठक में सभासदों ने उपरोक्त प्रस्तावों से अलग भी अपने अपने वार्डों में आवश्यकतानुसार प्रस्ताव भी चेयरपर्सन व ईओ के समक्ष रखकर कार्य कराने की मांग की। बैठक में लेखाकार आदेश कुमार अग्रवाल, लिपिक ललित कुमार, इरशाद खां, अजय गोस्वामी, वंदना अग्रवाल, रविन्द्र सिंह, अक्षय शुक्ला समेत सभी सभासद मौजूद रहे।

■ **शहर के प्रत्येक वार्ड में होगा समुचित विकास: चेयरपर्सन**

### सभी सभासद रहे मौजूद, कुछ ही मिनटों में निपटी बैठक

**गजरौला।** नगर पालिका बोर्ड की बजट बैठक में नगर के सभी सभासदों ने सम्मिलित होकर शहर के विकास के लिए एकजुटता का परिचय दिया। यही कारण रहा कि बैठक कुछ ही मिनटों में निपट गई। चेयरपर्सन ने कहा कि शहर के विकास के लिए पूरा बोर्ड एकजुट है।

# नशे की गोलियां खाने से टोका तो मजदूर ने लगायी फांसी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नशीली दवाईयों का सेवन करने पर रोकटोक से नाराज एक युवक ने फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी जान दे दी। स्वजनों को जब इस बात का पता चला तो वे तुरंत उसे फंदे से नीचे उतारकर उसके जीवित होने की उम्मीद में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर अग्रिम कार्रवाई के लिए मोर्चरी भेज दिया। जानकारी के अनुसार नगर के मुहल्ला मछली मंडी निवासी साजिद का पुत्र ताहिर मेहनत मजदूरी करता था, लेकिन वह नशीली गोलियां खाने का आदी था। उसकी पत्नी मुमताज उससे नशा छोड़ने को कहती थी। इसी रोकटोक से नाराज होकर ताहिर ने फांसी के फंदे पर झूलकर जान दे दी। काफी देर तक जब वह कमरे से बाहर नहीं आया तो स्वजन उसे देखने गए। ताहिर को फंदे पर लटका देखकर उसकी चीख निकल गई। स्वजन उसे तुरंत सीएचसी भी लेकर आए मगर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने शव को मोर्चरी भेज दिया।

■ **पुलिस ने शव को पंचनामा भरकर मोर्चरी के लिए भेजा**



# अलग अलग हादसों में आठ घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** हाइवे और स्टेट हाइवे पर अलग अलग सड़क हादसों में आठ लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची एंबुलैंस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया।

अमरोहा कांठ रोड निवासी महिपाल का पुत्र सचिन अपनी पत्नी सुशीला व तीन बच्चों के साथ स्कूटी के द्वारा शुक्रवार को दोपहर ढ़ाई बजे ब्रजघाट दिशा में जा रहा था। जब ये मौहम्मदाबाद के पास पहुंचे तो स्कूटी के टायर की हवा निकल गई। हादसे में सचिन, पत्नी सुशीला व बच्चे घायल हो गए। घायलों को 108 एंबुलेंस पर तैनात ईएमटी तेजपाल सिंह, पायलट राजू अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। हसनपुर रोड पर कार ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी, हादसे में ई-रिक्शा सवार तीन लोग घायल हो गए। वहीं गुरूवार की रात अज्ञात वाहन ने अज्ञात व्यक्ति को टक्कर मार कर घायल कर दिया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

■ **108 एंबुलैंस ने कराया सीएचसी में भर्ती**

# नई करेंसी को लेकर स्टेट बैंक में हंगामा

## किसान नेता व बैंक कर्मी में तीखी नोकझोंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** भारतीय स्टेट बैंक की बाईपास शाखा में शुक्रवार को नई करेंसी को लेकर किसान नेता और बैंक कर्मचारी के बीच जमकर बहस हो गई। शादी-ब्याह के सीजन में नए नोटों की भारी मांग है, लेकिन पर्याप्त आपूर्ति न होने से ग्राहकों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

भारतीय किसान यूनियन के नेता उपकार त्यागी शुक्रवार को बैंक पहुंचे और 10-10 रुपये की नई करेंसी की दो गड्डियों की मांग की। बैंक कर्मचारी चेतन सिंह ने स्टॉक सीमित होने की बात कहते हुए एक गड्डी 10 रुपये और एक गड्डी 20 रुपये के नोट देने की बात कही। इसी बात को लेकर दोनों में कहा. सुनी शुरू हो गई। बैंक परिसर में मौजूद अन्य ग्राहकों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर किसी काम से बाहर गए शाखा प्रबंधक मोहित कुमार तुरंत बैंक पहुंचे। उन्होंने किसान नेता की मांग के अनुसार नई करेंसी उपलब्ध कराकर मामला शांत कराया। साथ ही बैंक कर्मी चेतन सिंह को भविष्य में किसी भी खाताधारक से शालीन व्यवहार रखने की सख्त हिदायत दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि धनौरा क्षेत्र में केनरा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक और यूपी ग्रामीण बैंक की शाखाएं होने के बावजूद नई करेंसी मुख्य रूप से एसबीआई की बाईपास शाखा में ही मिलती है। इसी कारण रोजाना सैकड़ों लोगों की भीड़ यहां उमड़ रही है, जिससे व्यवस्था संभालना बैंक के लिए चुनौती बन गया है। इधर बैंक परिसर में यह चर्चा भी सुनने को मिली कि नई करेंसी अधिक दाम वसूलकर व्यापारियों को दी जा रही है, जो बाद में बाजार में ज्यादा कीमत पर बेचते हैं। हालांकि शाखा प्रबंधक मोहित कुमार ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि ऐसा कोई मामला उनके संज्ञान में नहीं है और ये बातें पूरी तरह निराधार हैं।मोहित कुमार ने बताया कि सहालग के समय सभी खाताधारकों को संतुष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन सीमित स्टॉक होने के कारण ज्यादा गड्डियों की मांग हर ग्राहक को पूरी तरह दे पाना संभव नहीं हो पाता। उन्होंने लोगों से संयम बनाए रखने और सहयोग करने की अपील भी की।

# आसपा नेता ने लगाया मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** महिलाओं के साथ छेड़छाड़ कर तेजाब डाले जाने के आरोप के मामले में एक बार फिर नया मोड़ सामने आ गया है। आजाद समाज पार्टी के नेता ने मारपीट कर गाली गलौज करने का आरोप लगाया है।

नगर की गोकुलधाम कॉलोनी में चार दिन पहले महिलाओं ने छेड़छाड़ कर तेजाब फेंके जाने का आरोप लगाते हुए दो अज्ञात समेत 4 के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। गुरुवार को आजाद समाज पार्टी कोर कमेटी के सदस्य देवेंद्र बैसला ने कोतवाली प्रभारी को पत्र देकर कॉलोनी के तीन लोगों पर गाली गलौज कर मारपीट करने का आरोप लगाया था पुलिस ने आजाद समाज पार्टी के नेता का मेडिकल कराया था। शुक्रवार को आजाद समाज पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता कोतवाली पहुंच गये तथा मारपीट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। आजाद समाज पार्टी के नेता ने बताया कि प्लाट पर कब्जा करने का मामला है। उन्हें समाज से निकाले जाने की धमकी दी जा रही है मुस्लिमो पर फर्जी मुकदमा लिखवाया गया है। हिंदू मुस्लिम का जबरदस्ती रूप दिया जा रहा है। उन्हें पीटा गया है उनके ही खिलाफ मुकदमा लिखवाया गया है। आजाद समाज पार्टी के नेता ने अपनी जान को खतरा बताते हुए जनपद के आला अफसरों ने सुरक्षा दिये जाने की मांग की है। आजाद समाज पार्टी के नेता के साथ पुलिस से मिलने वालों में जिला अध्यक्ष मनोज कुमार एडवोकेट, अजब सिंह, राजू खेवान, बंटी भारती, अरविंद कुमार, जसवंत केवट, सत्येंद्र सिंह, बिकुल सिंह, सरताज मलिक, संजू सिंह आदि मौजूद थे।

■ **महिला से छेड़छाड़ के मामले में आया नया मोड़**



# रास्ते के विवाद में दो पक्षों में मारपीट

## दोनों पक्षों के नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रजबपुर।** रास्ते के विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। एक दूसरे को जान से मारने की धमकी दी गई। एक पक्ष ने तमंचे से फायरिंग करने का भी आरोप लगाया है। हमले में पुलिस ने दोनों पक्ष के नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना क्षेत्र के गांव सदरपुर निवासी अनिल कुमार द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के मुताबिक 27 जनवरी की शाम को रास्ते पर निकलने को लेकर गांव के रहने वाले देवेंद्र सिंह, उनके भाई तेजिंदर सिंह और तेजेंद्र सिंह के बेटे दिशू ने उनके साथ मारपीट की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। वहीं, देवेंद्र सिंह ने अनिल कुमार, मनीष कुमार उर्फ गोलू, शरणजीत उर्फ छोटू, पिंकू और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने सभी लोगों पर घर में घुसकर मारपीट और तमंचे से फायरिंग करने का आरोप लगाया है। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने मामले में दोनों पक्षों के नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# युवती से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** मुस्लिम युवक द्वारा स्वयं को हिन्दू जाट बताकर एक हिन्दू युवती के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और नकद धनराशि और गहने आदि ऐंठने के मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके चालान किया है।

■ **स्वंय को हिन्दू बताकर बढाई थी युवती से नजदीकी**

बता दें कि नगर के मोहल्ला विजयनगर निवासी साहिल पुत्र रकमुददीन ने स्वयं को हिन्दू जाट बताकर नगर निवासी एक हिन्दू युवती से स्नैपचैट के माध्यम से सम्पर्क बढ़ाया और उसके बाद



धीरे धीरे बातचीत करते हुए युवती से प्रेम करने की बात कही। इसके बाद शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान युवती कई बार गर्भवती हुई जिसे इसने धोखे से गर्भपात की दवाई भी खिला दी। कुछ समय बाद युवती को साहिल की बातों में झोल नजर आने लगा। उसने जानकारी निकाली तो पता चला कि साहिल तो मुस्लिम समाज का युवक है। उसने यह बात उसे बताई तो साहिल ने युवती से मुस्लिम धर्म अपनाने को कहा, अन्यथा शादी करने से मना कर दिया, साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। जिसके बाद युवती ने तीन दिन पूर्व आरोपी साहिल व उसके एक दोस्त के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शुक्रवार को पुलिस ने मुख्य आरोपी साहिल को गिरफ्तार कर लिया और मेडिकल परीक्षण कराते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक अभिलाष प्रधान व आरक्षी अभिषेक कुमार सम्मिलित रहे।

# परवेज ने तहसील बार को दी मुबारकबाद



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** तहसील बार के नव निर्वाचित अध्यक्ष शकील अहमद समेत अन्य पदाधिकारियों ने पूर्व एमएलसी परवेज अली से मुलाकात की। शुक्रवार को तहसील बार के नव निर्वाचित अध्यक्ष शकील अहमद, महासचिव संजीव कुमार गुर्जर, निरंजन चौधरी, फुरकान अहमद, मौहम्मद शजर, कमरूद्दीन एडवोकेट, हरचरन सिंह, सुरेन्द्र सिंह, सतेन्द्र सिंह सदर विधायक महबूब अली के आवास पहुंचे। जहां उन्होने पूर्व एमएलसी परवेज अली से मुलाकात की। इस दौरान श्री अली ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को जीत की बधाई दी। बार के अध्यक्ष शकील अहमद ने कहा कि वकीलों ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है वह उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

# टूटी सड़कों पर डीएम-एसपी ने जतायी नाराजगी, शिवभक्तों की सुरक्षा पर फोकस

## कांवर मार्ग का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** सावन माह में निकलने वाली कांवड़ यात्रा को सकुशल, सुरक्षित और सुगमता से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आ रहा है। इसी क्रम में जिला मजिस्ट्रेट निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने शुक्रवार को कांवड़ यात्रा मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी तैयारियां समय से पहले पूरी हों, ताकि शिवभक्तों को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

डीएम-एसपी ने कांवड़ थाना गजरौला, थाना बछरायूं, मंडी धनौरा क्षेत्र तथा बिजनौर स्टेट हाईवे सहित प्रमुख कांवड़ मार्गों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बैरिकेडिंग, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों, ट्रैफिक मैनेजमेंट और सुरक्षा इंतजामों की गहन समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि मार्गों पर रोशनी और सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा कांवड़ियों के सुगम आवागमन में कोई बाधा न आने पाए। निरीक्षण के दौरान पत्थर कुटी शिव मंदिर के पास क्षतिग्रस्त सड़क को देखकर जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने नाराजगी जताई और संबंधित विभाग को तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टूटी सड़कों और खराब मार्गों से श्रद्धालुओं को परेशानी होती है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कांवड़ शिविरों में शिवभक्तों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि महिला श्रद्धालुओं के लिए अलग शौचालय, सुरक्षित विश्राम स्थल, पेयजल और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पुलिस बल को सतर्क रहते हुए हर स्थिति पर नजर रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदोरिया, क्षेत्राधिकारी अंजलि कटारिया, थाना प्रभारी निरीक्षक सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशास. निक अधिकारियों की सक्रियता से साफ है कि कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक बनाने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह गंभीर और प्रतिबद्ध है।



# बच्चों के विवाद में महिला की टांग तोड़ी

## जेठ-जेठानी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** घर के सामने खेल रहे बच्चों को गाली देने से टोका तो जेठ-जिठानी ने महिला की बेरहमी से पिटाई कर दी। लाठी डंडे से किए हमले में टांग की हड्डी टूट गई। पुलिस ने मामले में आरोपी दंपति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पायंती कलां की है। बीती 3 फरवरी की शाम पांच बजे गांव निवासी दानिश के बच्चे घर के सामने खेल रहे थे। उसी दौरान दानिश के भाई फरमान और भाभी खैरुल निशा बच्चों को गालियां देने लगे। आवाज सुनकर आई दानिश की पत्नी तरन्नुम ने जब गालियां देने का विरोध किया तो दोनों ने मारपीट कर दी। आरोप है कि लाठी डंडे से किए गए हमले में तरन्नुम की टांग की हड्डी टूट गई। शोर सुनकर ग्रामीणों की भीड़ जमा हुई तब आरोपी धमकी देते हुए चले गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि पीड़ित तरन्नुम की तहरीर पर उसके जेठ फरमान व जिठानी खैरुल निशा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# कांवड़ यात्रा को लेकर तैयारियां तेज

## भागूवाला-मोटा महादेव मार्ग पर गड्ढे भरे जा रहे, पेड़ों की छंटाई शुरू





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** आगामी कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। भागूवाला से स्वयंभू मोटा महादेव मंदिर तक कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित बाईपास सड़क के गड्ढों को भरने और सड़क किनारे पेड़ों की छंटाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। यह कदम कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा और सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है।

दरअसल, भागूवाला क्षेत्र में स्थित स्वयंभू मोटा महादेव मंदिर कांवड़ यात्रा का पहला प्रमुख पड़ाव माना जाता है। हर वर्ष सावन माह में बड़ी संख्या में कांवड़िए यहां पहुंचते हैं और जलाभिषेक के बाद आगे की यात्रा शुरू करते हैं। इसी को देखते हुए जिलाधिकारी ने हाल ही में मोटा महादेव मंदिर परिसर में कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर एक समीक्षा बैठक आयोजित की थी।

बैठक में थाना प्रभारी, सामाजिक वाहिनी, नगर पालिका, क्षेत्राधिकारी, वन विभाग, बिजली विभाग और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) सड़क सुरक्षा से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले मार्ग, बिजली, सफाई, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था से संबंधित सभी कार्य समय पर पूरे किए जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इन्हीं निर्देशों के अनुपालन में लोक निर्माण विभाग द्वारा मोटा महादेव मंदिर से भागूवाला तक बाईपास सड़क पर मौजूद गड्ढों को भरने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर गड्ढों के कारण आए दिन वाहन फिसलने और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता था, जो कांवड़ यात्रा के दौरान और अधिक बढ़ जाता। अब सड़क की मरम्मत होने से कांवड़ यात्रियों के साथ-साथ आम राहगीरों को भी राहत मिलेगी।

वहीं, सामाजिक वाहिनी की ओर से सड़क किनारे उगी झाड़ियों और पेड़ों की कटाई-छंटाई का कार्य किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, घनी झाड़ियों और बाहर की ओर निकली पेड़ों की डालियों के कारण बड़े वाहनों और कांवड़ियों के आपस में टकराने की आशंका रहती थी। छंटाई के बाद सड़क का किनारा साफ हो गया है, जिससे दृष्यता बढ़ेगी और हादसों की संभावना कम होगी।

प्रशासन का कहना है कि आने वाले दिनों में बिजली के जर्जर तारों की मरम्मत, स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय और प्राथमिक चिकित्सा सुविधाओं को भी दुरुस्त किया जाएगा। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी और श्रद्धालुओं को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। स्थानीय लोगों और शिव भक्तों ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि समय रहते सभी व्यवस्थाएं पूरी होने से कांवड़ यात्रा सकुशल संपन्न होगी।

# लूट का खुलासा, तीन गिरफ्तार



### लूट का सामान, अवैध शस्त्र और एक बाइक बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** पुलिस ने लूट की घटना का खुलासा करते हुए आर्म्स एक्ट के तहत तीन आरोपियों को लूटे गए सामान, अवैध शस्त्र और एक मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर चालान कर दिया है, जबकि एक आरोपी अभी फरार है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भरेकी निवासी आशिक पुत्र अब्दुल वाहिद ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि चार अज्ञात व्यक्तियों ने उसे रोककर तमंचे के बल पर 7,100 रुपये नकद व एक मोबाइल फोन लूट लिया था। इस संबंध में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित की।

पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए समीर पुत्र निसार, जीशान पुत्र कामिल और दिव्यांशु पुत्र रोहतास, निवासीगण ग्राम जनदरपुर, थाना कोतवाली शहर, बिजनौर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि करीब एक माह पूर्व उन्होंने भरेकी नहर पुल के पास एक बाइक सवार व्यक्ति को रोककर तमंचे के बल पर उसका मोबाइल फोन व 7,100 रुपये नकद लूटे थे और रकम आपस में बांट ली थी।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, छह जिंदा कारतूस 315 बोर तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में चालान कर उन्हें जेल भेज दिया गया है। जबकि इस मामले का एक अन्य आरोपी शाहबाज पुत्र नवाब अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है, जिसकी तलाश जारी है।

# ऊर्जा मंत्री सोमेंद्र तोमर ने किया औद्योगिक प्रदर्शनी का उद्घाटन



### स्टॉल का अवलोकन कर उद्यमियों से किया संवाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राज्यमंत्री, ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा विभाग, उ.प्र. डॉ. सोमेन्द्र तोमर द्वारा आज अपराह्न औद्योगिक आस्थान, (इंडस्ट्रियल एरिया) शुगर मिल के सामने, नगीना रोड में लगाई गई औद्योगिक प्रदर्शनी का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया।

मंत्री ने कहा कि इस प्रकार की औद्योगिक प्रदर्शनियां स्थानीय उद्यमियों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन एवं विपणन का सशक्त मंच प्रदान करती हैं। इससे न केवल रोजगार के अवसर सृजित होते हैं, बल्कि क्षेत्र के औद्योगिक विकास को भी गति मिलती है। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदर्शनी में विभिन्न उद्योगों द्वारा अपने-अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। जिसका मंत्री ने अवलोकन किया तथा उद्यमियों से संवाद किया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, उपयुक्त उद्योग अमित कुमार सहित औद्योगिक आस्थान सहकारी समिति के पदाधिकारी, उद्यमी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### छात्राओं से अश्लीलता के मामले में कार्यवाही न होने से रोष

**शेरकोट।** छात्राओं से रास्ते में अश्लीलता होने के मामले में पुलिस कार्यवाही न होने से ग्रामीणों में रोष है। मालूम हो कि बृहस्पतिवार को थाना क्षेत्र के ग्राम निवासी तीन छात्राएं साइकिल से सुबह लगभग 9:30 बजे नगर के एक स्कूल मे पेपर देने आ रही थी। जब वह महामाया डिग्री कॉलेज स्थित निकट पहुंची तो तभी बाइक सवार नकाबपोश एक युवक ने उन्हें रोक लिया तथा अश्ल. ीलता की। डरी सहमी छात्राएं रोते हुए हाईवे पर पहुंची तो राहगीरो ने उन्हें ढांढस बंधाया और स्कूल तक पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलने पर प्रधानाचार्य ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी युवक की तलाश कर कड़ी कार्यवाही की मांग की। उधर छात्राओं के साथ हुई घटना से अभिभावकों में अपनी बच्चियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। जबकि पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों मे आरोपी युवक कैद हो गया है। प्रभारी थानाध्यक्ष ललित कुमार ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। जल्दी ही आरोपी पुलिस गिरफ्त में होगा।

# कांवड़ यात्रा को लेकर धामपुर में पुलिस का पैदल गश्त अभियान

### दुकानों के सामने सामान निर्धारित सीमा के भीतर रखने के निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रस्तावित कांवड़ यात्रा को लेकर नगर में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बीती रात पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे के नेतृत्व में व्यापक पैदल गश्त अभियान चलाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना और आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना रहा।

पैदल गश्त कोतवाली क्षेत्र से प्रारंभ होकर खारी कुआं रोड, शिव मंदिर, मुख्य बाजार एवं बस स्टैंड होते हुए पुनः धामपुर कोतवाली पर समाप्त हुई। इस दौरान पुलिस टीम ने प्रमुख बाजारों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों और संवेदनशील स्थानों पर कड़ी निगरानी रखी। गश्त के दौरान कई संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर पूछताछ की गई और उनकी गति. विधियों की जानकारी जुटाई गई।

पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे ने दुकानदारों, व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों से संवाद कर अनावश्यक अतिक्रमण न करने की अपील की तथा दुकानों के सामने सामान निर्धारित सीमा के भीतर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने चोरी, छिनैती एवं अन्य असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की तत्परता का भरोसा दिलाया।

कोतवाली प्रभारी मृदुल कुमार ने बताया कि क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नियमित रूप से पैदल गश्त, वाहन चेकिंग और संदिग्धों की जांच की जा रही है। ऐसे अभियानों से अपराधियों में भय का वातावरण बनता है और नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा मिलता है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

पैदल गश्त के दौरान उप निरीक्षक श्याम पाल सिंह, आरक्षी राहुल कुमार, विकास रावत सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

# एसआईआर को लेकर आसपा का ज्ञापन



### फॉर्म 6 और फॉर्म 7 की जानकारी मांगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन-एस.आई.आर. अभियान को लेकर अंबेडकर सोशल प्रोग्रेसिव एसोसिएशन आसपा ने प्रशासन से पारदर्शिता की मांग उठाई है। आसपा के मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी ने उप जिलाधिकारी को एक मांग पत्र सौंपते हुए अभियान के तहत भरे गए फॉर्म 6 और फॉर्म 7 की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मांग पत्र में खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती का आधार निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया है। मतदाता सूची इसका सबसे अहम हिस्सा होती है। ऐसे में एसआईआर अभियान के दौरान कितने नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए और कितने मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए, इसकी स्पष्ट जानकारी सार्वजनिक होना जरूरी है।

उन्होंने अपने ज्ञापन में उल्लेख किया कि क्षेत्र में अब तक एसआईआर अभियान के अंतर्गत कुल कितने फॉर्म 6 नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए और कितने फॉर्म 7 मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए भरे गए हैं। इसका विस्तृत ब्यौरा उपलब्ध कराया जाए। मंसूरी का कहना है कि यह जानकारी न केवल राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि आम जनता के विश्वास को बनाए रखने के लिए भी आवश्यक है।

आसपा मंडल प्रभारी ने यह भी कहा कि कई बार मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने को लेकर भ्रम और शिकायतें सामने आती हैं। यदि आंकड़े स्पष्ट रूप से सामने होंगे, तो अनावश्यक शंकाओं पर विराम लगेगा और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की आशंका भी कम होगी। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि यह जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराई जाए, ताकि संगठन द्वारा आवश्यक अवलोकन कर अभिलेखों का अध्ययन किया जा सके। खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है। एसआईआर अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाना है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रहे और अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न हो। उन्होंने उम्मीद जताई कि उप जिलाधिकारी कार्यालय इस मांग पर सकारात्मक रुख अपनाएगा और समयबद्ध तरीके से मांगी गई जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। आसपा का कहना है कि यदि जरूरत पड़ी, तो संगठन इस विषय को उच्च अधिकारियों तक भी उठाएगा, ताकि मतदाता सूची से जुड़ी हर प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रह सके। मांग पत्र सौंपे जाने के बाद प्रशासनिक हलकों में भी इस विषय को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। अब देखना यह है कि प्रशासन कितनी जल्दी और किस स्तर तक मांगी गई जानकारी उपलब्ध कराता है।

# निजी कंपनी में प्रबंधकों का फेरबदल



**नजीबाबाद।** अल नजीब कंपनी की मंडावली शाखा में एक विदाई एवं स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान शाखा प्रबंधक इसारुल हक हिलाल को नजीबाबाद स्थित हेड ऑफिस में स्थानांतरण के बाद विदाई दी गई। वहीं, मजाहिर नसीम ने मंडावली शाखा के नए प्रबंधक के रूप में कार्यभार संभाला। समारोह में स्टाफ सदस्यों और गणमान्य नागरिकों ने निवर्तमान प्रबंधक इसारुल हक हिलाल को सम्मानित किया और उपहार भेंट किए। वक्ताओं ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में शाखा ने अनुशासन, पारदर्शिता और आपसी सौहार्द स्थापित किया। कर्मचारियों ने इसारुल हक हिलाल की कार्य कुशलता और टीमवर्क की प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीनियर मैनेजर और ऑडिट इंचार्ज महताब नजमी ने की। भागूवाला शाखा के कैशियर अब्दुल रहमान अल्वी ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर रईस अहमद, यूसुफ कुरैशी, भागूवाला शाखा प्रबंधक नदीम अहमद, फरमान, हाजी शहजाद आलम, इसरार अहमद, फरहान, शमीम अहमद और उस्मान सहित कई कर्मचारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। उपस्थित सभी लोगों ने नए प्रबंधक मजाहिर नसीम को उनके आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

# ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय प्रबंधन की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा सहसपुर में हाल ही में हुई कार्रवाई के बाद बैंक प्रशासन द्वारा सतर्कता बरती जा रही है।

बैंक से जुड़े एक मामले में शाखा प्रबंधक कपिल कुमार एवं फील्ड ऑफिसर विकास कुमार के नाम सामने आने के बाद संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया अपनाई गई। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधन द्वारा स्योहारा में निकटवर्ती शाखाओं के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बैंक की कार्यप्रणाली, पारदर्शिता, अनुशासन तथा आचार संहिता के पालन पर विशेष जोर दिया गया। क्षेत्रीय प्रबंधन ने उपस्थित कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बैंकिंग कार्यों में नियमों और नीतियों का पूरी तरह पालन किया जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही से बचा जाए। साथ ही यह भी कहा गया कि भविष्य में इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए आंतरिक नियंत्रण व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। बैठक में यह भी आश्वासन दिया गया कि उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक ग्राहकों के प्रति भरोसे, ईमानदारी और उत्तरदायित्व के सिद्धांतों पर कार्य करता रहेगा और बैंक की छवि बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# मौसम में बदलाव बन रहा बीमारियों की वजह

## दिल के मरीज, बुजुर्ग और मासूम बच्चों के लिए बढ़ा खतरा : डा. मनोज वर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के वरिष्ठ अनुभवी एवं प्रसिद्ध चिकित्सक तथा समाजसेवी डॉ. मनोज वर्मा ने मौसम में हो रहे लगातार बदलाव को लेकर आमजन को गंभीर चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि बदलता मौसम सीधे तौर पर मानव स्वास्थ्य पर असर डालता है और इस दौरान बीमारियों में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि देखने को मिलती है। खासतौर पर दिल के रोगी, अधिक उम्र के लोग और छोटे मासूम बच्चे इस मौसम में सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। यदि समय रहते सावधानी न बरती जाए तो छोटी बीमारी भी बड़ी और जानलेवा साबित हो सकती है।

वरिष्ठ चिकित्सक डा. मनोज वर्मा ने बताया कि इन दिनों दिन और रात के तापमान में अचानक अंतर, हवा में नमी और वायरल संक्रमण के कारण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। इसी कारण हार्ट संबंधी रोग, सर्दी-खांसी, बुखार, सांस की दिक्कत, पेट की बीमारियां और वायरल संक्रमण तेजी से फैलते हैं। डॉ. मनोज वर्मा के अनुसार इस मौसम में दिल के मरीजों की समस्याएं सबसे ज्यादा बढ़ जाती हैं। ब्लड प्रेशर का असंतुलित होना, सीने में दर्द, घबराहट, सांस फूलना और हार्ट अटैक का खतरा इस समय अधिक रहता है। उन्होंने कहा कि हार्ट के मरीजों को किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं करनी चाहिए और नियमित दवा के साथ-साथ खान-पान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि बुजुर्गों के लिए भी यह मौसम बेहद चुनौतीपूर्ण होता है। अधिक उम्र के लोगों को इस दौरान निर्जला बुखार, तेज सर्दी-खांसी, फेफड़ों की कमजोरी, सांस लेने में परेशानी, जोड़ों में दर्द और शरीर में अत्यधिक थकान जैसी समस्याएं हो सकती हैं। बदलते मौसम में बुजुर्गों की इम्युनिटी कमजोर होने के कारण बीमारी जल्दी पकड़ लेती है और ठीक होने में भी समय लगता है।



डॉ. मनोज वर्मा ने बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि छोटे मासूम बच्चों में इस मौसम में पेट दर्द, सिर दर्द, उल्टी-दस्त, लूज मोशन, वायरल बुखार और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याएं तेजी से देखने को मिलती हैं। कई मामलों में समय पर इलाज न मिलने से बच्चों की हालत गंभीर हो जाती है और उनकी जान तक जोखिम में पड़ सकती है। डॉ. वर्मा ने कहा कि अभिभावकों को बच्चों के खान पान और साफ-सफाई पर ध्यान देना चाहिए। बच्चों को बाहर के खुले और बासी खाद्य पदार्थों से दूर रखें तथा उन्हें उबला हुआ या साफ पानी ही पिलाएं। किसी भी तरह के बुखार, दस्त या कमजोरी की स्थिति में तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मनोज वर्मा ने लोगों को सलाह दी कि इस मौसम में संतुलित और पौष्टिक आहार लें। अधिक तला-भुना और मसालेदार भोजन करने से बचें, गुनगुना पानी पिएं और मौसम के अनुसार कपड़ों का चयन करें। उन्होंने कहा कि नियमित दिनचर्या, पर्याप्त नींद और हल्का व्यायाम शरीर को स्वस्थ रखने में सहायक होता है।

डॉ. मनोज वर्मा ने आम जनता से अपील की कि बदलते मौसम में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। किसी भी बीमारी को हल्के में न लें और समय पर इलाज कराएं। सावधानी, सतर्कता और चिकित्सकीय परामर्श ही इस मौसम में खुद को और अपने परिवार को सुरक्षित रखने का सबसे बड़ा उपाय है।

## एक नजर

### स्योहारा में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण

**स्योहारा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश भर में यह स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जहो-जहां सरकारी जमीन पर कब्जा किया गया है, वहां से कब्जा हटवाकर भूमि को कब्जामुक्त कराया जाएगा। मुख्यमंत्री के इन सख्त आदेशों के बाद भी स्योहारा नगर में स्थिति इसके ठीक उलट नजर आ रही है। नगर पालिका स्योहारा की कई कीमती सरकारी संपत्तियां आज भी अतिक्रमण की चपेट में हैं। स्टेशन रोड सहित नगर के अनेक प्रमुख इलाकों में नगर पालिका की भूमि पर अवैध रूप से दुकानें और ढांचे खड़े किए गए हैं, जिनको लेकर वर्षों से विवाद चलता आ रहा है। इन दुकानों पर आए दिन चर्चाएं होती हैं, आपसी तनातनी बढ़ती है और कई बार मामला कोर्ट से लेकर थाना तहसील तक पहुंच जाता है लेकिन नतीजा आज तक शून्य ही रहा है। बताया जाता है कि जब भी नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण करने वालों को नोटिस जारी किए जाते हैं, कब्जाधारी तुरंत न्यायालय की शरण लेकर मामलों को लटका देते हैं। कोर्ट की प्रक्रिया का सहारा लेकर न केवल कब्जा बनाए रखा जाता है बल्कि नगर पालिका की कार्रवाई भी ठंडे बस्ते में चली जाती है। ऐसे में नगर पालिका की तमाम कानूनी प्रक्रियाएं कागजी औपचारिकता बनकर रह जाती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि मुख्यमंत्री के आदेशों का सख्ती से पालन किया जाए तो स्योहारा की कई सरकारी जमीनें आज कब्जामुक्त हो सकती हैं, लेकिन प्रभावशाली कब्जाधारियों के सामने नगर पालिका खुद को असहाय महसूस कर रही है। अगर जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए तो सरकारी भूमि पर अतिक्रमण का यह सिलसिला और भी बेलगाम हो सकता है

### लटके विद्युत तारों से ग्रामीणों में दहशत



**हल्दौर।** ग्राम सल्लाहपुर में हाईटेंशन लाइन के तार मकानों की छतों पर लटके होने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीण शहाबुद्दीन, आजाद अंसारी, वसीम अहमद, फरमान, फयाजुद्दीन आदि लोगों का चांदपुर की ओर जाने वाली सड़क के किनारे मकान स्थित हैं। इन मकानों की छतों के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है, जिसके तार बेहद नीचे लटके हुए हैं। इससे बरसात या तेज हवा के दौरान करंट फैलने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार इस संबंध में विभाग को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लोगों ने मांग की है कि संभावित दुर्घटना से पहले ही हाईटेंशन लाइन को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट कराया जाए, ताकि जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

### छात्रा पर कुत्ते का हमला



**स्योहारा।** कस्बे में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को इसका भयावह रूप उस समय देखने को मिला, जब स्कूल जा रही छात्राओं पर कुत्तों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया। इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई, वहीं एक छात्रा घबराकर पेड़ से टकरा गई और घायल हो गई। घटना एमक्यू गर्ल्स इंटर कॉलेज के पास हुई, जो पास लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार जैन स्ट्रीट, जुमेरात का बाजार, एमक्यू गर्ल्स इंटर कॉलेज, मौहल्ला सादात, मालियान और हाजी वाली मस्जिद के बाहर बड़ी संख्या में आवारा कुत्ते घूमते रहते हैं। सुबह और दोपहर के समय जब बच्चे स्कूल जाते या लौटते हैं, तब यह समस्या और गंभीर हो जाती है। कुत्तों के झुंड राह चलते लोगों पर भौंकते और कई बार हमला भी कर देते हैं, जिससे बच्चों और अभिभावकों में डर का माहौल है। घटना के बाद स्थानीय निवासी संजय वर्मा ने पालिका प्रशासन पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले भी कुत्तों ने एक मासूम बच्चे पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही आवारा कुत्तों की समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया, तो भविष्य में कोई बड़ी और दुखद घटना हो सकती है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

### वार्षिकोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम



**धामपुर।** जाहनवी पब्लिक जूनियर हाईस्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बॉबी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को महापुरुषों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में समाज और राष्ट्र की सेवा का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने गीत, नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। रितिका, सोनाक्षी, जुबेरिया, विदुषी, आयशा, सलोनी, राधिका, अनीश, रवि, शिवा, मानसी, मिस्टी सहित अनेक विद्यार्थियों ने मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्या सरिता सिंह ने बच्चों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों को सीख मिलती है और वे अपने आदर्शों को जीवन में उतारने के लिए प्रेरित होते हैं। विद्यालय प्रबंधक अनिल कुमार राजपूत ने कार्यक्रम को शिक्षाप्रद बताते हुए कहा कि कहानी व नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों में सामाजिक और राष्ट्रीय चेतना विकसित होती है। इस अवसर पर जिला प्रचारक प्रवीण कुमार, मीनू सिसोदिया, सुनीता नंदा, ममता, रविंद्र, लोकेंद्र, अमूल, विनोद, राजेंद्र, वेद प्रकाश, संजय रानी, हिमानी, सलोनी सहित अभिभावक व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन इंदु सिंह एवं संजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

### चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**धामपुर।** विकास खंड अल्हैपुर की ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी त्रिलोकचंद और एडीओ पंचायत अनिल कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। ग्राम पंचायत मीमला, टपरौला में आयोजित चौपाल में खण्ड विकास अधिकारी त्रिलोक. चंद ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धावस्था एवं विधवा पेंशन, राशन कार्ड, मुख्यमंत्री विवाह योजना, आवास योजना,नाली निर्माण, सड़क मरम्मत और पेयजल जैसी मूलभूत समस्याओं को उनके समक्ष रखा। त्रिलोकचंद ने संबंधित कर्मचारियों को प्राथमिकता के आधार पर जनसमस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री कराने पर भी जोर दिया। वहीं, ग्राम पंचायत आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ पंचायत अनिल कुमार ने ग्रामीणों की शिकायतें सुनीं। चौपाल की अध्यक्षता ग्राम प्रधान बेबी रानी ने की तथा संचालन पंचायत सचिव योगराज सिंह ने किया, ग्राम चौपाल में पंचायत सचिव सौरभ कुमार, उमा रानी, कुलदीप कुमार, राम सिंह, रंजीत, ग्राम प्रधान शीशराम सिंह, अशोक कुमार, नफीस अहमद, कृपाल सिंह, विजेंद्र कुमार, रफीक, शमीम अहमद, वसीम, मुकेश कुमार, मनोज कुमार, रविंद्र कुमार आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में शादीघर के बाहर खड़ी कारों को तेज रफ्तार डंपर ने मारी टक्कर, मचा हड़कंप

**मुरादाबाद।** जनपद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र अंतर्गत कांठ रोड रामगंगा विहार स्थित एक शादीघर के बाहर आज सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब तेज रफ्तार डंपर ने सड़क किनारे खड़ी कारों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में शादी में आए मेहमानों की तीन नई कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। टक्कर इतनी भयंकर थी कि कारों के अगले और पीछे के हिस्से पूरी तरह चकनाचूर हो गए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डंपर तेज गति से आ रहा था और चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिसके चलते वह सीधे शादीघर के बाहर खड़ी कारों से जा टकराया। हादसे के समय गनीमत यह रही कि कारों में कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और शादी समारोह में शामिल मेहमानों में भी हड़कंप मच गया।हादसे की सूचना मिलते ही सिविल लाइंस थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया है और चालक से पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना हादसे की वजह मानी जा रही है।कार स्वामियों का कहना है कि उनकी गाड़ियों को भारी नुकसान हुआ है, जिससे उन्हें आर्थिक क्षति झेलनी पड़ेगी। पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। फिलहाल घटना को लेकर इलाके में चर्चा बनी हुई है और सड़क सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।



# फॉर्म-7 को लेकर सपा प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से की मुलाकात

**मुरादाबाद।** जनपद में मतदाता सूची से नाम काटे जाने से जुड़े फॉर्म-7 प्रकरण को लेकर समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी अनुज सिंह से मिला और ज्ञापन सौंपकर मामले में हस्तक्षेप की मांग की।प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि फॉर्म-7 के माध्यम से मतदाताओं के नाम हटाने की प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव है, जिससे पात्र मतदाताओं के अधिकार प्रभावित हो सकते हैं।कांठ विधानसभा से विधायक एवं पूर्व मंत्री कमाल अख्तर ने बताया कि समाजवादी पार्टी ने प्रशासन के समक्ष फॉर्म-7 से जुड़ी शिकायतें और आशंकाएं विस्तार से रखी हैं। उन्होंने कहा कि कई मामलों में बिना समुचित सत्यापन के मतदाता सूची से नाम काटे जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर विषय है। सपा प्रतिनिधिमंडल ने मांग की है कि किसी भी मतदाता का नाम हटाने से पहले नियमानुसार पूरी जांच और सत्यापन किया जाए।

जिलाधिकारी अनुज सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि इस प्रकरण को गंभीरता से लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही सभी राजनीतिक दलों की एक सर्वदलीय बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें फॉर्म-7 से संबंधित सभी बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। डीएम ने यह भी भरोसा दिलाया कि पात्र मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा करते हुए नियमों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने सभी पक्षों से संवाद कर समाधान निकालने की बात कही है।



## एक नजर

### एक दिन राहे खुदा के अन्तर्गत नेक अमल करने पर दिया जोर



**कुंदरकी।** क्षेत्र के गांव तहारपुर चमन मस्जिद में दावते इस्लामी इन्डिया की जानिब से एक दिन राहे खुदा के अन्तर्गत तर्बियती इज्तेमा मुन्अकिद हुआ जिसमें दावते इस्लामी इन्डिया के निगरान हाजी अहसान अत्तारी ने नेक अमल करने और गुनाहों से तौबा करने पर जोर देते हुए बताया इन्सान जब गुनाह करता है तो उस के दिल पर काला दाग लग जाता है इन्सान गुनाह करता रहता है इसी तरह उसका दिल गुनाहों की वजह से काला हो जाता है उस पर नेकी की बात असर नहीं करती लिहा. जा हम अपने गुनाहों से सच्ची तौबा करें और नेकियों में जिन्दगी गुजारें नमाज रोजे की पाबंदी करें एक दिन मरना है।

आखिर मौत है करले जो करना है आखिर मौत है आखिर में सलातो सलाम के बाद मुल्क व मिल्लत की खुशहाली के लिए दुआ कराई इस मौके पर शुएब अत्तारी कारी कय्मर आलम अत्तारी गुलाम नबी अत्तारी फिदा हुसैन अत्तारी अरकान कघदरी नौमान अत्तारी इमरान अत्तारी नाजिम अत्तारी अब्दुल मुबीन अत्तारी आदि मौजूद रहे।

### जीएसटी विभाग की छापेमारी से लाजपत नगर में व्यापारियों में मचा हड़कंप



**मुरादाबाद।** जनपद के थाना कटघर क्षेत्र अंतर्गत लाजपत नगर इलाके में जीएसटी विभाग की अचानक हुई बड़ी कार्रवाई से पूरे बाजार में अफरा-तफरी मच गई। दिनदहाड़े ईस्टमैन बैटरी के एक संचालक की दुकान पर जीएसटी विभाग की टीम ने छापेमारी की, जिससे आसपास के व्यापारियों में भी हड़कंप का माहौल बन गया।सूत्रों के अनुसार दोपहर करीब एक बजे जीएसटी विभाग की टीम बिना किसी पूर्व सूचना के लाजपत नगर पहुंची और संबंधित दुकान का काउंटर बंद कराते हुए दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी। अचानक हुई कार्रवाई की खबर फैलते ही कई दुकानदार सतर्क हो गए, कुछ ने अपनी दुकानों के शटर गिरा दिए, जबकि कुछ व्यापारी मौके से हटते नजर आए।

जांच के दौरान टीम ने बिक्री-खरीद से जुड़े बिल, रजिस्टर, कंप्यूटर सिस्टम और अन्य इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड खंगाले। साथ ही संचालक से स्टॉक, लेन-देन और टैक्स से संबंधित बिंदुओं पर लंबी पूछताछ की गई। यह कार्रवाई कई घंटों तक चलती रही।इस दौरान जब मीडिया कर्मी मौके पर पहुंचे तो जीएसटी विभाग की गाड़ी को वहां से हटा दिया गया। हालांकि टीम दुकान के अंदर बैठकर जांच करती रही। सूत्रों का कहना है कि कुछ संदिग्ध लेन-देन और दस्तावेजों में गड़बड़ी की आशंका के चलते यह कार्रवाई की गई है। विभागीय अधिकारियों ने मीडिया से किसी भी प्रकार की जानकारी देने से इनकार किया।

### मिस मैचिंग के कार्य को लेकर एसडीएम ने बुलाई बीएलओ की बैठक



**कांठ( शाह टाइम्स )** एस आई आर के दौरान मिस मैचिंग पाए गए नाम को लेकर आज एसडीएम ने बीएलओ की बैठक बुलाई और उन्हें जरूरी दिशा निर्देश दिए। बताया गया कि काफी बड़ी संख्या में मिसमैच हुए नाम के लोगों को नोटिस जारी किए जाने हैं जिनमें किसी का सरनेम अलग-अलग है किसी के पिता के एक ही नाम पर कई कई बोटो की मैपिंग हुई है किसी का नाम पिता और पुत्री में बदल गया है इस तरह से कई तरह की गलतियां होने पर मतदाता मिसमैचिंग के शिकार हुए हैं जिनके अब नोटिस जारी किए जाने हैं और उसके बाद फिर उनके बारे में जांच कर मतदाता सूची को सही किया जाना है। इस मामले को लेकर आज एसडीएम ने बीएलओ को विस्तार से जानकारी दी और कहा कि अपने-अपने कार्य को समय रहते सही ढंग से करने की कोशिश करें।

### भक्ति और उल्लास के साथ कथा के चतुर्थ दिवस पर निकली राम-कृष्ण की भव्य झांकियां

**चन्दौसी।** वृंदावन से पधारे कथा वाचक स्वामी ओमप्रकाश महाराज के सान्निध्य में चल रही कथा के चतुर्थ दिवस शुक्रवार को श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। प्रात:काल आचार्य कृष्ण पंडित एवं विप्र मंडली के साथ गौरी पूजन, नवग्रह पूजन तथा लड्डू गोपाल का सुंदर अभिषेक व हवन प्रतिदिन की भांति संपन्न हुआ। कथा के दौरान 52 भगवानों की भव्य झांकियां प्रस्तुत की गईं। भगवान राम के जन्मोत्सव को श्रद्धालुओं ने धूमधाम से मनाया, जिसके बाद राम विवाह की लीला भी दिखाई गई। रात्रि बेला में भगवान कृष्ण के अवतार की सुंदर झांकी निकाली गई और जन्मोत्सव पर भजन-कीर्तन कर श्रद्धालु झूम उठे। कथा आयोजक उमाकांत शर्मा ने बताया कि कथा प्रतिदिन दो सत्रों में दोपहर 02 से 05 बजे तथा रात्रि 08 से 11 बजे तक होती है। इस अवसर पर उमाकांत शर्मा, अशोक शर्मा, बल्लू शर्मा, कुलदीप वार्ष्णेय, मुलायम सिंह यादव सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# स्पेल-3.0 के तहत बच्चों को साइबर सुरक्षा का पढ़ाया पाठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** पुलिस विभाग द्वारा स्पेल-3.0 कार्यक्रम के अंतर्गत कोतवाली परिसर में बच्चों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया गया और ऑनलाइन ठगी से बचाव की उपयोगी जानकारी दी गई। बच्चों को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, सोशल मीडिया सावधानियां और साइबर अपराध की शिकायत प्रक्रिया के बारे में बताया गया।

साथ ही थाना परिसर में पहुंचे स्कूली छात्र-छात्राओं को पुलिस की कार्यप्रणाली, मिशन शक्ति अभियान तथा महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

# जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान आईसीडीएस विभाग के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से संचालित विभिन्न गतिविधियों के संबंध में विस्तृत समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने जनपद में गंभीर अति कुपोषित श्रेणी के चिन्हित बच्चों का एनआरसी (पोषण पुनर्वास केंद्र) के माध्यम से पोषण प्रबंधन कराए जाने को प्राथमिकता प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी मुख्य सेविकाओं और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देश दिए की गंभीर अतिकुपोषित श्रेणी के बच्चों को चिन्हित करके उनके अभिभावकों को पोषण पुनर्वास केंद्र के माध्यम से प्रदान की जा रही पोषण सुविधाओं के बारे में प्रोत्साहित करते हुए बच्चों को भर्ती कराया जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन और पोषण प्रबंधन के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों के क्रियान्वयन के संबंध में शासन द्वारा निर्धारित पैरामीटर के अनुरूप समीक्षा के दौरान परियोजना क्षेत्र कुंदरकी और मुंडा पांडे की प्रगति खराब पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई तथा निर्देश दिए की संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारी गंभीरता बरतें तथा यह सुनिश्चित करें कि विभिन्न पैरामीटरों के अनुरूप किसी भी गतिविधि में राज्य के औसत प्रतिशत से कम प्रगति नहीं होनी चाहिए।



जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए की पोषाहार वितरण के साथ ही नियमानुसार तीन माह में एक बार फोर्टीफाइड चावल का वितरण भी अनिवार्य रूप से होना चाहिए, इसकी नियमित रूप से मॉनिटरिंग भी की जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों के अनुरक्षण के लिए प्राप्त धनराशि का भी सदुपयोग करने के लिए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया साथ ही कहा कि केंद्रों के माध्यम से आयोजित होने वाली गतिविधियों की मॉनिटरिंग होनी चाहिए और वीएचएसएनडी सत्रों का भी गंभीरतापूर्वक आयोजन होना चाहिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी और जिला कार्यक्रम अधिकारी आशुतोष राय सहित अन्य संबंधित अधिकारी, सीडीपीओ और मुख्य सेविकाएं मौजूद रही।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत शुक्रवार को जनपद सम्भल की मिशन शक्ति टीम में नियुक्त पुलिसकर्मियों द्वारा बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही 'मिशन शक्ति-5.0' अभियान के अन्तर्गत जनपद की एंटी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, स्कूलों-कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिसकर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्पलाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

# कॉलेज में सिख छात्र से कृपाण उतरवाने का आरोप सिख समाज ने डीएम से मिलकर की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिले के कांठ स्थित डीएसएम डिग्री कॉलेज में सिख छात्र को परीक्षा से पहले कृपाण पहनकर प्रवेश न देने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस प्रकरण को लेकर ऑल इंडिया सिख स्टूडेंट फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष सरदार गुरप्रीत सिंह दुआ के नेतृत्व में सिख समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और निष्पक्ष जांच व दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।बताया गया कि बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र सरदार जपन सिंह परीक्षा देने कॉलेज पहुंचे थे। आरोप है कि परीक्षा केंद्र पर मौजूद स्टाफ ने उनकी तलाशी के दौरान कृपाण उतारने का दबाव बनाया। छात्र का कहना है कि कृपाण सिख धर्म का अभिन्न अंग है और धार्मिक मर्यादा के अनुसार उसे उतारना संभव नहीं है।

आरोप यह भी लगाया गया कि इस दौरान छात्र के साथ आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया गया और उन्हें परीक्षा कक्ष से बाहर कर दिया गया।घटना के बाद गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा कांठ सहित सिख समाज के लोगों में रोष व्याप्त है। सिख संगत ने इसे धार्मिक अधिकारों से जुड़ा गंभीर मामला बताते हुए मुख्यमंत्री और जिला प्रशासन को ज्ञापन भेजकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की अपील की गई है।जिलाधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि मामले को गंभीरता से लिया गया है। उन्होंने निष्पक्ष जांच के लिए टीम गठित कर रिपोर्ट तलब करने और जांच के आधार पर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। प्रशासन ने कहा कि धार्मिक अधिकारों के उल्लंघन की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए जाएंगे।



# मुरादाबाद पहुंचने पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक का हुआ भव्य स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक शुक्रवार को मुरादाबाद पहुंचे।

उनके आगमन पर रेलवे स्टेशन पर भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने जोरदार और भव्य स्वागत किया। स्टेशन परिसर में बड़ी संख्या में मौजूद भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं, ढोल-नगाड़ों और नारेबाजी के साथ उपमुख्यमंत्री का अभिनंदन किया।डिप्टी सीएम बृजेश पाठक मुरादाबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। उनके स्वागत के लिए भाजपा के जिला एवं महानगर स्तर के कई पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता रेलवे स्टेशन पर पहले से मौजूद रहे। स्वागत के दौरान "भारत माता की जय" और "बृजेश पाठक जिंदाबाद" के नारों से माहौल गूंज उठा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार करते हुए कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण से ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं आम जनता तक पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार विकास, कानून व्यवस्था और जनसेवा के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

रेलवे स्टेशन से उपमुख्यमंत्री का काफिला निर्धारित कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हुआ। डिप्टी सीएम के आगमन को लेकर पूरे भाजपा संगठन में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

# आईएफटीएम में 'भारतीय ज्ञान परम्परा का वैश्विक प्रसार' पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज की ओर से "भारतीय ज्ञान परम्परा का वैश्विक प्रसार" विषय पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का आयोजन हुआ, जिसका शुभारम्भ स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह, सीसीएस यूनिवर्सिटी, मेरठ के अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर डॉ. अतवीर सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्पण कर किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. सिंह ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय विरासत के संरक्षण और व्यापक प्रसार के लिए हमें आने वाली पीढ़ी को प्रेरित करना होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा बेहद समृद्ध थी, जिसके वैश्विक प्रसार के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना होगा। वहीं सीसीएस यूनिवर्सिटी, मेरठ के अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर व मुख्य वक्ता डॉ. सिंह ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति और शिक्षा पद्धति बेहद समृद्धिशाली रही है तथा उसे आगे बढ़ाने का प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा की चुनौतियों का सामना करने के लिए भारतीय भाषा और संस्कृति का अनुसरण करते हुए विविध भाषाओं को भी सीखना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा के महत्व को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने की आवश्यकता है। इस मौके पर शिक्षा विभाग की वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. राज. कुमारी सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए।



स्कूल के निदेशक डॉ. मोहन लाल 'आर्य' ने बुके और प्रतीक चिन्ह भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. 'आर्य' ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह एफडीपी कार्यक्रम 6 फरवरी से 20 फरवरी तक चलेगा, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के शिक्षाविद् अपने-अपने व्याख्यान देंगे। डॉ. 'आर्य' ने बताया कि इस एफडीपी कार्यक्रम हेतु 100 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष व सह संयोजक डॉ. मोहित मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आयोजन समिति के सभी सदस्यों व स्कूल के सभी फैकल्टी मेंबर्स की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के निदेशक, विभागाध्यक्ष, शिक्षक व प्रतिभागी उपस्थित रहे।



# भारत से मैच का बॉयकाट न करे पाक: श्रीलंका



**श्रीलंका क्रिकेट के प्रेसिडेंट शम्मी सिल्वा ने गंभीर कमर्शियल और आर्थिक नतीजों की चेतावनी दी**

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका क्रिकेट के प्रेसिडेंट शम्मी सिल्वा ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के दौरान श्रीलंका में होने वाले भारत बनाम पाकिस्तान मैच के बॉयकॉट की रिपोर्ट पर फिर से सोचने की अपील की है। उन्होंने इसके गंभीर कमर्शियल और आर्थिक नतीजों की चेतावनी दी है, श्रीलंका के न्यूजवायर ने यह रिपोर्ट दी है। लेटर में, एसएलसी ने कहा कि उसे मीडिया रिपोर्ट्स से पता चला है कि पाकिस्तान के टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की उम्मीद है, लेकिन 15 फरवरी, 2026 को कोलंबो के आर- प्रेमदासा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले भारत बनाम पाकिस्तान मैच को छोड़ने का फैसला लिया जा सकता है। लेटर के मुताबिक, श्रीलंका में मैचों, खासकर भारत बनाम पाकिस्तान मैच के लिए टिकटों की बिक्री पूरी हो चुकी है और इसकी बहुत ज्यादा डिमांड देखी गई है, जो लोगों की पहले कभी न देखी गई दिलचस्पी और बड़ी कमर्शियल उम्मीदों को दिखाता है।

एसएलसी ने चेतावनी दी कि इतने बड़े मैच में हिस्सा न लेने के बड़े नतीजे होंगे, जिसमें काफी फाइनेंशियल नुकसान, टूरिज्म की उम्मीद में कमी और बड़े आर्थिक नतीजे शामिल हैं। न्यूजवायर ने बताया कि पाकिस्तान के 15 फरवरी का मैच न खेलने के फैसले की खबरों के बाद श्रीलंका के टूरिज्म और होटल सेक्टर को पहले ही झटका लगा है, कोलंबो के कई होटलों की बुकिग कैंसल हो गई है। लेटर में यह भी बताया गया कि श्रीलंका क्रिकेट, श्रीलंकाई सरकार के साथ मिलकर, बॉयकॉट के बड़े असर को ध्यान में रखता है, जिसका असर न सिर्फ एसएलसी पर बल्कि टूर्नामेंट के सफल आयोजन में शामिल कई स्टेकहोल्डर्स पर भी पड़ेगा। दोनों बोर्ड के बीच पिछले सहयोग को याद करते हुए, श्रीलंका क्रिकेट ने कहा कि उसकी नेशनल टीम ने कई बार मुश्किल और सेंसिटिव हालात में पाकिस्तान का दौरा किया है, जिसमें गंभीर सुरक्षा घटनाओं के बाद के समय भी शामिल हैं, जब दूसरी टीमें दौरा करने से हिचकिचा रही थीं। इसने कहा कि वे दौरे अच्छी नीयत और खेल भावना और आपसी सम्मान की भावना से किए गए थे। एसएलसी ने कहा कि इसलिए वह भी इसी तरह की भावना की उम्मीद करता है, यह देखते हुए कि श्रीलंका ने देश में होने वाले सभी मैचों के लिए सुरक्षा, न्यूट्रैलिटी और प्रोफेशनलिज्म के बारे में पूरा भरोसा दिया है। आखिर में, श्रीलंका क्रिकेट ने पीसीबी से भारत बनाम पाकिस्तान मैच का बॉयकॉट करने या उससे कुछ समय के लिए दूर रहने के किसी भी फैसले पर फिर से सोचने का आदरपूर्वक आग्रह किया और टूर्नामेंट, उसके स्टेकहोल्डर्स और दुनिया भर के लाखों क्रिकेट फैंस के फायदे के लिए पाकिस्तान से श्रीलंका में होने वाले सभी तय मैचों में हिस्सा लेने को कहा।

## ICC ने टी-20 विश्वकप के कमेंटेटरों के नामों की घोषणा की

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को टी-20 विश्वकप 2026 को जीवंत बनाने को लेकर तीक्ष्ण विश्लेषण, खिलाड़ियों के बेजोड़ अंदाज की कहानी को अपनी जानदार आवाज से श्रोताओं तक पहुंचाने वाले दुनिया के दिग्गज कमेंटेटरों के नामों की घोषणा की है। आईसीसी की ओर से जारी की गई कमेंटेरों की सूची में जाने-माने ब्रॉडकास्टर रवि शास्त्री, नासिर हुसैन, इयान स्मिथ और इयान बिशप इस साल के टूर्नामेंट के लिए डायनामिक कमेंट्री टीम की अगुवाई करेंगे। उनके साथ आरोन फिच भी होंगे। इसमें आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के अन्य पूर्व विजेता भी शामिल होंगे, जिनमें दिनेश कार्तिक, कुमार संगकारा, सैमुअल बद्री, रॉबिन उथप्पा और कार्लोस ब्रैथवेट शामिल हैं। इस सूची में अन्य दिग्गज नामों में इयोन मॉर्गन, वसीम अकरम, सुनील गावस्कर, मैथ्यू हेडन और रमीज राजा शामिल हैं। इस पैनल में खेल की अन्य जानी-मानी आवाजें भी शामिल हैं, जिनमें डेल स्टेन, माइकल एथरटन, वकार यूनिस, साइमन डूल, शॉन पोलॉक और केटी मार्टिन शामिल हैं। भारत और श्रीलंका में कमेंट्री लाइनअप को प्रमुख ग्लोबल ब्रॉडकास्टर हर्षा भोगले, म्पुमेलेलो मबांगवा, नताली जर्मनोस, डैनी मॉरिसन, एलन विल्किस, इयान वार्ड, मार्क हॉवर्ड, निक नाइट, अथर अली खान, कैस नायडू, बाजिद खान, रौनक कपूर और नियाल ओं ब्रायन ने और मजबूत किया है।

# वैभव ने अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में सबसे तेज शतक ठोका



- **इंग्लैंड के खिलाफ 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने महज 55 गेंदों में शतक पूरा किया**

**हरारे, वार्ता।** वैभव सूर्यवंशी ने शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ अंडर-19 विश्वकप फाइनल में मात्र 55 गेंद में सबसे तेज शतक ठोका। इसके साथ ही वह अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में शतक बनाने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए तथा एक पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने की उपलब्धि भी हासिल की।

यहां टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम के लिए 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए महज 55 गेंदों में अपना शतक पूरा किया, जोकि विश्वकप के फाइनल का सबसे तेज शतक है। उन्होंने अपनी 175 रनों की पारी में 80 गेंदों का सामना किया और 15 चौके और 15 छक्के उड़ाते हुए इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ा दी। उन्होंने 175 रन में 150 रन केवल चौके और छक्के लगाकर अर्जित किए।

वैभव ने एक सीजन में 23 छक्के लगाकर अंडर-19 विश्व कप में सर्वाधिक छक्के लगाने की उपलब्धि भी हासिल की। उन्होंने 71 गेंदों में सबसे तेज 150 रन बनाने की उपलब्धि भी हासिल की। उन्होंने इंग्लैंड के बेन मायस के रिकार्ड को तोड़ा। बेन मायस ने स्कॉटलैंड के खिलाफ 98 गेंदों में 150 रन बनाए थे। वैभव ने 32 गेंदों में अपना अद्धशतक पूरा किया तथा अगले 50 रन महज 16 गेंदों में ठोक डाले।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### टी-20 विश्व कप से बाहर हो सकते हैं हर्षित राणा

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय तेज गेंदबाज हर्षित राणा 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में होने वाले 2026 टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो सकते हैं। चैंपियनशिप, जो 24 घंटे के अंदर शुरू होने वाली है, के लिए राणा की संभावित अनुपलब्धता का संकेत भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने दिया। सूर्यकुमार यादव ने वर्ल्ड कप में भारत के पहले मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि वह अभी तक बाहर नहीं हुए हैं, लेकिन संदिग्ध लग रहे हैं। हमें शाम तक पता चल जाएगा। बुधवार को वार्म-अप मैच (मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ) के दौरान उन्हें थोड़ी चोट लगी थी, लेकिन स्थिति बहुत उत्साहजनक नहीं है। डिफेंडिग चैंपियन भारत आज मुंबई के वानखेड़े में अमेरिका से भिड़ेगा।

### चोटिल हेजलवुड टी-20 विश्व कप से बाहर हुए

**सिडनी, वार्ता।** भारत और श्रीलंका की मेजबानी में शुरु हो रहे टी-20 विश्वकप से पहले ऑस्ट्रेलिया को लगा झटका, अनुभवी तेज गेंदबाज जॉश हेजलवुड हैमस्ट्रिंग चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए है। 35 साल के हेजलवुड ने 12 नवम्बर को शेफील्ड शील्ड के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के बाद से कोई प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया की शुरुआती विश्व कप टीम में शामिल होने के बावजूद, तेज गें. दबाज सिडनी में ही रहे, जबकि बाकी टीम इस सप्ताह की शुरुआत से श्रीलंका में हैं। कोलंबो में आयरलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के पहले ग्रुप-स्टेज मैच से सिर्फ पांच दिन पहले, राष्ट्रीय चयनकर्ता टोनी डोडमेडे ने कहा है कि हेजलवुड समय पर ठीक नहीं हो पाएंगे।

### गाइडेन ओडेन के खिलाफ पहला एकल खेलेंगे सुमित

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत बनाम नीदरलैंड्स डेविस कप वर्ल्ड ग्रुप आई फर्स्ट राउंड मैच के लिए ड्रॉ शुक्रवार को यहां एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम में घोषित किया गया, जिसमें भारत के टॉप सिगल्स खिलाड़ी सुमित नागल मैच के दोनों दिन घरेलू चुनौती की अगुआई करेंगे। ड्रॉ के अनुसार, शनिवार को पहले दिन नागल का मुकाबला नीदरलैंड्स के गाइ डेन ओडेन से होगा। इसके बाद भारत के दक्षिणेश्वर सुरेश और जेस्पर जान रेंस डी जोंग के बीच दूसरा सिगल्स मैच होगा, जिन्हें डच टीम का नंबर दो खिलाड़ी चुना गया है। रविवार, दूसरे दिन डबल्स मैच से मैच शुरू होगा, जिसमें भारत ने युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी को अपनी जोड़ी के तौर पर चुना है। उनका सामना डच जोड़ी सैंडर एरेंड्स और डेविड पेल से होगा। डबल्स के बाद, रिवर्स सिगल्स होने हैं, जिसमें नागल जोंग के खिलाफ कोर्ट पर वापसी करेंगे।

# टी-20 विश्व कप थीम पर बन रही बनारसी साड़ी



- **साड़ी की डिजाइन रेशम रत्न सम्मान से सम्मानित डिजाइनर लक्ष्मी विश्वकर्मा ने तैयार की है**

**वाराणसी, वार्ता।** टी-20 विश्व कप के आगाज से पहले वाराणसी में विश्व कप थीम पर विशेष बनारसी साड़ियां तैयार की जा रही हैं।

काशी के साड़ी व्यापारी एवं काश्याम सृजन फाउंडेशन के ट्रस्टी सर्वेश श्रीवास्तव ने भारतीय क्रिकेट टीम के उत्साहवर्धन के उद्देश्य से यह पहल की है। लोहता स्थित कारखाने में हैंडलूम कारीगर इन साड़ियों को बुन रहे हैं। साड़ी की डिजाइन रेशम रत्न सम्मान से सम्मानित डिजाइनर लक्ष्मी विश्वकर्मा ने तैयार की है। साड़ियों पर विश्व कप ट्रॉफी, बल्ला, गेंद, स्टंप और पिच सहित विभिन्न क्रिकेट प्रतीकों को जरी और ब्रोकेट कतान शैली में उकेरा गया है। श्रीवास्तव ने बताया कि इससे पूर्व भी वे विभिन्न विश्व कप अवसरों पर थीम आधारित बनारसी साड़ियां तैयार करा चुके हैं। उन्होंने कहा कि क्रिकेट के प्रति अपने लगाव के कारण उन्होंने बनारसी शिल्प को क्रिकेट से जोड़ने का प्रयास किया है। इन विशेष साड़ियों में 1983, 2007 टी-20, 2011 और 2024 टी-20 विश्व कप सहित महिला विश्व कप विजेता टीम की उपलब्धियों को भी दर्शाया गया है। बुनकर बहादुर और उनके सहयोगी इन्हें तैयार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे इन साड़ियों को भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों को उपहार स्वरूप देना चाहते हैं। एक साड़ी की अनुमानित कीमत 15 से 20 हजार रुपये बताई गई है।

## कोयल बोर ने तीसरे दिन पांच रिकॉर्ड तोड़े

**मोदीनगर, वार्ता।** नेशनल वेटलिफ्टिग चैंपियनशिप 2025-26 आज यादव फार्म हाउस में जारी रही, जिसमें यूथ, जूनियर और सीनियर डिवीजन में महिलाओं की 53 किग्रा कैटेगरी में शानदार टैलेंट दिखाया गया। ज्ञानेश्वरी यादव और कोयल बोर ने पोडियम पर अपना दबदबा बनाया, कोयल बार ने यूथ सेक्शन में 3 नए नेशनल रिकॉर्ड भी तोड़े, जिसमें स्नैच में 78 किग्रा , क्लीन एंड जर्क में 99 किग्रा और ओवरऑल टोटल में 175 किग्रा का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा और जूनियर सेक्शन में 2 रिकॉर्ड बनाए, जिसमें स्नैच में 81 किग्रा और ओवरऑल टोटल में 181 किग्रा का रिकॉर्ड तोड़ा (पुराने रिकॉर्ड इंडियन स्टैंडर्ड के थे)। इस कॉम्पिटिशन में ज्ञानेश्वरी यादव ने शानदार परफॉर्मेंस दी, जिन्होंने सीनियर डिवीजन में 186 किग्रा के शानदार टोटल के साथ गोल्ड मेडल जीता। उनके ठीक पीछे पश्चिम बंगाल की कोयल थीं, जिन्होंने कई कैटेगरी में शानदार परफॉर्मेंस दी। कोयल ने सीनियर सेक्शन में सिल्वर मेडल जीता और जूनियर और यूथ दोनों सेक्शन में गोल्ड मेडल हासिल किए।

# नीतू, प्रीति सेमीफाइनल में पहुंची



- **बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल 2026 में भारतीय मुक्केबाज दल ने 19 पदक पक्के कर लिए हैं**

**ला नुसिया, वार्ता।** प्रतिष्ठित बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल 2026 में भारतीय मुक्केबाजी दल ने 19 मेडल पक्के कर लिए हैं, तीसरे दिन भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए नीतू (51किग्रा) और प्रीति (54किग्रा) सेमीफाइनल में पहुंच गईं, जबकि जदुमणि सिंह (55किग्रा) ने पुरुषों के ड्रॉ में एक और शानदार प्रदर्शन किया।

नए हेड कोच सैंटियागो नीवा के मार्गदर्शन में भारतीय महिला टीम ने 12 मेडल पक्के कर लिए हैं, जबकि भारतीय पुरुष टीम ने सेमीफाइनल से पहले 7 मेडल पक्के कर लिए हैं। नीतू शानदार फॉर्म में थीं, उन्होंने कनाडा की मैकेंजी राइट को 5-0 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। प्रीति ने भी स्पेन की मारिया गोंजालेज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया, लगातार दबाव बनाकर तीसरे राउंड में ही मुकाबला खत्म कर दिया। पूनम (54) ने थाईलैंड की नटनिचा चोंगप्रोंगक्लांग पर 5-0 से एक और शानदार जीत हासिल की, जबकि प्रिया (60) और प्रांजल (65) ने क्रमश: स्पेन की लौरा गैलानो और चेक बॉक्सर विक्टोरिया के खिलाफ सर्वसम्मत जीत दर्ज की। काजल (65) ने कजाकिस्तान की अकबर इचशानोवा को एक कड़े मुकाबले में 4-1 से हराया। पुरुषों की प्रतियोगिता में, जदुमणि सिंह ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, 55किग्रा वर्ग में चीनी ताइपे के पेंग चिया-फेंग को 5-0 से हराया। मोहम्मद हुसामुद्दीन (60किग्रा) ने यूक्रेन के अली डाहली को सर्वसम्मति से हराकर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि सचिन (60किग्रा) ने यूक्रेन के एडर को एक कड़े मुकाबले में 3-2 के फैसले से हराया।

# पहलवान नीलम सिरोही ने 50 किग्रा वर्ग में जीता रजत पदक



**क्रोएशिया, वार्ता।** भारतीय पहलवान नीलम सिरोही ने जागरेब ओपन 2026 कुश्ती टूर्नामेंट में महिलाओं की 50 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में रजत पदक जीता। गुरुवार को हुए अन्य मुकाबलों में विकी हुड्डा (पुरुष 97 किग्रा), दिनेश धनखड़ (पुरुष 125 किग्रा) और मुस्कान (महिला 50 किग्रा) के कांस्य पदकों के साथ इस साल की पहली विश्व कुश्ती महासंघ (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) रैंकिंग सीरीज में भारत के पदकों की संख्या सात हो गई है। भारत ने टूर्नामेंट में एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक जीते है। नीलम सिरोही ने फाइनल तक पहुंचने के रास्ते में शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय पहलवान ने पोलैंड की अगाता वालेरजाक को 10-0 से हराकर शुरुआत की, जिसके बाद क्वार्टर फाइनल में अजरबैजान की एलनूरा मम्मादोवा को 12-2 से हराया। सेमीफाइनल में हमवतन मुस्कान पर 7-4 की जीत ने उन्हें स्वर्ण पदक मुकाबले में पहुंचाया, जहां वह अंडर-23 विश्व चैंपियन जापान की हारुना मोरिकावा से 5-2 से हार गईं। इस बीच, मुस्कान ने सेमीफाइनल में हार के बाद वापसी करते हुए अगाता वालेरजाक को 11-0 से हराकर इस कैटेगरी में कांस्य पदक जीता। पुरुषों के 97 किग्रा वर्ग में, विकी हुड्डा ने अमेरिका के स्टीफन बुकानन प्प से क्वार्टर फाइनल में हार के बाद वापसी की। अमेरिकी पहलवान ने उन्हें 14-7 से हराया। भारतीय पहलवान रेपचेज में पहुंच गए, जहां विकी ने कनाडा के सैमुअल मिकलोस मारिया परेरा को 12-1 से शिकस्त दी। भारतीय पहलवान ने उसी लय को कांस्य पदक मुकाबले में भी जारी रखा, फ्रांस के एडलान विश्खानोव को 8-2 से हराकर पोडियम पर जगह बनाई। दीपक चहल ने भी इसी वेट कैटेगरी में हिस्सा लिया था लेकिन क्वालिफिकेशन राउंड में ही बाहर हो गए। इस बीच, दिनेश धनखड़ का 125 किग्रा का कांस्य पदक पोलैंड के कामिल को. सिओलेक पर पिनफॉल जीत के साथ आया। भारतीय पहलवान क्वार्टर फाइनल में बहरीन के शमिल शरीपोव से 13-1 से हार गए थे, लेकिन रेपचेज में अमे. रिका के डेमेट्रियस थॉमस पर 12-2 की शानदार जीत के साथ वापसी की। महेंद्र बाबासाहेब गायकवाड़ 125किग्रा भार वर्ग के क्वार्टरफाइनल में बाहर हो गए।

# टॉप सीडेड रुतुजा भोसले ने किया उलटफेर

- **रुतुजा भोसले और पेगटार्न प्लिप्यूच को भी हार का सामना करना पड़ा, लिली ने टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया**

**मुंबई, वार्ता।** एल एंड टी मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए 125के सीरीज के चौथे दिन गुरुवार को महाराष्ट्र स्टेट लॉन टेनिस एसोसिएशन में सिगल्स और डबल्स मुकाबलों में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। फांगरान टियान ने दिन का सबसे शानदार नतीजा दर्ज किया, उन्होंने टूर्नामेंट की चौथी सीड हैने वैंडविकेल को बाहर कर दिया।

डबल्स कैटेगरी में, टॉप सीडेड जोड़ी रुतुजा भोसले और पेंगटार्न प्लिप्यूच को भी क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। इस बीच, लिली टैगर ने टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अगले राउंड में जगह बनाई। लानलाना तारारुडी और तातियाना प्रोजोरोवा ने भी सिगल्स ड्रॉ में जीत हासिल की। दिन की शुरुआत एक बड़े उलटफेर के साथ हुई, जब चीन की फांगरान टियान ने चौथी सीड और वर्ल्ड नंबर 135 महिला सिगल्स खिलाड़ी, हैने वैंडविकेल को ढाई घंटे तक चले कड़े मुक. ाबले में 2-6, 6-4, 6-4 से हराया। टियान, जिन्होंने पहले राउंड में अपनी पहली डब्ल्यूटीए मेन ड्रॉ जीत भी हासिल की थी, ने सेंटर कोर्ट पर पहला सेट हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए मुंबई ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

इस बीच कोर्ट 1 पर, थाईलैंड की लानलाना तारारुडी और दक्षिण कोरिया की पार्क सो-ह्यून के बीच एक और लंबा मुकाबला हुआ। पहला सेट हारने के बावजूद, ऑस्ट्रेलियन ओपन मेन ड्रॉ में हिस्सा लेने वाली तारारुडी ने बाकी दो सेटों में अपनी प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ते हुए मैच 3-6, 6-3, 6-0 से जीत लिया, यह मुकाबला दो घंटे से थोड़ा ज्यादा समय तक चला। सातवीं सीड और वर्ल्ड नंबर 128 महिला सिगल्स खिलाड़ी, लिली टैगर ने जापान की एरी शिमिजु के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया और सीधे सेटों में 6-2, 6-2 से जीत हासिल की। 17 साल की इस होनहार खिलाड़ी ने अपनी पावरफुल सर्व और एक-हाथ वाले बैकहैंड एक्शन का जबरदस्त इस्तेमाल किया और गेम को छह ऐस के साथ खत्म किया, जिससे शिमिजू को कभी सेटल होने का मौका नहीं मिला। 2025 जूनियर रौलां गैरो की विनर का मुकाबला दूसरी सीड और 2024 की मुंबई ओपन चैंपियन, डारजा सेमेनिस्टाजा से होगा। नौवीं सीड तातियाना प्रोजोरोवा ने 19 साल की क्रिस्टियाना सिदोरोवा को 6-4, 6-1 से हराकर मैच सीधे सेटों में जीत लिया। फिलीपीन महिला ओपन की सेमीफाइनलिस्ट प्रोजोरोवा ने दूसरे सेट में बेहतरीन बेसलाइन कंट्रोल के साथ शानदार प्रदर्शन किया और टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल स्टेज में जगह बनाई। डबल्स क्वार्टर फाइनल में, टॉप सीडेड जोड़ी रुतुजा भोसले और थाईलैंड की पेंगटार्न प्लिप्यूच का मुकाबला सेंटर कोर्ट पर निकोल फोसा ह्यूर्गो और उनकी पार्टनर मनंचया सवांगकेव से हुआ। पहला सेट जीतने के बाद, भारत की नंबर 1 महिला खिलाड़ी रुतुजा और प्लिप्यूच अपनी शुरुआती सफलता को दोहरा नहीं पाईं, क्योंकि फोसा ह्यूर्गो और मनंचया ने टाईब्रेकर में जीत हासिल की और 4-6, 6-1, (11-9) से मैच जीत लिया।

# फ्लू से लड़कर मंधाना ने RCB को जिताया खिताब

**आरसीबी के कोच ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ छह विकेट की जीत के बाद कहा कि स्मृति मंधाना को तेज बुखार था और हालत सच में खराब थी**



**वडोदरा।** स्मृति मंधाना ने फ्लू से लड़ते हुए ना सिर्फ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को दूसरी बार डब्ल्यूपीएल खिताब जिताया, बल्कि खुद सामने से नेतृत्व करते हुए इस जीत में 41 गेंदों पर 87 रन बनाकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आरसीबी के प्रमुख कोच मलोलन रंगराजन ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ छह विकेट की जीत के बाद कहा कि उन्हें (स्मृति को) तेज बुखार था और हालत सच में खराब थी। लेकिन फिर भी वह मैदान पर आईं और एक पल के लिए भी किसी को महसूस नहीं होने दिया कि उन्हें फ्लू है। टीम में यह किसी को पता तक नहीं था। यही स्मृति हैं। जब आज दोपहर मैंने उनसे बात की तो उन्होंने कहा, 'नहीं, मालो, कोई प्रॉब्लम नहीं, मैं खेलूंगी।' यही उनका वर्क एथिक है। मंधाना के ऊंचे मानकों के हिंसाब से भी यह पारी बड़े दबाव में लक्ष्य का पीछा करने की एक शानदार मिसाल थी। शुरुआत में उन्होंने अपनी ऑस्ट्रेलियाई साथी जॉर्जिया वॉल को स्ट्राइक दी और फिर अपने खेल के रफ्तार को भी बढ़ाया। पांचवें ओवर के अंत में मंधाना पांच गेंदों पर छह रन पर थीं, उसके बाद उन्होंने तबाही मचानी शुरू की। उनकी पारी की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि उन्होंने दिल्ली की स्पिन गेंदबाजी को कैसे तोड़ा। आरसीबी की इकलौती बाएं हाथ की बल्लेबाज होने के नाते, मंधाना ने श्री चरणी की बाएं हाथ की स्पिन पर हमला किया, जो वडोदरा चरण में काफी असरदार रही थीं। इससे डीसी की कप्तान जेमिमा रॉड्रिग्स के पास कोई विकल्प नहीं बचा। मंधाना ऐसे जोन में थीं, जहां वह एक जैसी गेंदों को अलग-अलग जगह भेज रही थीं। वह कभी पीछे हटकर शॉर्ट गेंद को प्वाइंट के ऊपर से मार रही थीं, तो कभी स्टंप्स के एक्रॉस जाकर उसी तरह की गेंद को लॉन्ग-ऑन और डीप मिडविकेट के बीच उड़ा रही थीं। इतना अनुभव होने के बावजूद स्नेह राणा के पास भी मंधाना के आक्रमण का कोई जवाब नहीं था। आरसीबी ने हर ओवर में कम से कम एक बाउंड्री लगाई और मंधाना का पीछे हटकर राणा को वाइड लॉन्ग-ऑफ के ऊपर से इनसाइड आउट मारना इसकी एक बानगी भर थी। उन्होंने इस सीजन का अंत टॉप स्कोरर के रूप में 377 रनों के साथ किया। रंगराजन ने कहा कि मुझे लगता है कि उन्होंने अपनी बेहतरीन पारियों में से एक को फाइनल के लिए बचाकर रखा था। जिस तरह से उन्होंने बल्लेबाजी की, वह अमानवीय? मुझे नहीं पता इसे क्या कहूं। इतनी क्लासी, इतनी एलिगेंट, ऐसा नहीं लगा कि वह दबाव में हैं। उन्हें देखकर साफ दिख रहा था कि वह पूरी तरह नियंत्रण में थीं। वह गेंद को टाइम कर रही थीं, हिट कर रही थीं और तय कर रही थीं कि कहां आक्रमण करना है। उन्होंने मैच से दो दिन पहले अभ्यास किया था और हम उनकी बल्लेबाजी को लेकर काफी बातचीत कर रहे थे। मुझे लगता है कि उनका आखिरी अभ्यास सत्र (बुधवार को) उनके बेहतरीन सत्रों में से एक था। सोच में यह बदलाव लीग के आखिरी मैच में आया, जब आरसीबी लगातार दो हार के बाद वापसी करना चाह रही थी। प्ले-ऑफ में उनकी जगह पक्की थी, लेकिन उन्होंने यूपी वॉरियर्ज के खिलाफ 27 गेंदों पर नाबाद 54 रन बनाकर अपनी टीम को सीधे फाइनल में पहुंचा दिया। यह पारी इसलिए भी अहम थी क्योंकि उन्होंने तेज खेलने के साथ-साथ शॉट चयन

# नीदरलैंड टीम डेविस कप मुकाबले के लिए तैयार: पॉल हारहुइस

- **कहा: पिछले चार दिनों में तैयारियां बहुत अच्छी रही हैं और बेंगलुरु की गर्मजोशी भरी मेहमाननवाजी की तारीफ की**

**बेंगलुरु, वार्ता।** डच डेविस कप टीम इस वीकेंड भारत के खिलाफ कड़े मुकाबले के लिए न सिर्फ तैयारी कर रही है, बल्कि अपनी तैयारियों को बेहतर बनाने के साथ-साथ बेंगलुरु की संस्कृति में भी पूरी तरह घुल-मिल गई है। शहर की ऊंचाई के हिंसाब से खुद को ढालने के लिए सामान्य से पहले पहुंची टीम ने स्थानीय जानकारी के लिए डच महिला टीम से भी सलाह ली है और भारतीय खाने और अनुभवों का आनंद लिया है। मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, कप्तान पॉल हारहुइस ने कहा कि टीम को शानदार सुविधाओं और भारतीय एसोसिएशन से मिले मजबूत समर्थन से फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछले चार दिनों में तैयारियां बहुत अच्छी रही हैं,ष और बेंगलुरु की गर्मजोशी भरी मेहमाननवाजी की तारीफ की। भारतीय टीम की ताकत को मानते हुए, हारहुइस ने कहा कि यह वीकेंड मुश्किल होगा। दोनों टीमें मजबूत हैं, और यह उस दिन के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों को खास तौर पर स्थानीय परिस्थितियों, जिसमें ऊंचाई भी शामिल है, को संभालने के लिए चुना गया है, और टीम ने एडजस्ट करने के लिए अतिरिक्त दिन लिए हैं - जो कि मुकाबले से पहले सामान्य दो या तीन दिनों से कहीं ज्यादा हैं। हारहुइस ने दोपहर और शाम के मैचों के बीच खेलने की परिस्थितियों में अंतर पर भी ध्यान दिया, और कहा कि टीम सभी स्थितियों के लिए तैयार है। ज्यादातर घरेलू दर्शकों का सामना करने पर, उन्होंने कहा कि हमें दर्शकों की एनर्जी पसंद आती है, भले ही वह हमारे खिलाफ हो। हमें अपनी टीम और घर से बहुत अच्छा सपोर्ट मिलता है, जो हमें मोटिवेट करता है। विदेशी टीम ने टेनिस कोर्ट से परे स्थानीय संस्कृति को भी एक्सप्लोर किया है। हारहुइस ने बताया कि अगर टीम जीतती है तो वे फैंस का मनो. रंजन करने के लिए एक खास बेली-डांसिग परफॉर्मेंस देंगे, जो उनके रहने के दौरान मुकाबले और भाईचारे के मेल को दिखाता है। प्रेस कॉन्फ्रेंस खत्म करते हुए, कप्तान ने कहा कि टीम ष्अच्छी तरह से तैयार है और खेलने के लिए उत्साहित है, और शनिवार को एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम में होने वाले मुकाबले के लिए उत्सुकता जताई।

**शाह टाइम्स**

# सम्पादकीय

**शनिवार, 7 फरवरी 2026**

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## बढ़ा समय

शुक्रवार को उप्र में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने कहा कि अब दस अप्रैल को अंतिम मतदाता सूची जारी होगी। जोकि पहले 6 मार्च को होनी थी। उनका कहना था कि ऐसा मतदाताओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है। इस तरह दावा-आपत्ति की अवधि एक माह बढ़ाकर 6 मार्च तक कर दिया गया है। वहीं मैपिंग से जुड़े सभी कार्यों की प्रक्रिया 27 मार्च तक पूरी करने की बात उन्होंने कही। रिनवा के अनुसार मतदाता सूची को शुद्ध बनाने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर दावा-आपत्ति और मैपिंग की प्रक्रिया जारी है। अब तक फार्म 7 के कुल 82 हजार 684 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि फार्म 6 के अनुसार 37 लाख 80 हजार 414 आवेदन आए हैं। फार्म 6 के आवेदन लगातार बढ़ने की बात भी उन्होंने कही है। उनका कहना था कि इस प्रक्रिया के दौरान लगभग एक करोड़ 4 लाख मतदाता ऐसे पाए गए, जिनमें तार्किक विसंगति थी और इन्हीं के कारण उन्हें सूची में शामिल नहीं किया गया और अब इन्हीं को नोटिस भेजे जा रहे हैं। रिनवा ने यह भी बताया कि कुल 3 करोड़ 26 लाख मतदाताओं को नोटिस भेजे जाने हैं, जिनमें से अब तक 2 करोड़ 37 लाख नोटिस जनरेट हो गए हैं, इनमें से 86 लाख मतदाताओं को वितरित किए जा चुके हैं। अब तक 30 लाख 30 हजार मतदाताओं की सुनवाई पूरी कर ली गई है। एसआईआर का काम पूरे जोरो-शोरों से चल रहा है, लेकिन साथ-साथ विवाद भी चल रहा है। जहां चुनाव आयोग बराबर दावा कर रहा है कि कोई भी पात्र उम्मीदवार नहीं छोड़ा जाएगा। वहीं तमाम विपक्षी नेता चुनाव आयोग की नीयत पर संदेह जता रहे हैं और वह साफ कह रहे हैं कि एसआईआर का असली मकसद नाम जोड़ना नहीं बल्कि नामों में कटौती करना है। यह देखना किसी विडंबना से कम नहीं है कि कोई भी पक्ष इस संबंध में अपने स्टैंड से पीछे हटता दिखाई नहीं दे रहा है। तमाम विपक्षी नेता जिसमें राहुल गांधी, अखिलेश यादव, ममता बनर्जी जैसे नाम शामिल हैं, खुलकर चुनाव आयोग की आलोचना कर रहे हैं और उसको भाजपा का एजेंट तक कह रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ चुनाव आयोग की सेहत पर किसी तरह का कोई फर्क पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है और वह अपने काम को अपने तरीके से आगे बढ़ाते जा रहे हैं। इसमें कोई दोराय नहीं कि मतदाताओं की जो लिस्ट बने वह पारदर्शी और निष्पक्ष हो और उसमें किसी तरह का भेदभाव नहीं दिखाई देना चाहिए, तो वहीं चुनाव आयोग का यह भी दायित्व बनता है कि वह सत्ता पक्ष व विपक्ष को समान रूप से साथ लेकर आगे बढ़े। अगर एक पक्ष को उस पर विश्वास नहीं होगा, तो फिर चुनाव की निष्पक्षता पर भी सवाल उठेगा और जब सवाल उठेंगे तो लोगों के मन में भी संशय पैदा होगा। ऐसे में यह काम मनमानी से नहीं बल्कि सहमति के आधार पर होना चाहिए।

### ब्राह्मण समाज का अपमान और अनादर



फिल्म घूसखोर पंडित में पंडित शब्द को लेकर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी बेहद दुखद और चिंताजनक है, अब फिल्मों के माध्यम से भी एक विशेष वर्ग का अपमान किया जा रहा है, जिससे पूरे देश में आक्रोश व्याप्त है, फिल्म में पंडित को घुसपैठिया बताकर पूरे ब्राह्मण समाज का अपमान और अनादर किया गया है, इस तरह की जातिसूचक टिप्पणियां सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने वाली हैं और इन्हें किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता, बसपा इस तरह की टिप्पणी की कड़ी निंदा करती है, ऐसी जातिसूचक और समाज को बांटने वाली फिल्म पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए, किसी भी माध्यम से किसी समाज को अपमानित करना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि कानून-व्यवस्था और सामाजिक समरसता के लिए भी घातक है।

**-सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

## चैनलों का खेल खत्म, सरेंडर हो रहे हैं लाइसेंस



पवन सिंह



भारतीय न्यूज चैनलों का भविष्य क्या दांव पर लग चुका है? बड़ी संख्या में न्यूज चैनलों से दर्शक विमुख हुए हैं। तमाम दर्शकों ने विगत कुछ सालों से न्यूज चैनलों को आंख तक नहीं लगाया है। मात्र 25 सालों में ही न्यूज चैनल अपनी विश्वसनीयता और अपना विशालकाय दर्शक वर्ग खो देंगे, ऐसा नहीं सोचा गया था लेकिन यह हो चुका है। न्यूज चैनल्स के दर्शक अब सिरे से गायब हो चुके हैं। इसका बहुत बड़ा कारण है चौनलों का जनसरोक. ारी खबरों से दूर होना और पूरा दिन सांप्रदायिक बहसों को हवा देना। दरअसल, भारतीय चैनल्स एक्सपो हो चुके हैं और यह प्रकृति का नियम है कि जो एक बार एक्सपोज हो जाता है वह हमेशा के लिए हाशिए पर चला जाता है। विश्वसनीयता का धूलधूसरित होना न्यूज चैनलों के विनाश का प्रमुख कारण बन रहा है। एक उदाहरण देना चाहूंगा जैसे ही दिल्ली के एक बड़े हिंदी न्यूज चैनल को एक विशालकाय उद्योगपति ने टेक ओवर किया, उसके कुछ ही महीनों बाद चैनल का एक बड़ा दर्शक वर्ग उस चैनल से भाग खड़ा हुआ। अब हुआ यह कि चैनल संचालक जनता से दूर हटे और जनता उनसे दूर हुई। आप न्यूज चैनल तो खोल सकते हैं, लेकिन दर्शक वर्ग किसी भी कीमत पर नहीं ला सकते। आज हालात यह हो चले हैं कि तमाम न्यूज चैनलों ने अपने-अपने ब्राड कास्टिंग लाइसेंस सेरेंडर करने आरंभ कर दिए हैं। यह सब मात्र ढाई दशकों में ही देखने को मिलेगा ऐसा नहीं सोचा था। देश में विगत तीन वर्षों में करीब 50 टीवी चैनलों ने अपने ब्रॉडकास्टिंग लाइसेंस सरेंडर कर दिए हैं।

लगातार एक ही तरह की प्रायोजित और एक तरफा खबरों से उकताए दर्शकों का एक बड़ा वर्ग डिजिटल व OTT प्लेटफॉर्म्स की ओर जा चुका है। इसके बाद चैनल आपरेटरों को दूसरा झटका गिरते विज्ञापन राजस्व, उच्च परिचालन लागत और बाजार की बदलती हुई स्थितियों ने दिया। परिचालन लागत ज्यादा हुई व विज्ञापन राजस्व कम हुआ। साथ ही दर्शक वर्ग गायब और कम दर्शकों के कारण विज्ञापन दाता कंपनियों द्वारा हाथ खींचना या विज्ञापन दरें कम कर देना, एक बड़ा कारण रहा। यह असर इंटरनेट चौनलों पर भी देखा जा रहा है। देश में DTH ग्राहकों में भी लगातार भारी गिरावट होती जा रही है। भारत में DTH ग्राहकों की संख्या वित्तीय वर्ष 2019-20 में 72 मिलियन से घटकर वित्तीय वर्ष 2024 में 62 मिलियन रह गई। यह संख्या लगातार तेजी से घटती जा रही है। विगत वर्षों में जिन प्रमुख ब्रॉडकास्टर्स ने अपने-अपने लाइसेंस सरेंडर किए हैं उनमें-JioStar, Zee Entertainment, Eenadu Television, TV Today Network, NDTV और ABP छमजूवता के नाम शामिल हैं जिन्होंने अपने कई चैनलों के लाइसेंस सरेंडर कर दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार Culver Ma Entertainment यानी सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया ने भी 26 डाउनलिंकिंग अनुमतियां सरेंडर की हैं। ABP Network ने उच्च लागत के कारण ABP News HD बंद कर दिया और NDTV ने अपने प्रस्तावित NDTV Gujarati चैनल का लाइसेंस वापस कर दिया। न्यूज चैनल्स जो कभी धड़ाधड़ प्रादेशिक न्यूज चैनल्स खोल रहे थे वह सब के सब धीरे-धीरे बंद होते चले गए। सबसे ज्यादा प्रादेशिक चैनल्स बंद हुए। मेरे एक पत्रकार साथी ने 2016 में बातचीत में कहा था कि एक दिन लाल किले के पीछे बाजार में न्यूज चैनलों के कैमरे और आईडी किलो में बिकेंगी। वह बात आज सच साबित हो रही है। जो न्यूज चैनल्स जिंदा भी हैं उनको विभिन्न राज्यों के सूचना विभाग और दिल्ली की मिनिस्ट्री आफ ब्राड कास्टिंग ने वेंटीलेटर की सुविधा पर रख रखा है। नाम न खोलने की शर्त पर एक बड़ी कंपनी के सीईओ जो कि मेरे मित्र भी हैं, का कहना है-हर साल हमारी कंपनी का पब्लिसिटी बजट करीब 20 करोड़ का हुआ करता था, लेकिन जिस तरह से आम जनता की पर्चेजिंग पावर घटी है और निर्यात में दिक्कतें बढ़ी हैं, अब पब्लिसिटी बजट जारी रख पाना कठिन है। चीन से जबरदस्त चुनौती अलग से है। कमोबेश देश की तमाम बड़ी कंपनियों ने अपना पब्लिसिटी बजट घटा दिया है और अब अपनी शर्तों पर विज्ञापन जारी कर रही हैं। उनके रेट पर विज्ञापन लेना हो तो आओ वरना चैनल के आफिस में बैठो। न्यूज चैनल्स के संदर्भ में हालात अभी और भी खराब होंगें। दर्शकों को बड़े पत्रकारों के यूट्यूब चैनल्स लुभाने लगे हैं। जहां संदर्भों के साथ और बिना किसी सेंसर शिप का कंटेंट हैं। कमेंट्स खुला है। सहमति-असहमति प्रगट करने की त्वरित सुविधा है। बहस का एक स्तर है। शाम छह बजे से आठ बजे तक स्टूडियो में बेमतलब के विषयों पर मुर्गे-मुर्गियां लड़ाने की परंपरा नहीं है। इंटरटेनमेंट के लिए तमाम ओटीटी प्लेटफॉर्म हैं और तात्कालिक न्यूज के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म हैं। इधर चैनलों की महंगी विज्ञापन दरों की काट देश के कुछ सूचना विभागों ने निकाल ही है। वे कम लागत में एलईडी वैन पर गांव-गांव व सुदूर कस्बों तक सरकारी योजनाओं को सीधे जनता तक कनेक्ट करने में सफल हो रहे हैं। जहां विज्ञापन की अवधि और उस बढ़ी अवधि के हिसाब से दरों के बढ़ने का डर नहीं है। एलईडी वैन की जीपीएस से मानीटरिंग हो रही है।

कम लागत और सीधे जनता से कनेक्टिविटी का यह प्रयोग छोटे राज्यों में धीरे-धीरे लोकप्रिय होता जा रहा है। भारत में न्यूज चैनल्स की शुरुआत औपचारिक रूप से 1965 में दूरदर्शन से हुई थी। 1965 में दूरदर्शन पर मात्र 5 मिनट का पहला नियमित समाचार बुलेटिन प्रतिमा पुरी द्वारा पढ़ा गया था। इसके बाद दूरदर्शन न्यूज का एक लंबा युग चला। प्रादेशिक समाचार प्रसारण भी आरंभ हुए। वर्ष, 1991 में जब खाड़ी युद्ध आरंभ हुआ और CNN जैसे विदेशी चैनल्स ने कवरेज दी तो लोग आश्चर्यचकित रह गए। भारत में 1992 में पहला प्राइवेट ब्रॉडकास्टिंग न्यूज चैनल जी न्यूज आया और फिर आज तक। सैटेलाइट टीवी के आने के बाद बहुत कुछ बदला। वर्ष, 1999 में आज तक डीडी से हटा और 24 घंटे का स्वतंत्र चैनल बना। 2000 के बाद तमाम न्यूज चैनल्स आए और 2025 के अंत तक आते-आते अब सरेंडर युग की ओर जा रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## जलवायु परिवर्तनः आल्पस में भूकंप का खतरा

1960 के दशक में जब मॉन्ट ब्लांक टनल बनाई जा रही थी तो पहाड़ों के भीतर से अचानक तेजी से बहता हुआ बिलकुल ताजा पानी मिला। यह पानी इतना ताजा था कि उसमें अभी तक चट्टानों के खनिज भी नहीं घुल पाए थे। हालांकि, कुछ वैज्ञानिकों ने इन निष्कर्षों पर थोड़ी सावधानी बरतने की बात कही है। वैज्ञानिक फिलिप वर्नांट का कहना है कि वैसे तो आंकड़े काफी मजबूत हैं लेकिन यह भी मुमकिन है कि मॉन्ट ब्लांक सुरंग बनाने के प्रभाव देर से सामने आ रहे हों। इसलिए जरूरी है कि इस तरह की घटनाओं पर लंबे समय तक अध्ययन किए जाएं ताकि पता चल सके कि ऐसा पैटर्न केवल आल्पस में है या दुनिया के अन्य पहाड़ी इलाकों में भी है।

हम अक्सर सुनते हैं कि जलवायु परिवर्तन के कारण लू, बाढ़, जंगलों में आग और समुद्र स्तर बढ़ रहे हैं। लेकिन अब इसका एक और चौंकाने वाला असर पता चला है-आल्प्स पर्वतों में ग्लेशियरों के पिघलने से भूकंप का खतरा बढ़ सकता है। ऐसी घटना फ्रांस के मॉन्ट ब्लांक इलाके के एक ऊंचे बर्फ से ढंके पर्वत ग्रांड जोरासेस में घटी है। 2015 में जब इस क्षेत्र में भीषण गर्मी पड़ी तो भारी मात्रा में बर्फ पिघली।

इसके तुरंत बाद पहाड़ के नीचे छोटे-छोटे भूकंप महसूस किए गए। कोई नुकसान तो नहीं हुआ, लेकिन विशेषज्ञों के मुताबिक ऐसे छोटे-छोटे भूकंप कभी-कभी बड़े भूकंप की चेतावनी भी होते हैं, लेकिन बर्फ के पिघलने से भूकंप कैसे आ सकते हैं? जब ग्लेशियर पिघलते हैं तो पानी चट्टानों की दरारों से गहराई तक चला जाता है। वहां यह पानी चट्टानों पर दबाव बनाता है और जमीन के अंदर जो फॉल्ट लाइनें होती हैं, उनकी पकड़ कमजोर कर देता है। इन फॉल्ट लाइनों के फिसलने से ऊर्जा निकलती है जो भूकंप का कारण बनती है। ऐसा नहीं है कि यह प्रक्रिया सिर्फ आल्प्स में होती है। वैज्ञानिकों ने ताइवान जैसे इलाकों में भी देखा है कि बारिश के हिसाब से भूकंप की संख्या बदलती है। इसी तरह, जहां फ्रैंकिंग (तेल और गैस निकालने की प्रक्रिया) या जियोथर्मल ऊर्जा के लिए जमीन के भीतर दबाव के साथ पानी डाला जाता है, वहां भी छोटे भूकंप आ सकते हैं। ETH ज्यूरिख के वैज्ञानिकों द्वारा मॉन्ट ब्लांक इलाके में छोटे भूकंप को मापने वाले यंत्रों की मदद से 2006 से अब तक दर्ज 12,000 से ज्यादा छोटे-छोटे भूकंपों के विश्लेषण से पता चला है कि 2015 की गर्मी के बाद इन भूकंपों की संख्या बढ़ी थी। यही पैटर्न अगले साल की ग्रीष्म लहरों के बाद भी दिखे। दिलचस्प बात यह है कि सतह के पास वाले छोटे भूकंप गर्मी के लगभग एक साल बाद बढ़े, जबकि गहराई (लगभग 7 कि.मी) में आने वाले भूकंप दो साल बाद बढ़े। इसका कारण यह हो सकता है कि पानी को गहराई तक पहुंचने में समय लगता है। भूकंप सम्बंधी ऐसे अनुभव पहले भी हुए हैं।

1960 के दशक में जब मॉन्ट ब्लांक टनल बनाई जा रही थी तो पहाड़ों के भीतर से अचानक तेजी से बहता हुआ बिलकुल ताजा पानी मिला। यह पानी इतना ताजा था कि उसमें अभी तक चट्टानों के खनिज भी नहीं घुल पाए थे। हालांकि, कुछ वैज्ञानिकों ने इन निष्कर्षों पर थोड़ी सावधानी बरतने की बात कही है। वैज्ञानिक फिलिप वर्नांट का कहना है कि वैसे तो आंकड़े काफी मजबूत हैं लेकिन यह भी मुमकिन है कि मॉन्ट ब्लांक सुरंग बनाने के प्रभाव देर से सामने आ रहे हों। इसलिए जरूरी है कि इस तरह की घटनाओं पर लंबे समय तक अध्ययन किए जाएं ताकि पता चल सके कि ऐसा पैटर्न केवल आल्प्स में है या दुनिया के अन्य पहाड़ी इलाकों में भी है। अभी तक तो आल्प्स में आए इन भूकंपों से मॉन्ट ब्लांक सुरंग या आस-पास के शहरों को कोई खतरा नहीं है। इस क्षेत्र की इमारतें रिक्टर पैमाने पर 6 स्तर के भूकंप



झेलने लायक बनाई गई हैं, लेकिन स्थिति हिमालय जैसे इलाकों में ज्यादा गंभीर हो सकती है, जहां ग्लेशियर बहुत तेजी से पिघल रहे हैं और जहां बड़े और खतरनाक भूकंप आने की आशंका भी ज्यादा है। जलवायु परिवर्तन बढ़ता जा रहा है और यह अध्ययन हमें याद दिलाता है कि हमारी धरती पहले से ही एक नाजुक हालत में हैय ग्लेशियर पिघलने जैसे छोटे बदलाव भी इसे और अस्थिर कर सकते हैं।

**-स्रोत फीचर्स**

## आकस्मिक चिकित्सा सुविधाओं पर पुनर्विचार की आवश्यकता




जब सिर्फ पैसों के कारण आपात स्थिति में इलाज नहीं दिया जाता, तो कई बार जान चली जाती है। यह लेख ऐसे ही कुछ बेहद जरूरी मामलों को सामने लाता है और सख्त नियमों और उन्हें सही तरीके से लागू करने की मांग करता है, ताकि संकट के समय किसी को भी इलाज से वंचित न किया जाए। कुछ ही महीने पहले पुणे में एक बहुत दुखद घटना घटी। एक गर्भवती महिला, जिसे पहले से ही गंभीर स्थिति में माना गया था और जो समय से पहले जुड़वां बच्चों को जन्म देने वाली थी, उसे पुणे के जाने-माने दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल लाया गया, लेकिन इलाज शुरू करने के लिए अस्पताल ने 10 लाख रुपए एडवांस जमा करने की मांग की।

परिवार ने इलाज के लिए गुहार लगाई और भरोसा दिलाया कि थोड़ी देर में पैसों का इंतजाम हो जाएगा, लेकिन अस्पताल ने पैसे के बिना इलाज शुरू करने से मना कर दिया। इससे कीमती समय बर्बाद हुआ और महिला को दूसरे अस्पताल ले जाना पड़ा। वहां उसने जुड़वां लड़कियों को जन्म तो दिया, लेकिन उसकी खुद की जान नहीं बच सकी।

**बेवजह देरी**- जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में जब मातृत्व मृत्यु रोकने की बात होती है, तो अक्सर थ्री डिले मॉडल (तीन देरियों) का जिक्र होता है। इस मॉडल से यह समझने में मदद मिलती है कि इलाज में किस-किस स्तर पर होने वाली देरी मां की जान ले सकती है। सबसे पहली देरी होती है घर में-जब परिवार यह तय करने में समय लगाता है कि इलाज करवाना है या नहीं। दूसरी देरी होती है अस्पताल तक पहुंचने में-जब रास्ते की दूरी, खराब सड़कें या परिवहन की समस्या आड़े आती है। तीसरी देरी तब होती है जब मरीज अस्पताल पहुंच तो जाता है, लेकिन वहां स्टाफ की कमी, जरूरी साधनों के अभाव या तंत्र की लापरवाही के कारण समय पर इलाज नहीं मिल पाता। हालांकि यह मॉडल आम तौर पर गर्भवती महिलाओं के इलाज के संदर्भ में लागू किया जाता है, लेकिन इसे हर उस आपात स्थिति पर लागू किया जा सकता है जहां समय पर इलाज न मिलने से मरीज की जान जा सकती है।

हमारे देश में तीसरे प्रकार की देरी से होने वाली मौतें ज्यादातर ग्रामीण इलाकों में देखी जाती हैं, जहां न तो अस्पताल होते हैं और न ही स्टाफ। लेकिन यह मामला एक चौंकाने वाला शहरी उदाहरण है, जहां देरी का कारण सुविधाओं की कमी नहीं, बल्कि निजी अस्पतालों की कॉर्पोरेट सख्ती था। यह जानते हुए भी कि महिला की हालत बेहद गंभीर थी, अस्पताल ने सिर्फ पैसों की वजह से इलाज करने से मना कर दिया। इसलिए यह जरूरी है कि हम इस बात को सामने लाएं कि जो बड़े निजी अस्पताल सरकारी छूट और सुविधाएं लेते हैं, वे आपात स्थिति में जरूरतमंद मरीजों के साथ कैसे व्यवहार करते हैं। कैसे कई बार वित्तीय हित मरीज की देखभाल और सुरक्षा से ज्यादा अहम हो जाते हैं।

**मेरा निजी अनुभव**- उपरोक्त खबर को पढ़ने के बाद मुझे भी अपना एक हालिया अनुभव साझा करने की जरूरत महसूस हो रही है, जो यह दिखाता है कि निजी अस्पतालों में नीतियों में बदलाव और जवाबदेही कितनी जरूरी है।

मेरी पत्नी को एक्टोपिक प्रेग्नेंसी जिसमें गर्भधारण गर्भाशय की बजाय किसी अन्य स्थान पर हो जाता है और यह एक गंभीर मेडिकल इमरजेंसी होती है की स्थिति में तुरंत अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। हमारे पास स्वास्थ्य बीमा था, इसलिए कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध थी। मैंने सारे जरूरी दस्तावेज तुरंत जमा कर दिए। बताया गया कि बीमा क्लेम की प्रक्रिया शुरू हो गई है और मंजूरी में लगभग तीन घंटे लगेंगे, लेकिन साथ ही यह भी कहा गया कि जब तक 25,000 रुपए एडवांस में नहीं दिए जाते, सर्जरी शुरू नहीं होगी।

मेरे लिए पैसा देना मुश्किल नहीं था, फिर भी मैंने पूछा कि जब कैशलेस सुविधा है तो क्या पैसे मिलने के लिए तीन घंटे का इंतजार नहीं किया जा सकता? जवाब मिला कि सर्जरी तभी शुरू होगी जब कैशलेस क्लेम मंजूर हो जाएगा। मैंने बार-बार समझाया कि यह इमरजेंसी है, लेकिन बिलिंग विभाग ने कोई नरमी नहीं दिखाई। आखिरकार मैंने एडवांस राशि दी, सर्जरी हुई और जैसा अनुमान था, क्लेम भी मंजूर हो गया। पत्नी की छुट्टी के बाद जमा की गई राशि लौटा दी गई। लेकिन इस अनुभव ने मेरे जेहन में कई सवाल छोड़ दिए।

यदि उस समय मेरे पास 25,000 रूपए न होते तो क्या मेरी पत्नी की सर्जरी टल जाती, जबकि मैंने कैशलेस इलाज के लिए सारे जरूरी दस्तावेज जमा कर दिए थे और यदि देरी से उनकी सेहत को नुकसान होता, तो उसका जिम्मेदार कौन होता? आपात स्थिति में इन प्रक्रियाओं की बजाय अस्पताल इलाज को प्राथमिकता क्यों नहीं देते? जब मरीज को सर्जरी या गंभीर इलाज की जरूरत है और वह 2.3 दिन अस्पताल में रहने वाला है, और 25,000 रुपए की एडवांस राशि बहुत बड़ी नहीं है, खासकर तब जब अस्पताल कैशलेस सुविधा वाला है और बीमा से पैसा मिलने ही वाला है। फिर भी इलाज शुरू करने से पहले इतनी बेरहमी से एडवांस की मांग क्यों? इलाज में देरी जान ले सकती है। क्या ऐसी स्थिति में इंसानियत और सहयोग की भावना जरूरी नहीं है? आपात समय में मरीज के परिवारजन घबराए होते हैं और कभी-कभी आर्थिक स्थिति भी कमजोर होती है।

ऐसे मौके पर क्या अस्पताल को थोड़ी नरमी नहीं दिखानी चाहिए? मरीज की जान से जुड़ी स्थिति में अस्पताल इतनी कठोर नीति क्यों अपनाते हैं? और आखिर किसने निजी अस्पतालों को यह हक दिया कि वे मरीज की जान को इस तरह जोखिम में डालें? वैसे कैशलेस क्लेम को मंजूरी मिल गई थी, और जो पैसे मैंने एडवांस में दिए थे, वो पैसे मुझे तुरंत नहीं मिले थे। यहां मुझसे एक ग्राहक के तौर पर उम्मीद की गई थी कि मैं अस्पताल की आंतरिक प्रक्रिया के साथ सहयोग करूं। लेकिन क्या अस्पतालों द्वारा एडवांस राशि तुरंत जमा करवाने के नियम में ढील नही दी जानी चाहिए, खासकर इमर्जेंसी की स्थिति में? क्या मरीज के परि. जनों की यह उम्मीद गलत है कि ऐसी स्थिति में अस्पताल थोड़ा लचीलापन दिखाए? यहां साफ तौर पर असंतुलन हैय जहां मरीज से तो उम्मीद की जाती है कि वह अस्पताल की प्रक्रियाओं का सम्मान करे, लेकिन अस्पताल मरीज की जरूरतों को नजरअंदाज कर देता है।

**-साभार एस.एफ**

# मोदी ने रूस को यूक्रेन पर परमाणु हमला करने से रोका

## पोलैंड के उप विदेश मंत्री व्लादिस्लाव बार्टोशेव्सकी ने किया दावा, कहाः भारतीय पीएम ने वैश्विक स्तर पर सकारात्मक भूमिका निभाई

**वाशिंगटन।** पोलैंड के उप विदेश मंत्री व्लादिस्लाव बार्टोशेव्स्की ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक स्तर पर सकारात्मक भूमिका निभाई। बार्टोशेव्स्की ने कहा कि पीएम मोदी ने रूस को यूक्रेन पर परमाणु हमले से रोका था।

बार्टोशेव्स्की ने एक समाचार एजेंसीके साथ बातचीत में भारत के साथ पोलैंड के सौहार्दपूर्ण संबंधों की चर्चा की। उन्होंने कहा, हमारे भारत के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं। हम दुनिया में भारत की भूमिका को स्वीकार करते हैं। फिर उन्होंने रूस-यूक्रेन जंग में प्रधानमंत्री मोदी की भूमिका पर प्रकाश डाला। बार्टोशव्स्की ने कहा, जैसा कि मैंने नई दिल्ली में अपने एक इंटरव्यू में बताया था कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2022 के आखिर में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात की थी और उन्हें यूक्रेन में सामरिक परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने की कोशिश करने से रोका था। यह एक सकारात्मक भूमिका थी जो प्रधानमंत्री मोदी ने निभाई। भारत दुनिया के मामलों में सकारात्मक भूमिका निभाता है और मुझे उम्मीद है कि यह जारी रहेगा। पीएम मोदी के पोलैंड दौरे को याद करते हुए बार्टोशेव्स्की ने कहा, हमने 2024 में पीएम मोदी के साथ एक रणनीतिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। तब वह भारत के प्रधानमंत्री के तौर पर पोलैंड आए थे। वह 45 साल में हमारे देश आने वाले वो भारत के पहले पीएम थे। यह एक बहुत अच्छी यात्रा थी। उन्होंने आगे कहा, अब हमने ईयू के साथ विदेश व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं। हम भी इसका हिस्सा हैं। मैं अभी विदेश मंत्रालय से लौटा हूं, जहां हमने सैन्य सहयोग, डिजिटल उद्योग सहयोग, सुरक्षा मुद्दे, हाई-टेक में आईटी निवेश, अंतरिक्ष में सहयोग और अन्य चीजों से जुड़े कई व्यावहारिक कदमों पर चर्चा की। जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत ने दूसरे देशों की तुलना में अमेरिका के साथ ज्यादा फायदेमंद व्यापार समझौता किया है, तो उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि भारत एक बहुत बड़ी आर्थिक शक्ति है। आप अब दुनिया में जीडीपी के मामले में चौथे नंबर पर हैं और प्रधानमंत्री मोदी ने यह साफ कर दिया है कि आपका लक्ष्य बहुत जल्द दुनिया की तीसरी बड़ी शक्ति बनना है। भारत एक बहुत बड़ा बाजार है। लगभग डेढ़ अरब लोग यहां रहते हैं और इस वजह से भी यह एक बहुत ही उन्नत बाजार है।



■ जैसा कि मैंने नई दिल्ली में अपने एक इंटरव्यू में बताया था कि पीएम मोदी ने 2022 के आखिर में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात की थी: बार्टोशेव्स्की

## रूसी सैन्य खुफिया एजेंसी के डिप्टी चीफ पर जानलेवा हमला

**मॉस्को।** रूस की सैन्य खुफिया एजेंसी (जीआरयू) के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल व्लादिमीर अलेक्सेएव शुक्रवार को मॉस्को में एक अज्ञात हमलावर की गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल हो गए। राजधानी के उत्तर-पश्चिमी इलाके में स्थित एक आवासीय इमारत के पास घात लगाकर बैठे हमलावर ने जनरल अलेक्सेएव पर कई गोलियां चलाईं और मौके से फरार हो गया। हमले के तुरंत बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। रूसी जांच समिति ने इस घटना को 'हत्या के प्रयास' का मामला मानते हुए आपराधिक जांच शुरू कर दी है। जनरल अलेक्सेएव 2011 से जीआरयू में दूसरे सबसे शक्तिशाली अधिकारी के पद पर तैनात हैं।



पुलवामा। जम्मू-कश्मीर में आतंकवादिशें की मौजूदगी की खुफिया जानकारी के बाद चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाकर्मी निगरानी करते हुए।

## सिंगापुर शांति बोर्ड में शामिल होने के प्रस्ताव का कर रहा है मूल्यांकन

**सिंगापुर सिटी।** सिंगापुर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शांति बोर्ड में शामिल होने के प्रस्ताव का मूल्यांकन कर रहा है। यह जानकारी द स्ट्रेट्स टाइम्स अखबार ने सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन के हवाले से गुरुवार को दी। रिपोर्ट में कहा गया कि संसद के पांच सदस्यों ने बालाकृष्णन से सिंगापुर को शांति बोर्ड में शामिल होने के लिए अमेरिका द्वारा दिए गए स्थाई निमंत्रण के बारे में सवाल किया था। उल्लेखनीय है कि 16 जनवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने शांति बोर्ड के गठन की घोषणा की

## बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के घर के बाहर हिंसक प्रदर्शन

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में शुक्रवार को सरकारी कर्मचारियों और पुलिस के बीच जोरदार झड़प हो गई। ये कर्मचारी नौवें नेशनल पे स्केल को लागू करने की मांग कर रहे थे। ये झड़प मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के सरकारी आवास 'जमुना' के बाहर हुआ। यह घटना ऐसे समय पर हुई है जब आम चुनाव में सिर्फ छह दिन बचे हैं। अगस्त 2024 में हुई हिंसा के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद छोड़ना पड़ा था और वे भारत चली गई थीं। इसके बाद निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में एक केयरटेकर सरकार बनाई गई थी। शुक्रवार सुबह देश के अलग-अलग हिस्सों से आए प्रदर्शनकारी शहीद मीनार पर जमा हुए और वहां से जमुना की ओर मार्च करने लगे। वे नौवें नेशनल पे कमीशन की रिपोर्ट के आधार पर गजट तुरंत जारी करने और वेतन बढ़ाने की मांग कर रहे थे। प्रदर्शन के दौरान लोग नारे लगा रहे थे कि पेट में चावल नहीं है, तो मुंह में विकास किस बात का। करीब साढ़े ग्यारह बजे प्रदर्शनकारियों ने शाहबाग इलाके में लगाए गए पुलिस बैरिकेड तोड़ दिए और आगे बढ़ने लगे। इसके बाद पुलिस ने भीड़ को रोकने के लिए वाटर कैनन, आंसू गैस, साउंड ग्रेनेड का इस्तेमाल किया और लाठीचार्ज भी किया।

# अमेरिकियों को तुरंत ईरान छोड़ने की चेतावनी

## वर्चुअल एंबेसी बोलीः मदद का इंतजार करें, खुद निकलें, ओमान में परमाणु मुद्दे पर बातचीत जल्द

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान में रह रहे अपने नागरिकों को तुरंत देश छोड़ने की सख्त चेतावनी दी है। वर्चुअल अमेरिकी दूतावास ने कहा है कि देश में सुरक्षा की स्थिति बेहद खराब हो गई है। बढ़ती अशांति, पाबंदियां और यात्राा में रुकावटें लोगों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन रही हैं। एम्बेसी ने साफ कहा है कि जल्द से जल्द ईरान छोड़ दें। अपने निकलने का प्लान खुद बनाएं और इसमें अमेरिकी सरकार की मदद पर भरोसा न करें।

मौजूदा हालात में आधिकारिक सहायता बेहद सीमित है। ईरान में देशव्यापी विरोध प्रदर्शन और अशांति के कारण सुरक्षा व्यवस्था सख्त हो गई है। सड़कें बंद हैं, सार्वजनिक परिवहन ठप है, इंटरनेट और मोबाइल-लैंडलाइन सेवाएं बार-बार बाधित हो रही हैं। कई एयरलाइंस ने ईरान आने-जाने वाली उड़ानों को सीमित या रद्द कर दिया है, जिससे बाहर निकलना और भी मुश्किल हो गया है। इस बीच अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु वार्ता आज ओमान की राजधानी मस्कट में शुरू हो रही है।

यह पिछले करीब नौ महीनों में दोनों देशों के बीच पहली औपचारिक बैठक है, जो जून 2025 में हुए संघर्ष के बाद से निलंबित थी। जनवरी की शुरूआत में बढ़ती महंगाई के खिलाफ हजारों प्रदर्शनकारी ईरान की सड़कों पर उतर आए। ईरान में तनाव बना हुआ है। अमेरिकी चेतावनी में कहा गया है कि अगर तुरंत निकलना संभव न हो तो सुरक्षित जगह पर रहें। वहां खाना, पानी, दवाइयां और जरूरी सामान का स्टाक रखें। इंटरनेट ब्लैकआउट जारी रहने की संभावना है, इसलिए परिवार और दोस्तों से संपर्क के लिए दूसरे तरीके सोचें। यूएसै एम्बेसी ने अमेरिका-ईरान की दोहरी नागरिकता रखने वाले लोगों के लिए ज्यादा खतरा बताया है। ईरान दोहरी नागरिकता को मायूएसयता नहीं देता, इसलिए ऐसे लोग ईरानी पासपोर्ट से ही बाहर निकल सकते हैं। अमेरिकी पासपोर्ट दिखाना या अमेरिका से जुड़ाव जाहिर करना ईरानी अधिकारियों के लिए हिरासत में लेने का कारण बन सकता है। ऐसे में पूछताछ, गिरफ्तारी या लंबी हिरासत का खतरा है। जो अमेरिकी नागरिक बिना वैध अमेरिकी पासपोर्ट के हैं, उन्हें ईरान छोड़ने के बाद नजदीकी अमेरिकी दूतावास से पासपोर्ट बनवाने की सलाह दी गई है। अमेरिकी सरकार ने साफ किया है कि ईरान में कूटनीतिक और कांसुलर संबंध न होने की वजह से वह अपने नागरिकों की मदद करने की स्थिति में नहीं है। अमेरिका के हितों का प्रतिनिधित्व तेहरान में स्विट्जरलैंड दूतावास करता है। रूटीन कांसुलर सेवाएं बंद हैं और हालात में सुधार के कोई संकेत नहीं दिख रहे, इसलिए अमेरिकी नागरिकों से खुद ही सुरक्षित निकलने की ठोस योजना बनाने की अपील की गई है। सुरक्षा के लिए कुछ जरूरी सलाह भी दी गई है, जैसे प्रदर्शनों और भीड़-भाड़ वाली जगहों से दूर रहें, फोन हमेशा चार्ज रखें, परिवार से संपर्क बनाए रखें और स्थानीय मीडिया पर नजर रखकर हालात की जानकारी लेते रहें। हाई-लेवल वार्ता से पहले व्हाइट हाउस ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कूटनीति के पक्ष में हैं, लेकिन अगर बातचीत नाकाम होती है तो ताकत का इस्तेमाल करने के लिए भी तैयार हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलाइन लेविट ने गुरुवार को पत्राकारों से कहा कि ट्रम्प ओमान में होने वाली बातचीत में देखना चाहते हैं कि क्या कोई समझौता हो सकता है। साथ ही उयूएसहोंने ट्रम्प की मांग दोहराई कि ईरान के पास जीरो परमाणु क्षमता होनी चाहिए। उयूएसहोंने चेतावनी भी दी कि अगर बातचीत से नतीजा नहीं निकला तो राष्ट्रपति के पास कई विकल्प मौजूद हैं।



■ यह पिछले करीब नौ महीनों में दोनों देशों के बीच पहली औपचारिक बैठक है, जो जून 2025 में हुए संघर्ष के बाद से निलंबित थी

### ईरान ने अमेरिका को दिया कड़ा संदेश

■ 'खोर्रमशहर-4' बैलिस्टिक मिसाइल को सैन्य अड्डे पर तैनात कर किया तैनात

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने अपनी नवीनतम लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'खोर्रमशहर-4' को एक सैन्य अड्डे पर तैनात कर दिया है। सरकारी प्रसारक प्रेस टीवी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, यह मिसाइल आईआरजीसी एयरोस्पेस फोर्स द्वारा संचालित एक नए सैन्य स्थल के उद्घाटन के दौरान प्रदर्शित की गई। इसकी तैनाती को ईरान की रक्षा नीति में औपचारिक रूप से शामिल किए जाने का संकेत माना जा रहा है। प्रेस टीवी के मुताबिक, 'खोर्रमशहर-4' की मारक क्षमता 2,000 किलोमीटर (करीब 1200 मील) है और यह 1500 किलोग्राम (लगभग 3300 पाउंड) तक का वारहेड ले जाने में सक्षम है। आईआरजीसी के राजनीतिक मामलों के उप कमांडर ब्रिगेडियर जनरल यदोल्लाह जावानी ने कहा कि मिसाइल का प्रदर्शन अमेरिका को यह संदेश देने के लिए था कि ईरान अपनी रक्षा क्षमताओं से पीछे हटने का इरादा नहीं रखता। अल मायादीन से बातचीत में उन्होंने कहा कि ईरान 'अपने रुख से पीछे नहीं हटेगा और युद्ध नहीं चाहता कि लेकिन यदि दुश्मन कोई गलती करता है तो उसे कड़ा जवाब दिया जाएगा।

## अफगान तालिबान ने आतंकी समूहों की सहायता वाले आरोपों को किया खारिज

**काबुल।** अफगान तालिबान ने अफगानिस्तान में सक्रिय विदेशी आतंकवादी समूहों को किसी भी प्रकार की सहायता देने के आरोपों को खारिज कर दिया। उसने आरोप लगाया कि इस्लामिक स्टेट के लड़ाकों ने पड़ोसी देशों में ठिकाने स्थापित किए हैं, जो पाकिस्तान की ओर एक अप्रत्यक्ष इशारा है।

तालिबान के प्रवक्ता जबिहुल्लाह मुजाहिद ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कई देशों द्वारा तालिबान-नियंत्रित अफगानिस्तान से कथित आतंकवादी गतिविधियों के बारे में व्यक्त की गई चिंताओं का जवाब देते हुए गुरुवार को कहा कि अफगानिस्तान सुरक्षित है और इस्लामी अमीरात में कोई विदेशी या दुष्ट समूह मौजूद नहीं है। अफगानिस्तान में इस्लामिक स्टेट की हार का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यवश इस आतंकी समूह ने हमारे पड़ोसी देशों में अपने ठिकाने बना लिए हैं। मुजाहिद ने देशों द्वारा उठाई गई सुरक्षा चिंताओं को बेबुनियाद करार देते हुए कहा कि ये चिंताएं संयुक्त राष्ट्र में तालिबान के प्रतिनिधित्व की कमी के कारण उत्पन्न हुई हैं। हालांकि उन्होंने किसी भी पड़ोसी देश का नाम नहीं लिया, जहां उनके अनुसार इस्लामिक स्टेट खोरासान ने कथित तौर पर शरण ली थी लेकिन तालिबान अधिकारियों ने एक से अधिक बार पाकिस्तान पर इस्लामिक स्टेट के गुर्गों को पनाह देने, सहायता करने, प्रशिक्षण देने एवं वित्तपोषण करने का आरोप लगाया है। बुधवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सत्र में, संयुक्त राष्ट्र के एक वरिष्ठ अधिकारी, अलेक्जेंडर जुएव ने चेतावनी दी कि इस्लामिक अमीरात में आईएस-केपी क्षेत्र और उससे परे दोनों जगह सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा बना हुआ है, जो तालिबान द्वारा बार-बार किए गए उन दावों के विपरीत है कि उसने देश के भीतर इसे हरा दिया है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने कहा कि अफगानिस्तान में इस्लामिक स्टेट का खतरा लगातार बना हुआ है और इसके लिए तत्काल समन्वित अंतर्राष्ट्रीय कार्रवाई की आवश्यकता है।

■ पाकिस्तान के प्रतिनिधि आसिम इफ्तिखार अहमद ने तालिबान पर आतंकी समूहों की सहायता करने और उन्हें बढ़ावा देने का आरोप लगाया था

## अमेरिका की खूंखार अपराधियों की सूची में 89 भारतीय शामिल

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने अवैध प्रवास और अपराध के खिलाफ अपनी सख्त नीति को और तेज करते हुए 89 भारतीय नागरिकों को **'Worst of the Worst'** यानी सबसे खतरनाक अपराधी की सूची में शामिल किया है।

यह सूची अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) द्वारा एक नई सार्वजनिक वेबसाइट पर जारी की गई है, जिसमें गंभीर अपराधों में दोषी पाए गए अवैध प्रवासियों का विवरण दिया गया है। विभाग की ओर से शुरू की गई इस वेबसाइट में अपराधियों के नाम, तस्वीरें, राष्ट्रीयता और उनके द्वारा किए गए अपराधों की जानकारी सार्वजनिक की गई है। विभाग का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य अमेरिकी नागरिकों को यह दिखाना है कि किन आपराधिक अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार कर उनके समुदायों से हटाया गया है। वेबसाइट के शुरुआती संदेश में बताया गया है कि इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (आईसीई) द्वारा गिरफ्तार किए गए सबसे गंभीर अपराधियों को प्राथमिकता के आधार पर चियूएसहत किया जा रहा है। इसमें हत्या, यौन अपराध, ड्रग तस्करी और हिंसक अपराधों में शामिल लोगों को सबसे पहले सूचीबद्ध किया गया है। डीएचएस ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर भी इस वेबसाइट की जानकारी साझा करते हुए कहा कि अब आम लोग खुद देख सकते हैं कि किन अपराधियों को पकड़ा गया है, उयूएसहोंने क्या अपराध किए और उयूएसहें किन इलाकों से हटाया गया।

## मैंडेलसन की नियुक्ति पर स्टारमर ने सार्वजनिक मांगी माफी

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने अमेरिका में ब्रिटेन के राजदूत के रूप में पीटर मैंडेलसन की नियुक्ति को लेकर सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है। अमेरिका के यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के साथ मैंडेलसन के कथित संबंधों को लेकर विवाद गहराने के बाद स्टारमर ने यह कदम उठाया। स्टारमर ने फरवरी 2025 में मैंडेलसन को अमेरिका में राजदूत नियुक्त किया था। बाद में एपस्टीन से उनके संबंधों को लेकर उठे विवाद के बीच सितम्बर में उन्हें पद से हटा दिया गया। रविवार को मैंडेलसन ने लेबर पार्टी से अपने इस्तीफे की भी घोषणा की। गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्टारमर ने कहा कि एपस्टीन के पीड़ितों ने न्याय में देरी और जवाबदेही से वंचित होने का अनुभव किया है


# कश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा बनेगाः शहबाज

## पाकिस्तानी पीएम बोलेः कश्मीरियों के साथ मजबूती से खड़े, यह इलाका पाक की लाइफ लाइन है

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पीओके में कश्मीर को लेकर एक बार फिर विवादित बयान दिया है। मुजफ्फराबाद में विधानसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 'कश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा बनेगा।' शहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान कश्मीरियों के साथ मजबूती से खड़ा है और जम्मू-कश्मीर विवाद का हल कश्मीर के लोगों की इच्छा के मुताबिक होना चाहिए।

शहबाज ने कहा कि जम्मू-कश्मीर विवाद का समाधान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के प्रस्तावों को लागू करने से ही हो सकता है। उन्होंने कहा कि मैं पाकिस्तानी लोगों और पाकिस्तानी नेतृत्व की ओर से कश्मीर के अपने भाइयों के साथ एकजुटता दिखाने आया हूं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना ने इस क्षेत्रा को पाकिस्तान की लाइफ लाइन बताया था। शहबाज ने यह भी कहा कि पाकिस्तान क्षेत्रा में शांति चाहता है, लेकिन यह शांति बराबरी और न्याय के आधार पर ही संभव है। हर साल की तरह इस साल भी 5 फरवरी को पाकिस्तान में कश्मीर एकजुटता दिवस (कश्मीर सालिडैरिटी डे) मनाया गया। इसमें रैलियां, प्रदर्शन और सेमिनार आयोजित किए गए। स्टेट रन रेडियो पाकिस्तान ने बताया कि संघर्ष में जान गंवाने वालों की याद में सुबह 10 बजे एक मिनट का मौन रखा गया। लोग बैनर और प्लेकार्ड लेकर आए थे। भारत ने पाकिस्तान के दावों को लगातार खारिज किया है। नई दिल्ली का साफ कहना है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न अंग थे, हैं और हमेशा रहेंगे। शहबाज शरीफ ने कहा कि कश्मीर का मुद्दा पाकिस्तान की फारेन पालिसी का आधार है। शहबाज ने भारत और पाकिस्तान के बीच मई 2025 में हुए चार दिवसीय सैन्य संघर्ष को भी याद किया। उन्होंने दावा किया कि इस संघर्ष के बाद कश्मीर मुद्दा एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पूरी ताकत के साथ उठाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत अब प्राक्सी के जरिए आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। पाकिस्तान मिलिटेंट ग्रुप बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) को भारत का समर्थन मिलने का दावा करता है, जबकि भारत ऐसे आरोपों को हमेशा खारिज करता रहा है। शहबाज ने सभा में कहा कि कश्मीर की लड़ाई फिलिस्तीन की तरह है। उन्होंने दोनों मुद्दों को न्याय और आत्म-निर्णय की लड़ाई बताया। पाकिस्तानी पीएम ने अलगाववादी और उग्रवादी आंदोलनों से जुड़े कई लोगों का भी जिक्र किया। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने भी एक बयान जारी कर कश्मीरियों के लिए पाकिस्तान के नैतिक, कूटनीतिक और राजनीतिक समर्थन की बात दोहराई।

■ पाक के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना ने इस क्षेत्र को पाकिस्तान की लाइफ लाइन बताया था



## तारिक रहमान आठ को बीएनपी की रैली को करेंगे संबोधित

**ढाका।** बंगलादेश में चुनाव प्रचार अपने अंतिम चरण में प्रवेश कर रहा है, ऐसे में बंगलादेश राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) के अध्यक्ष तारिक रहमान आठ फरवरी को ढाका के नयापल्टन इलाके में पार्टी की अंतिम चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। यह रैली दोपहर दो बजे शुरू होने वाली है, जिसमें रहमान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। बीएनपी के वरिष्ठ संयुक्त महासचिव रुहुल कबीर रिजवी ने गुरुवार को पार्टी के नयापल्टन केंद्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों को यह जानकारी दी। रिजवी ने कहा कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और ढाका और आसपास के निर्वाचन क्षेत्रों से बीएनपी के उम्मीदवार रैली में शामिल होंगे।

# ऑपरेशन सिंदूर से मिले सब को अमल में लाने की जरूरतः एयर मार्शल मिश्रा

**नई दिल्ली।** पश्चिमी वायु कमान के प्रमुख एयर मार्शल जीतेन्द्र मिश्रा ने ऑपरेशन सिंदूर से मिले सबकों को महत्वपूर्ण बताते हुए भविष्य के युद्धों और अभियानों में इनकी भूमिका पर बल दिया है।

कमान के सीनियर एयर स्टाफ ऑफिसर एयर मार्शल जे एस मान ने भी सेनाओं के बीच पारस्परिक संचालन क्षमता बढ़ाने, डोमेन-निरपेक्ष निर्णय प्रक्रिया को प्रोत्साहित करने, 'सेंसर-टू-शूटर' संपर्कों को सुदृढ़ करने तथा अधिक दक्षता के लिए संचालन प्रक्रियाओं में सुधार को जरूरी बताया। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि पश्चिमी वायु कमान मुख्यालय ने दो दिन के 'ऑल डोमेन जॉइंट ऑपरेशंस' अभ्यास के दौरान उच्चस्तरीय संयुक्त संचालन सम्मेलन का आयोजन किया। इसका उद्देश्य संचालन स्तर पर अंत सेना और अंतर-सेना समन्वय को सुदृढ़ करना था जिससे कि बढ़ते जटिल बहु-डोमेन माहौल में भारतीय रक्षा बलों की संयुक्त संचालन क्षमताओं को और अधिक मजबूत किया जा सके।

सम्मेलन में मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ , सेना, नौसेना, रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी तथा रक्षा खुफिया एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ वायु सेना के वरिष्ठ नेतृत्व ने भाग लिया। एयर मार्शल मिश्रा ने ऑपरेशन सिंदूर से प्राप्त महत्वपूर्ण सबकों तथा भविष्य के युद्ध संचालन पर उनके व्यापक प्रभावों को रेखांकित किया। उन्होंने निर्णायक रणनीतिक प्रभाव उत्पन्न करने में वायु शक्ति की केंद्रीय भूमिका, सतही युद्धाभ्यास को आक्रामक वायु अभियानों के साथ समन्वित करने की आवश्यकता तथा स्टैंड-ऑफ हथियारों के प्रयोग से प्राप्त रणनीतिक लाभ को विशेष रूप से उजागर किया। उन्होंने 1971 की लड़ाई की पारंपरिक क्षरण-आधारित युद्ध अवधारणाओं तथा पारंपरिक 'इफेक्ट्स-बेस्ड ऑपरेशंस' ढांचे से आगे बढ़ते हुए अधिक फुर्तीले, अनुकूलनीय एवं पूर्णतः एकीकृत संयुक्त युद्धक प्रतिमान को अपनाने का आह्वान किया।

## मोसाद के लिए जासूसी करने के आरोप में दो गिरफ्तार

**इस्तांबुल।** तुर्की के अधिकारियों ने इजरायल की खुफिया एजेंसी 'मोसाद' के लिये जासूसी करने के संदेह में इस्तांबुल में दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया है। इस्तांबुल मुख्य लोक अभियोजक कार्यालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

संदिग्धों को 'मोनिटम' नामक एक जासूसी अभियान के तहत हिरासत में लिया गया। यह अभियान अभियोजक कार्यालय और इस्तांबुल पुलिस विभाग की आतंकवाद विरोधी शाखा के समन्वय में तुर्की के राष्ट्रीय खुफिया संगठन द्वारा चलाया गया था। तुर्की के सरकारी समाचार चैनल टीआरटी की रिपोर्ट के अनुसार, जांचकर्ताओं ने बताया कि दोनों संदिग्धों ने मुख्य रूप से इजरायली नीतियों का विरोध करने वाले फिलिस्तीनियों के साथ सामाजिक और व्यावसायिक संपर्क स्थापित किये और फिर खुफिया जानकारियां एकत्र की। उन्होंने व्यक्तियों, स्थानों और नेटवर्क से संबंधित जानकारी इजरायली खुफिया एजेंसी को पहुंचाई। सुरक्षा स्रोतों के हवाले से टीआरटी ने बताया कि संदिग्धों में से एक ने कई यूरोपीय देशों में मोसाद के कई एजेंटों के साथ बैठकें की थीं। उस पर गाजा में प्रवेश करने की अनुमति प्राप्त करने की कोशिश करने का भी आरोप है, जहां उसने कथित तौर पर गोदाम के लिए रेकी की और उनकी तस्वीरें इजरायली खुफिया विभाग को भेजीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि कानूनी प्रक्रिया जारी रहने तक दोनों संदिग्ध हिरासत में रहेंगे।



